ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 10 मई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 96 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

रोहित रॉय पहली बार किसी रियलिटी ... पेज 12 पर

खरगोन में बस नदी में गिरी, 22 यात्रियों की मौत

एजेंसी। खरगोन/भोपाल

मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में अनियंत्रित बस के पुल से नीचे गिरने के हादसे में मरने वालों की संख्या 22 हो गई है। वहीं लगभग 30 यात्री घायल हुए हैं। इस मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मृतकों के परिजनों और घायलों को आर्थिक सहायता के साथ उपचार के इंतजाम के निर्देश दिए है। जानकारी के अनुसार श्रीखंडी से इंदौर की तरफ बस जा रही थी, तभी यह अनियंत्रित होकर डोंगरगांव-दसंगा के बीच बोराड नदी के पुल से नीचे गिर गई। इस नदी में पानी नहीं था। यह हादसा खरगोन-ठीकरी रोड पर दसंगा के पास हुआ। इस हादसे में 22 यात्रियों की मौत हुई है। यह हादसा मंगलवार

की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे हुआ। जिला प्रशासन के अनुसार इस हादसे में 22 की मौत हुई है उनमें 9 पुरुष, 9 महिलाएं और तीन बच्चे हैं। घायलों की संख्या 30 है। सभी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। बस नदी पर बने पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए लगभग 50 फुट नीचे जा गिरी। इसमें बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई और ग्रामीणों और बस में ही सवार लोगों ने राहत व बचाव कार्य शुरू किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरगोन में हुई बस दुर्घटना पर अपनी संवेदनाएं और दुख व्यक्त किया है। साथ ही मृतकों के परिवारजनों को चार लाख रुपए की सहायता राशि, गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार, कम एवं साधारण घायलों को 25 हजार और दुर्घटना में घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था मध्यप्रदेश सरकार द्वारा की जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने इस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, खरगोन जिले में एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है।

पीएम ने जताया दुख, की अनुग्रह राशि की घोषणा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के खरगोन में हुए भीषण सड़क हादसे पर अत्यंत दुख जताते हुए हताहतों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मंगलवार को प्रधानमंत्री ने खरगोन में हुए सड़क हादसे को अत्यंत दुखद बताया। इस दुर्घटना जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, प्रधानमंत्री ने उनके प्रति गहरी शोक-संवेदनाएं व्यक्त की हैं। साथ ही सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन मौके पर हरसंभव मदद में जुटी है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार खरगोन बस दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये अनुग्रह राशि दी जाएगी।

कोडरमा कारा में बंद युवक की मौत

कोडरमा। दहेज उत्पीड़न के मामले में कोडरमा मंडल कारा में बंद एक युवक की मंगलवार सुबह मौत हो गई। मृतक विवेक कुमार यादव (28) हजारीबाग जिले के चलकुसा प्रखंड अंतर्गत मसानी गांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि युवक की पत्नी काजल देवी ने 2020 में न्यायालय में उसके खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में गत 17 मार्च 2023 से वह कोडरमा जेल में बंद था। जेल अधिकारियों के अनुसार उसे सीने में दर्द की शिकायत के बाद सदर अस्पताल कोडरमा में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मणिपुर से एयरलिफ्ट कराए गए झारखंड के 21 विद्यार्थी

बिहार सरकार ने की मदद

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जातीय हिंसा में झुलस रहे मणिपुर में फंसे झारखंड के 21 छात्रों को एयरलिफ्ट करा लिया गया है। राज्य के लगभग एक दर्जन छात्र अब भी मणिपुर में हैं। वहां से जो लौटना चाहेंगे, उन्हें झारखंड लाने की व्यवस्था राज्य सरकार की ओर से की जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड के छात्रों की सकुशल वापसी सुनिश्चित करने के लिए स्पेशल सेल बनाया गया है, जो रविवार से ही उनसे संपर्क साधने में जुटा है।

जो 21 छात्र मंगलवार को एयरलिफ्ट किए गए हैं, वे प्लेन से पटना लाए गए। इन्हें वहां से एसी बस से रांची लाया जा रहा है। 3 छात्र पटना में ही अपने स्थानीय अभिभावकों के पास रुक गए हैं। झारखंड सरकार ने छात्र-छात्राओ को लाने के लिए अधिकारियों की टीम को पटना भेजा था।

लगभग 11.30 बजे पटना एयरपोर्ट से रांची के लिए बस रवाना हुई है। बिहार पहुंचे सभी छात्रों का स्वागत अधिकारियों ने गुलाब का फूल दे कर किया।

NEWS इन ब्रीफ

आज रांची आयेंगे नीतीश, सीएम हेमंत से करेंगे मुलाकात

रांची। झारखंड की सियासत के लिए आज बड़ा दिन होगा। दो पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्री विपक्षी एकता को मजबूत करने के लिए एकजुट होंगे और भविष्य की राजनीति को लेकर मंथन करेंगे। बिहार के सीएम नीतीश कुमार का बुधवार को रांची आगमन होगा। वे झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर शाम 4 बजे विशेष विमान से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के साथ नीतीश कुमार रांची पहुंचेंगे।

रामगढ़ में बोलेरो- कंटेनर की टक्कर, दो की मौत

रामगढ़। कुज्जू ओपी क्षेत्र में बोंगाबार बाईपास सड़क के पास सोमवार देर रात बोलेरो एवं कंटेनर में टक्कर में दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बाईपास रोड पर मरम्मत का कार्य चल रहा है, जिससे सड़क को वनवे कर दिया गया था। इसी दौरान बोलेरो और कंटेनर की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई।

राजधानी में वारंट-समन की ऑनलाइन निगरानी

मानिटरिंग के लिए भी बना सिस्टम

सॉफ्यवेयर बनाया गया, कार्यालय भी खुला

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी में अब वारंट और समन की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सकेगी। इसके जरिए संबंधित थानों को वारंट और समन कब भेजे गए हैं उनका तामिला कब हुआ, इसकी निगरानी सीनियर अफसर भी कर सकेंगे। ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम की वजह से वारंट और समन का तमिला जल्द होगा और समय पर लोग कोर्ट में उपस्थित हो सकेंगे।

रांची के सिटी एसपी शुभांसु जैन ने बताया कि वारंट और समन लोगो तक तय समय पर पहुचे इसके लिए एक बड़ा प्रयास पुलिस मुख्यालय के सहयोग से राजधानी में शुरू किया जा रहा है। कोर्ट में एक पुलिस कार्यालय खोल दिया गया है। कार्यालय में वैसे पुलिसकर्मियों को पदस्थापित किया जा रहा है जो कंप्यूटर में दक्ष हैं। कोशिश यह है ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



आमलोगों को फायदा

हम सब यह जानते हैं कि कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद कोर्ट की बाकी औपचारिकता पूरी करने के बाद ही से संबंधित थानों को भेज आता है। थाने में वारंट और समन काफी दिनों तक लंबित भी रहता है, कई बार संबंधित व्यक्ति को समय पर समन ही नहीं मिलता है। जानकारी के अभाव में संबंधित व्यक्ति समय पर कोर्ट नहीं पहुंच पाता है और उसके खिलाफ वारंट जारी होता है।

ट्रेंड किया गया पुलिसकर्मियों को भी

रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने बताया कि पूर्व से जमशेदपुर में यह कार्य सफलता के साथ किया जा रहा है। इसकी शुरूआत अब राजधानी रांची में भी चंद दिनों के भीतर होनी है। इसके लिए बकायदा पुलिस कर्मियों का चयन किया गया है और उन्हें इसकी ट्रेनिंग भी दी गई है। गौरतलब है कि केवल राजधानी रांची में ही 10,000 से ज्यादा वारंट पेंडिंग है। अब जो भी वारंट भेजे जाएंगे उसकी मॉनिटरिंग एसएसपी ऑफिस से होगी।

मैन पावर भी बचेगा

अब तक कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद वह एसएसपी ऑफिस तक आता था। जिसके बाद या तो एसएसपी ऑफिस का पुलिसकर्मी उसे थानों तक पहुंचाता था, या फिर संबंधित थाना का पुलिस कर्मी उसे आकर एसएसपी ऑफिस रिसीव करता और फिर उसका तामिला करवाता था। तामिला करवाने के बाद फिर एक बार एसएसपी ऑफिस में जकात वारंट को जमा करना होता था। लेकिन ऑनलाइन सिस्टम के शुरू होने के बाद पुलिस के मैन पावर में भी बचत होगी।

जमशेदपुर के युवक की हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के तमाड़ में एक सप्ताह पहले हुए अनूप दास हत्याकांड का पुलिस ने खुलाशा कर लिया है।जमशेदपुर के रहने वाले अनूप दास की हत्या एक लाख रुपये लूटने के बाद अपराधियों ने कर दी थी, मामले में पुलिस ने तीन अपराधियो को गिरफ्तार कर लिया है। रांची पुलिस ने 02 मई को तमाड़ में जमशेदपुर के युवक अनूप कुमार दास की हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। इस वारदात को अपराधियों ने अनूप से एक लाख रुपए लूटने के बाद अंजाम दिया था। हत्याकांड में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कट लिया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में सत्यजीत पाठक, राजेश लोहरा और बिपिन सिंह मुंडा शामिल है।तीनों अपराधी तमाड़ थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने अपराधियों के पास से लूटा हुआ एक लाख रुपए नगद के अलावा तीन फोन और हत्या में प्रत्युक्त किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि मोबाइल लोकेशन के आधार पर तीनों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया

पोस्ता दाना खरीदने के लिए तमाड़ पहुंचा था अमित

ग्रामीण एसपी ने बताया कि अनूप कुमार दास जमशेदपुर के मानगो स्थित टीचर्स कॉलोनी के रहने वाले अनूप की आरोपी सत्यजीत पाठक से पुरानी जान पहचान थी। अनूप ने सत्याजीत से अफीम पोस्ता दाना मुहैया कराने की बात कही, तब आरोपी सत्याजीत ने उससे कहा कि उसकी जान पहचान अफीम की खेती करने वालों के साथ है। पैसा लेकर तमाड़ आएं, दाना दिलवा दिया जाएगा। पोस्ता दाना खरीदने के लिए अनूप दो मई को तमाड़ पहुंचा था।

है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि राजेश लोहरा शातिर अपराधी है और वह कई मामलों में जेल भी जा चुका है।

तीनों ने लूट कर हत्या करने की बनायी थी योजना

अनूप से बातचीत होने की जानकारी आरोपी सत्यजीत ने अपने साथी राजेश और विपिन को दी। तीनों ने मिलकर अनूप से पैसे लूटने की योजना बनायी। दो मई को अनूप पैसे लेकर तमाड़ पहुंचा और आरोपी सत्याजीत से मिला, इसी दौरान सत्याजीत समेत तीनों ने अनूप पर हमला कर दिया। शरीर के कई हिस्सों में अनूप को चाकू से वार किया गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तीनों ने स्कूटी पर अनूप को रखा और जंगल में ले जाने लगे, रास्ते में ठोकर लगने से शव जमीन पर गिर गया। आसपास में मौजूद लोगों ने यह देखकर शोर मचाया, तब तीनों भाग निकले थे।

देश में 2027 तक 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले

डीजल से चलनेवाले चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध

ब्यूरो। नई दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से गठित पूर्व तेल सचिव तरुण कपूर की अध्यक्षता वाली समिति ने देश में 2027 तक 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में डीजल से चलने वाले चार पहिया वाहनों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाकर बिजली और गैस से चलने वाले वाहनों का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया है। रिपोर्ट में पेट्रोल व डीजल इंजन वाले मोटरसाइकिल, स्कूटर और तिपहिया वाहनों को भी

2035 तक चरणबद्ध तरीके से हटाने का सुझाव दिया गया है। इसमें 10-15 साल तक सीएनजी के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है। समिति ने अपनी रिपोर्ट इस साल फरवरी में सौंपी थी। इसे सरकार ने अभी तक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

हजारीबाग में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर की गोली मारकर हत्या

हजारीबाग। जिले के बड़कागांव प्रखंड स्थित एनटीपीसी साइट ऑफिस के निकट अपराधियों ने ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर का नाम शरद बाबू है, जो हैदराबाद के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि वह अपने वाहन से कार्यालय जा रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई जबकि उनका बॉडीगार्ड राजेंद्र प्रसाद गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल में चल रहा है।

पूर्व सब जोनल कमांडर के बेटे की हत्या मामले में दो गिरफ्तार, जेल

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

गत तीन मई को हेरहंज थाना क्षेत्र के बिदिर गांव में पूर्व माओवादी सब जोनल कमांडर बासुदेव गंझू उर्फ गोपाल जी के पुत्र सकलदीप गंझू का शव कुआं से बरामद किया गया था। प्रथम दृष्टतया प्रतीत हो रहा था कि हत्या कर शव को कुएं में फेंका गया है। शव बरामद होने के बाद पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर एसडीपीओ अजीत कुमार के नेतृत्व में एक एसआईटी का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

गढ़वा में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

गढ़वा। पुलिस और सीआरपीएफ-172 की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान के दौरान मंगलवार को कुदगरा पहाड़ के पास से भारी मात्रा में विस्फोटक सहित अन्य समान बरामद किया है। बरामद समान में 16 पीस पांच किलो सिलिंडर, पांच पीस 2.5 किलोग्राम सिलेंडर, तीन हमाम दस्ता, एक जंग लगी हैंड ड्रिल मशीन, 2 1/2 किलो स्टील कंटेनर, 60 वाटर चेक वाल्व, 10 बॉल बेयरिंग, चार छाता स्टैंड, एक पांच किलो केन आईईडी और कॉर्डटेक्स तार शामिल है। सुरक्षाबलों ने विस्फोटकों को उसी स्थान पर नष्ट कर दिया, जबकि अन्य समान को जब्त कर लिया।

सजायाफ्ता गैंगस्टर अनिल शर्मा को बाईपास सर्जरी की जरूरत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

गैंगस्टर अनिल शर्मा के सीने में दर्द की शिकायत के बाद रिम्स में उसकी एंजियोग्राफी कराई गई, जिसमें हार्ट ब्लॉकेज की समस्या सामने आई। उसे अब बाईपास सर्जरी की जरूरत है। रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने मंगलवार को बताया कि अनिल शर्मा की एंजियोग्राफी जांच करायी गयी, जिसमें हार्ट में ब्लॉकेज की पुष्टि हुई है। उसे रिम्स के कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) के डॉ विनित महाजन के अंदर में रेफर कर दिया

गया है। सीटीवीएस विभाग के डॉ विनित ने बताया कि जांच के दौरान यह सामने आया कि उसके हार्ट की तीनों नसों में ब्लॉकेज है। बाईपास सर्जरी करनी पड़ेगी, जिसकी जानकारी मरीज को दे दी गयी है। इससे पूर्व बीते ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सुनवाई

समलैंगिक विवाह पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा

क्या किसी को शादी करने का मौलिक अधिकार है?

एजेंसी। नई दिल्ली

सेम सेक्स मैरिज के मुद्दे पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूछा कि क्या किसी को शादी करने का मौलिक अधिकार है, या क्या शादी करने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है और इस बात पर जोर दिया कि संविधान खुद परंपरा तोड़ता है। भारत के चीफ जस्टिल डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने मध्य प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से पूछा, समान लिंग के मुद्दे को भूल जाइए, क्या किसी को शादी करने का मौलिक अधिकार है? द्विवेदी ने कहा कि अब तक शादी दो विषम लैंगिक व्यक्तियों के बीच होती आई है। बेंच में शामिल

जस्टिस एस.के. कौल, एस. रवींद्र भट, हिमा कोहली और पी.एस. नरसिम्हा ने कहा कि यह विषमलैंगिकता पर नहीं है, क्या इस देश के किसी भी नागरिक को ये अधिकार है? हमने इतने सारे अधिकार खोज लिए हैं।

न्यायमूर्ति भट ने पूछाः क्या यह अनुच्छेद 21 का हिस्सा है या इसका हिस्सा नहीं है? फ्री स्पीच का अधिकार, संगठन बनाने का अधिकार.. कोई अधिकार अपने आप में पूर्ण नहीं है। अगर हम उस आधार से शुरू करते हैं। क्या जीवन के अधिकार में शादी करने का अधिकार है? पीठ ने द्विवेदी से बहस इस विषय पर शुरू नहीं करने को कहा कि समान लिंग के लोगों को शादी करने का अधिकार नहीं है। द्विवेदी ने कहा कि विषमलैंगिक जोड़ों को अपने रिवाज, व्यक्तिगत कानून और धर्म के अनुसार शादी करने का अधिकार है और यही उनके अधिकार की नींव है।

मुख्य न्यायाधीश ने कहाः इसलिए, आप इस तथ्य को स्वीकार करते हैं कि संविधान के तहत शादी करने का अधिकार है, लेकिन यह केवल आपके अनुसार विषमलैंगिक व्यक्तियों तक ही सीमित है। न्यायमूर्ति भट ने कहाः रीति-रिवाज, संस्कृति, धर्म.. 50 साल पहले अंतजार्तीय विवाह की अनुमति नहीं थी। यहां तक कि अंतर-धार्मिक विवाह भी अनसुना कर दिया गया था, इसलिए विवाह का संदर्भ बदल गया है।

द्विवेदी ने कहाः ये परिवर्तन कानून द्वारा लाए गए हैं और विधायिका रीति-रिवाजों को बदल सकती है। संविधान केवल संबंध, संघ बनाने का मौलिक अधिकार देता है, जो कि अनुच्छेद 19 (1) (सी) में है जिसे रेगुलेट किया जा सकता है। विवाह समाज के विकास के चलते सामाजिक संस्थाओं में परिणत हुआ है, और विवाह का अधिकार जो सामाजिक संस्थाओं के एक भाग के रूप में मौजूद था, एक विशेष तरीके से रहने के अधिकार में समायोजित किया जाएगा। न्यायमूर्ति भट ने कहाः संविधान ने कुछ भी प्रदान नहीं किया है। यह केवल मान्यता ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

एनएबी के आदेश पर पाक रेंजर्स ने इमरान खान को गिरफ्तार किया

एजेंसी। इस्लामाबाद

राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के आदेश पर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पाकिस्तान रेंजर्स ने मंगलवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के बाहर से गिरफ्तार कर लिया। खान ने एनएबी द्वारा दर्ज अल-कादिर ट्रस्ट मामले में जमानत की मांग करते हुए आईएचसी के समक्ष पेश होने के लिए अपने लाहौर निवास से इस्लामाबाद की यात्रा की थी। हालांकि, आईएचसी पहुंचने पर, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख को रेंजर्स ने गिरफ्तार कर लिया और उसे एनएबी कार्यालय ले गए।

एनएबी अधिकारियों के मुताबिक, अल-कादिर ट्रस्ट मामले में पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ

गिरफ्तारी वारंट 1 मई को जारी किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि गिरफ्तारी उसी संदर्भ में की गई। गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए पीटीआई के वकील फैसल चौधरी ने कहा कि जैसे ही खान आईएचसी पहुंचे, बड़ी संख्या में रेंजर्स सैनिकों ने अदालत परिसर को घेर लिया। उन्होंने यह भी कहा कि पीटीआई के वकीलों और समर्थकों पर हमला किया गया। चौधरी ने कहा, इमरान खान को आईएचसी के बाहर रेंजर्स द्वारा गिरफ्तार किया गया है। वकीलों को प्रताड़ित किया जा रहा है और पीटीआई कार्यकर्ताओं और समर्थकों को भी गिरफ्तार किया जा रहा है। आईएचसी के मुख्य न्यायाधीश ने परिसर के बाहर गिरफ्तारी का नोटिस लिया, इस्लामाबाद पुलिस प्रमुख, आंतरिक मंत्रालय के सचिव और अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल को तुरंत अदालत में पेश होने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि अगर अधिकारी 15 मिनट के भीतर पेश नहीं हुए तो वह प्रधानमंत्री को तलब करेंगे। इस्लामाबाद के महानिरीक्षक आमिर जुल्फिकार खान ने कहा, इमरान खान को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। स्थिति नियंत्रण में है।

कांग्रेस के निरंजन कुमार सिन्हा 250 कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में हुए शामिल

जनता सरकार को चुनाव में सबक सिखायेगी : दीपक प्रकाश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

प्रदेश भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को निरंजन सिन्हा के नेतृत्व में कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा के 250 के करीब कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश अध्यक्ष और राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने निरंजन कुमार सिन्हा को भाजपा का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया। बाबाधाम से आए पंडितों ने मंत्रोच्चारन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। दीपक प्रकाश ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस और झामुमो पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव से पहले भाजपा का दामन थाम रहे हैं। यह दशार्ता है कि कार्यकर्ताओं को भी समझ आने लगा है कि ये पार्टियां अब डूब रही है। ऐसे में 2024 के विधानसभा चुनाव में कमल फूल खिलना तय है। झारखंड की जनता हेमंत सरकार को चुनाव में उखाड़ फेकेंगी। इस दौरान निरंजन सिन्हा ने कहा कि 2014 चुनाव में मैं भाजपा के साथ ही था। यह भाजपा के साथ मेरी दूसरी पारी है। अब अगले लोकसभा चुनाव में फिर से कमल खिलना चाहिए। विधानसभा चुनाव में भी झामुमो और कांग्रेस को उखाड़ फेंकना है। निरंजन कुमार सिन्हा इससे पूर्व कांग्रेस पार्टी में थे। पिछले दिनों देवघर में भाजपा कार्यालय भवन के शिलान्यास समारोह में प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह देवघर आये थे। इस दौरान बंद कमरे में प्रदेश के इन दो शीर्ष नेताओं के साथ एनके सिन्हा की बातचीत हुई। इस दौरान महगामा विधानसभा और वहां की कुर्मी बहुल आबादी के संबंध में नेताओं के बीच चर्चा हुई।

प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी भीषण आग

रांची। ओरमांझी थाना क्षेत्र के हुटुप स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री में मंगलवार को भीषण आग लग गयी। अगलगी से वहां अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और फैक्ट्री के कर्मियों ने खुद से ही आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वो सफल नहीं हुए। इसके बाद मामले की जानकारी अग्निशमन विभाग और ओरमांझी थाने को दी गई। लगभग छह दमकल के वाहन मौके पर पहुंचे और लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। थाना प्रभारी ने बताया कि आग को बुझा लिया गया है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

ममेरे भाई की शादी में शामिल होने ननिहाल जाएंगे मुख्यमंत्री

नवीन मेल संवाददाता।

रांची मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 22 मई को जमशेदपुर जिले के चांडिल प्रखंड के धातकीडीह गांव में अपनी ननिहाल में ममेरे भाई की शादी में शामिल होंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को जिला प्रशासन ने गांव पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री के मामा लखीराम किस्कू के पुत्र धरम किस्कू की शादी 22 मई को होना निश्चित हुआ है। मुख्यमंत्री अपने ननिहाल में होने वाली शादी समारोह में सपरिवार आएंगे और 23 मई की रिसेप्शन पार्टी में भी शरीक होंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। मंगलवार को उपायुक्त अरबा राजकमल, पुलिस अधीक्षक प्रकाश आनंद आदि जिला प्रशासन की पूरी टीम धातकीडीह गांव पहुंचे। पदाधिकारियों ने हेलीपैड स्थल और गांव की सड़कों का जायजा लिया। प्रशासन ने गांव में चल रही तैयारियों का भी जायजा लिया।

गलती विवि की, भुगत रहे छात्र

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में यूजी सेशन 2017-20 एवं 2018-21 जी.ई. पेपर परीक्षा में हो रही समास्याओं को लेकर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मिला। मौके पर अभिषेक शुक्ला ने कहा की स्नातक सत्र 2017झ्र20 एवं 2018-21 में विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार एक ही जेनेरिक पेपर की परीक्षा कराई गई थी परंतु अब अचानक कोर्स पूरा हो जाने के दो वर्षों के बाद दूसरे जेनेरिक पेपर के परीक्षा का नोटिफिकेशन विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया है। जिससे विश्वविद्यालय के उस सत्र के छात्र-छात्राएं काफी परेशान और हताश है। कई ऐसे छात्र है जिन्होंने परिस्थितिवश पढ़ाई छोड़ दी, और बहुत सारे छात्र-छात्राएं अपने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए झारखंड से बाहर दूसरे राज्यों में रह रहे हैं तो कई विभिन्न स्थान पर नौकरी कर रहे हैं। ऐसी कई गलतियां विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा पहले बारंबार की गई हैं और अब भी परीक्षा विभाग के गलतियों के कारण पूरे विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है, जो आजसू कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) सत्र 2017-20 एवं 2018-21 के छात्र छात्राओं के हितार्थ निम्नलिखित मांग करती हैः 1. सत्र 2017-20 एवं 2018-21 के छात्र छात्राओं का एवरेज मार्क्स निकालकर उस मार्क्स को जोड़कर नया रिजल्ट प्रदान किया जाए। 2. अगर एवरेज मार्क्स निकालकर मूल्यांकन करना संभव नहीं है तो छात्र छात्राओं की परीक्षा ऑनलाइन मोड में हो ताकि जो छात्र छात्राएं रांची से बाहर चले गए हैं, उन्हें किसी प्रकार के परेशानी का सामना ना करना पड़े। 3. अगर इसमें भी विश्वविद्यालय को परेशानी है तो चारों सेमेस्टर के जेनेरिक पेपर की परीक्षा ऑनलाइन 10 दिन में करवाया जाए और छात्र छात्राओं का परीक्षा फल एक माह के अंदर प्रकाशित किया जाए ताकि छात्र छात्राओं को किसी भी जगह एडमिशन लेने अथवा किसी भी परीक्षा का फॉर्म भरने में परेशानी का सामना ना करना पड़े। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) छात्रहित में विश्वविद्यालय प्रशासन मांग किया कि उपरोक्त विषय के विभिन्न बिंदुओं पर विचार कर विश्वविद्यालय एक उचित निर्णय लें जिससे कि विश्वविद्यालय के हजारों छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकार में ना जाए और वह आगे की पढ़ाई सुचारू रूप से बिना किसी परेशानी के जारी रख सके। अगर जल्द ही इसपर निर्णय नहीं लिया गया तो आजसू विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी। वही रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने आजसू के सदस्यों को भरोसा दिलाया की जल्द ही इसपर उचित निर्णय लिया जाएगा और किसी भी विद्यार्थीयों को परेशानी नहीं होगी। मौके पर ओम वर्मा, चेतन सिंह, विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, गिलमन अनवर, अमित तिर्की, विक्रम कुमार यादव, विशाल यादव, विपिन कुमार यादव के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

छात्र-छात्राओं को पुराने अंक के अनुसार मूल्यांकन किया जाए : अमन अहमद

रांची। मंगलवार को एनएसयूआइ के रांची कार्य जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने पत्रकारों के समक्ष अपनी बातों को रखते हुए कहा कि सत्र 2017 से 2020 एवं 2018 से 2021 के जेनरिक पेपर 2 में छात्र छात्राओं को पुराने अंक के अनुसार एक एवरेज निकालकर मूल्यांकन किया जाए, एवरेज मार्क्स निकालकर मूल्यांकन संभव है, क्योंकि कोविड के समय इस तरह की कार्य की गई है। इतने सालों तक इस गलती पर विश्विद्यालय, कॉलेज द्वारा कोई पहल नहीं की गई, पूर्व के 70% छात्र नियोजन कार्यों, शिक्षा या अन्य कारणों से बाहर चले गए है, खास कर वैसी छात्राएं जिनकी शादी हो गई हैं या अन्य कार्यों में व्यस्त हैं वैसे लोगों की संख्या अधिक है जो परीक्षा देने से वंचित हो जाएंगे।

झारखंड में तपती धूप ने बढ़ाई परेशानी

रांची। झारखंड में चिलचिलाती धूप लोगों को परेशान करने लगी है। दोपहर में मालूम पड़ता है कि सूरज आग उगलने लगा है। लोग अपने सरों में तौलिये लपेटकर घरों से बहार निकल रहे हैं। झारखंड में तपती धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सुबह आठ बजे के बाद घर से निकलना मुश्किल हो गया है। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा तापमान गोड्डा का 47.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। सबसे कम तापमान रामगढ में 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि अभी तापमान में और वृद्धि होगी, अभी मौसम शुष्क रहेगा। तापमान में तीन से चार डिग्री की बढ़त दर्ज की जा सकती है। राज्य के कई शहरों में तापमान 40 तक पहुंच गया है। लोगों को बढ़ते तापमान से सतर्क रहने की जरूरत है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए अपनी सुविधानुसार दिनचर्या में बदलाव जरूरी है। मौसम विभाग ने कहा है कि थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। विभाग ने बताया कि 11 मई से 14 मई तक राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। हालांकि, इससे तापमान में कमी नहीं होगी। लोगों को गर्मी का एहसास होगा। उमस का भी सामना करना पड़ेगा। 13 मई तक तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी।

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

संबंधित पदाधिकारियों को दिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मंगलवार को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक अ स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अपर समाहर्त्ता रांची, निदेशक डीआरडीए, परियोजना निदेशक आईटीडीए, एलआरडीसी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, डालसा प्रतिनिधि, विभिन्न अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी अद्यतन प्रतिवेदन ससमय डालसा को समर्पित करें। राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय में लंबित मुकदमे प्रिलिटिगेशन संबंधी वाद, आपराधिक वाद, बैंक ऋण वसूलीवाद, मोटर दुर्घटना वाद, न्यायाधिकरण वाद, श्रम विवाद, माप-तौल अधिनियम के मामले, खनन, वन अधिनियम, भारतीय संचार निगम लिमिटेड (बी.एस.एन.एल) से संबंधित मामले, विद्युत तथा पानी बिल से से संबंधित विवादों आदि का निपटारा समझौते के आधार पर पक्षकारों की आपसी सहमति से निःशुल्क किया जाएगा।

जयंत जयपाल ने भोलानाथ सिंह से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जयंत जयपाल सिंह मंगलवार को हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह से मिलने रांची स्थित हॉकी झारखंड के कार्यालय पहुंचे। हॉकी झारखंड के कार्यालय में हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने जयंत जयपाल सिंह को हॉकी इंडिया का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इस मौके पर हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह भी उपस्थित थे। यह है कि जयंत जयपाल 1928 ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के पुत्र है।

कार्यालय गुमला नगर परिषद्, गुमला

वित्तीय वर्ष 2023–24
सैरात बन्दोबस्ती सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 (माह 01 जून 2023 से 31 मार्च 2024 तक) के लिए गुमला नगर परिषद् द्वारा निम्नांकित सैरातों की वार्षिक बन्दोबस्ती हेतु खुला डाक दिनांक 22.05.2022 दिन सोमवार को अपराह्न 03:00 बजे से गुमला नगर परिषद् के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी।

क्र० सं०	सैरात का नाम	न्यूनतम डाक की राशि (रू० में)	जमानत की राशि (रू० में)	आवेदन प्रपत्र शुल्क (रू० में)
1	अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गुमला कार्यालय के सामने कोर्ट परिसर में निर्मित पार्किंग क्षेत्र में साईकिल, दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन, चार पहिया वाहन एवं अन्य वाहनों की पार्किंग हेतु वार्षिक बन्दोबस्ती (दिनांक 01.06.2023 से 31.03.2024 तक के लिए)।	2,00,000/-	20,000/-	2,000/-

बैठक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति आवेदन की राशि नगर परिषद्, गुमला में जमा करते हुए आवेदन प्राप्त कर आवेदन के साथ जमानत की राशि एवं अन्य कागजात दिनांक 20.05.2023 तक कार्यालय अवधि में जमा करेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी परिस्थिति में आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे। आवेदन प्रपत्र एवं जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन के साथ जमानत की राशि जमा नहीं करने वाले व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग नहीं लेंगे। नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर परिषद् कार्यालय के सूचना पट्ट एवं संबंधित कर्मी से प्राप्त की जा सकती है। आवेदन शुल्क Non Refundable होगा। आवेदन प्रपत्र कार्यालय अवधि में दिनांक 18.05.2023 से 19.05.2023 तक निर्धारित आवेदन प्रपत्र शुल्क जमा करते हुए प्राप्त किया जा सकता है।

विशेष पदाधिकारी
गुमला नगर परिषद्, गुमला।

PR.NO.296878 District(23-24):D

ई-प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/DHANBAD/07/2023-24 दिनांकः– 08.05.2023

1.	कार्य का नाम	Repair and Other Work for Lecture Theatre at Saheed Nirmal Mahto Medical College & Hospital, Dhanbad.
2.	प्राक्कलित राशि (रू०)	Rs.71,17,900/-(Seventy One Lac Seventeen Thousand Nine Hundred) Only
3.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	06 (Six) Month
4.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	12.05.2023
5	वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय	18-05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे
6	वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	19-05.2023 को अपराह्न 12.00 बजे
7.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग।
8.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	06546–222640
9.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	06546–222640

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग

PR 296865 Building(23-24)#D

ई-प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/DHANBAD/08/2023-24 दिनांकः– 08.05.2023

1.	कार्य का नाम	Renovation of Central Library Building at Saheed Nirmal Mahto Medical College & Hospital, Dhanbad.
2.	प्राक्कलित राशि (रू०)	Rs.87,01,800/-(Eighty Seven Lac One Thousand Eight Hundred) Only
3.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	06 (Six) Month
4.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	12.05.2023
5	वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय	18-05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे
6	वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	19-05.2023 को अपराह्न 12.00 बजे
7.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग।
8.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	06546–222640
9.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	06546–222640

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग

PR 296886 Building (23-24)_D

DIRECTORATE OF AGRICULTURE, JHARKHAND, RANCHI
Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008

Very Short Notice (2nd Call) for Request for Empanelment (RFE)
RFE Reference no.-Agri/02/2023-24 Dated:

1	Name of Work	Empanelment of Seed Suppliers for a Period of One Year (2023-24)
2	Time of Completion	One Year
3	RFE Documents Cost	Rs. 10000 (Rupees Ten thousand only)
4	EMD Amount	Rs. 10,00,000/- (Rupees Ten Lakh only)
5	Date of Publication of RFE on website	09/05/2023 (06:00 PM)
6	RFE Downloading Start Date	09/05/2023 (06:00 PM)
7	Online RFE Submission Period	09/05/2023 (06:00 PM) to 15/05/2023 (03:00PM)
8	Last date for submission of hard copy/e-mail of RFE documents, RFE cost and EMD	16/05/2023 (03:00 PM)
9	RFE Opening Date and place	16/05/2023 (4:00 PM) Directorate of Agriculture, Krishi Bhawan 1st Floor Kanke Road, Ranchi - 834008.
10	Name & Address of the RFE Inviting Authority	Director Agriculture, Directorate of Agriculture, Krishi Bhawan 1st Floor Kanke Road, Ranchi - 834008.
11	Contact no. of procurement officer	9835345613
12	Helpline no. of procurement cell	0651-2233549

Further details can be seen on website-http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Director Agriculture,
Jharkhand, Ranchi.

PR 296929 (Agriculture)23-24*D

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला
इम्पोरियम बिल्डिंग, सदर अस्पताल परिसर, पिनकोड – 835207 गुमला
फोन – 06524-224960, 222390 ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

गुमला जिला के सभी कोटि के निजी विद्यालयों हेतु अति आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा गुमला जिला में संचालित सभी कोटि के सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या/प्रधानाध्यापक को सूचित किया जाता है कि UDISE+ 2022-23 अन्तर्गत Child Mandatory Field का अद्यतीकरण (Updation) अनिवार्य रूप से evidyavahini.jharkhand.gov.in Portal के माध्यम से दिनांक 31.03.2023 तक किया जाना था परन्तु अबतक यह कार्य पूर्ण नही हुआ है, जो अत्यंत ही खेद का विषय है।

राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में इन आँकड़ों का गहनतापूर्वक समीक्षा की जाती है तथा भारत सरकार द्वारा UDISE+ का संधारण किया जाता है। इन आँकड़ों का उपयोग शैक्षणिक योजना निर्माण में किया जाता है। समीक्षा के क्रम में विश्लेषण से यह होता है कि निजी विद्यालयों द्वारा Child Mandatory Field के आँकड़े को वांछित संख्या में अद्यतीकरण (Updation) या तो नही किए गए हैं अथवा आंशिक रूप से किए गए हैं। दिनांक 05.05.2023 को आहूत वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग में उक्त कार्य को 03 दिनों के अन्दर अनिवार्य रूप से पूर्ण करने का निदेश दिया गया है। इस क्रम में निम्नांकित निदेश दिये जाते है :–

- वैसे निजी विद्यालय जो CBSE/ICSE/JAC बोर्ड से सम्बद्धता/मान्यता (Private Recognized Schools) से प्राप्त है ये तीन दिनों के अन्दर अपने विद्यालय का UDISE+ 2022-23 Child Mandatory Field पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित बोर्ड को मान्यता रद्द करने हेतु संसूचित किया जाएगा।
- इसी प्रकार सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय भी तीन दिनों के अन्दर इस कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।
- वैसे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय (Private Unrecognized School) तीन दिनों के अन्दर इस कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा की स्थिति में अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अन्तर्गत विद्यालय बंद करने संबंधी कारवाई की जायेगी।
- कुछ ऐसे भी निजी विद्यालय है जिनके द्वारा अबतक 2021–22 से 2022–23 तक प्रोग्रेशन भी नहीं किया गया है। इसके साथ ही कई विद्यालयों द्वारा नया नामांकन 2022–23 की भी Entry ई–विद्यावाहिनी में नहीं की गई है जिस कारण छात्र संख्या पिछले वर्ष की तुलना में कम प्राप्त हो रहा है जो अत्यन्त गंभीर मामला है।
- किसी भी प्रकार की सहायता के लिए अपने प्रखण्ड संसाधन केन्द्र (BRC) अथवा जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा अभियान, गुमला (इम्पोरियम बिल्डिंग, सदर अस्पताल परिसर, गुमला पिनकोड – 835207) से भी सम्पर्क किया जा सकता है। अतः निदेश दिया जाता है दिनांक 10.05.2023 तक इस कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला

PR 296871 Jharkhand Education Project Council(23-24)#D

चिटफंड घोटाले में शामिल कंपनियों की कितनी प्रॉपर्टी अटैच की गई

हाई कोर्ट ने सीबीआई से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को चिटफंड घोटाला में निवेशकों के डूबी राशि के मामले में सीबीआई को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने सीबीआई से पूछा है कि चिटफंड घोटाले में शामिल कंपनियों की कितनी प्रॉपर्टी अटैच की गई, भुक्तभोगी लोगों को उनका पैसा वापसी के लिए क्या रास्ता हो सकता है। कोर्ट ने आज चिटफंड घोटाला में पैसा की वापसी को लेकर नन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति सहित अन्य दायर याचिकाओं की सुनवाई की। इससे पहले मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि सरकार ने झारखंड के जमाकताओं के हितों का संरक्षण (वित्तीय स्थापनाओं में) अधिनियम 2011 बनाया है। इसके हिसाब से चिटफंड से प्रभावित लोगों को संबंधित अथॉरिटी के पास आवेदन देना होगा। यह अथॉरिटी प्रभावित लोगों की शिकायत का निवारण करेगी। कोर्ट ने सरकार की इस जवाब पर असंतुष्टि जताते हुए कहा कि यह एक व्यक्ति के पैसे वापसी की बात नहीं हो रही है, बल्कि चिटफंड घोटाले से प्रभावित सैकड़ों लोगों के पैसे की वापसी की बात है। ऐसे में वेस्ट बंगाल, उड़ीसा की तर्ज पर एक कमीशन बनाकर कार्पस फंड बनाना होगा। इस फंड के लिए सरकार को पैसा मुहैया कराना होगा, जिससे चिटफंड के प्रभावित लोगों को पैसा वापसी का रास्ता बन सके। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई सात जुलाई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चिटफंड घोटाला में शामिल कई कंपनी के संचालकों की ईडी और सीबीआई ने करोड़ की संपत्ति सीज की है। चिटफंड घोटाले के सीज पैसे ईडी और सीबीआई ने बैंकों में रखे हैं। याचिका में कहा गया है कि कई राज्यों में एक कमेटी बनाकर चिटफंड के शिकार लोगों के केस को डिस्पोजल किया जा रहा है और उन्हें उनके डूबे पैसे वापस दिलाए जा रहे हैं। झारखंड में भी कमेटी बनाकर निवेशकों के डूबे पैसे को वापस दिलाया जाए।

अग्रवाल सभा महिला समिति का समर कैंप 14 से

रांची। अग्रवाल सभा महिला समिति की ओर से 14 मई से अग्रसेन भवन में समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। तीन दिनी कैंप में कक्षा एक से तीन और चार से दसवीं कक्षा तक के छात्र शामिल होंगे। समिति की ओर से मंगलवार को अग्रसेन भवन में समर कैंप के पोस्टर का विमोचन किया गया।इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक रूपा अग्रवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया एवं मंत्री मनोज चौधरी ने बताया कि शिविर में शामिल होने वाले बच्चों को योग गुरु नंद दुलाल दत्ता, हस्तकला के लिए मो साबिर हुसैन, चित्रकला के लिए सुबोध कुमार, जूडो-कराटे के लिए सुनील किस्पोट्टा, संगीत के लिए अजय गोस्वामी, नृत्य के लिए दीपक कुमार और शतरंज की कक्षा में दीपक कुमार प्रशिक्षण देंगे। इस मौके पर प्रवक्ता सज्जन पाड़िया, लक्ष्मी पाटोदिया, उर्मिला पाड़िया, सुषमा पोद्दार, रेणु छापड़िया, सुनीता सरावगी, पूजा बागड़िया समेत अन्य मौजूद थे।

कैंप में लाभुकों की सम/स्याओं का किया जाएगा निष्पादन

जून तक प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लंबित आवासों को पूर्ण कराएं : चंद्रशेखर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्य भर में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 1,09,542 आवास लंबित हैं। इन लंबित आवासों को जून 2023 तक पूर्ण करना अनिवार्य है। इस के लिए पंचायत/ग्राम स्तर पर अभियान चलाया जाए। इस अभियान को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस के रूप में सम्पूर्ण राज्य मे एक साथ आयोजित किया जाएगा। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी जिले के उप विकास आयुक्त को इस अभियान की समीक्षा प्रति सप्ताह करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में लंबित आवासों को पूर्ण कराया जाए। बैठक में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने जानकारी दी कि आवास लाभुक दिवस अभियान के तहत पंचायत/ग्राम में प्रत्येक गुरुवार को कैंप का लगाया जाएगा। कैंप में लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जानकारी दी जाएगी और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। वहीं लंबित आवासों के लाभुकों को कैंप में शामिल होने हेतु प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कैंप में लाभुकों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जाएगा एवं लाभुकवार समस्याओं को पंजीकृत भी किया जाएगा। वीडियो कांफ्रेंसिंग में सभी जिलों के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के कर्मी उपस्थित थे।

पंचायतों को कार्यशील बनायें बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने राज्य के सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे पंचायतों के पूरी तरह से कार्यशील बनाने की दिशा में कार्य करें। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि उन्होंने देखा है कि आज भी पंचायत भवनों से पूरी तरह से कार्य नहीं हो रहा है, अब भी प्रखंड कार्यालयों से 98 फीसदी काम हो रहा है। ऐसे में पंचायतों की भूमिका खास नहीं रह जा रही है। ऐसे में पंचायत सचिव,मुखिया के पास कुछ खास काम नहीं हो रहा है। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि पंचायतों की सिस्टम पूरी तरह से ऑनलाइन नहीं है। इंटरनेट की व्यवस्था सही नहीं है। बिजली की भी समस्या है। लाभुकों को समय से भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। ऐसे में सारा कुछ अब भी प्रखंड कार्यालय से ही हो रहा है। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देश दिया है कि पंचायतों को कार्यशील बनाने के लिए काम करें। वहां हर जरूरी संसाधन हो इसके लिए वे खुद अपनी मॉनिटरिंग में काम करायें। बिरसा हरित ग्राम, दीदी बाड़ी योजना, जेएसएलपीएस की योजनाओं का क्रियान्वयन पंचायत स्तर बेहतर तरीके से होने पर विकास कार्य आसानी हो सकेगा।

डीएवी गांधीनगर के बच्चों ने देखी ऑस्कर फिल्म

रांची। रांची महानगर भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ की ओर से मंगलवार को डीएवी गांधीनगर के बच्चों को ऑस्कर फिल्म दिखाया गया। बच्चों ने हाथी फुसफुसाता है फिल्म देखी। भाजयुमो के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि बच्चों को फिल्म के जरिए यह शिक्षा दी गई कि हाथी सहित अन्य जीवों के प्रति प्रेम और सेवा का भाव किस तरह विकसित करना चाहिए। झारखंड में जीव और प्रकृति दोनों का बहुत गहरा संबंध है।हम सभी को इन दोनों में समर्पित होने की भावना रखनी चाहिए।

स्कूल में मनी रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती समारोह

नवीन मेल संवाददाता। रांची

नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने कविगुरु को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया। छात्रों ने 'काबुलीवाला' की कहानी का मंचन किया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में कभी हार न मानने का संदेश देने वाला रवींद्र संगीत की प्रस्तुति दी तथा टैगोर के संकलन से कविताओं का भी पाठ किया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिसर उत्सव और उल्लास के माहौल से भर गया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने हमारे देश की कला और संस्कृति के संरक्षण के प्रति छात्रों के झुकाव की सराहना की। उन्होंने छात्रों को भारत की स्वतंत्रता के लिए रवींद्रनाथ टैगोर के संघर्ष एवं योगदान से भी अवगत कराया।

NEWS इन ब्रीफ

जिलों में मानवाधिकार कोषांग में नोडल पदाधिकारी नियुक्त होंगे

रांची। राज्य के सभी जिलों में पुलिस के अधीन जिला स्तरीय मानवाधिकार कोषांग में नोडल पदाधिकारी नामित होंगे। राज्य पुलिस के आईजी मानवाधिकार ने इस संबंध में सभी जिलों के एसपी को पत्र भेजा है। बीते दिनों राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की आनलाइन बैठक के बाद मानवाधिकार से जुड़े मामलों में पारदर्शिता व त्वरित कार्रवाई का अनुरोध किया गया था। ह्यूमन राइट्स कमीशन नेटवर्क पोर्टल के माध्यम से कार्रवाई का अनुरोध पुलिस ने किया था। इसके बाद पुलिस मुख्यालय के अधीनस्थ सभी कार्यालयों में मानवाधिकार कोषांग के गठन व उसके नोडल पदाधिकारी के नामित किए जाने का निर्देश दिया गया है।

थाना प्रभारी के पदभार पर विद्यार्थी परिषद ने किया स्वागत

बेड़ो। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेड़ो इकाई के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बेड़ो थाना के नए थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रेम के पदभार ग्रहण करने पर उनसे औपचारिक भेंट किया। साथ ही अंगवस्त्र व बुके देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान एबीवीपी कार्यकताओं ने कई विषयों पर चर्चा करते हुए बेड़ो की वर्तमान स्थिति से उन्हें अवगत कराया। साथ ही अभाविप के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता से भी भेंट कर वार्ता किया और उनके अच्छे कार्यकाल के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया। वहीं मौके पर अभाविप बेड़ो के प्रतिनिधिमंडल में शिवेंद्र सौरभ,अंकित सोनी,आकाश रक्षित,सतीश महतो, शशिकांत तिवारी,सोनम कुमारी, सोनी उरांव व सुधाकर कुमार आदि मौजूद थे।

चोरी की हाईवा के साथ आरोपित गिरफ्तार

दुमका। शिकारीपाड़ा पुलिस ने चोरी की हाईवा के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी पश्चिम बंगाल के मल्लारपुर थाना क्षेत्र के रतगोड़ा गांव निवासी नयन बनर्जी है। मंगलवार को प्रेसवार्ता कर थाना प्रभारी उमेश राम ने बताया कि बीते तीन मई को थाना क्षेत्र के पत्थर औद्योगिक क्षेत्र मंझलाडीह के एक पत्थर खादान के समीप से की हाईवा चोरों ने उड़ा ली थी। घटना के बाद पुलिस कप्तान के निदेर्शानुसार एसडीपीओ सदर मो नूर मुस्तफा के नेतृत्व में एक टीम का गठित हुई। गठित टीम हाईवा बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला के सैंथिया थाना क्षेत्र के मातपलसा गांव के इमानुल मिर्धा के गैरेज में चोरी हुई हाईवा खड़ी है और उसकी पहचान बदलने के लिए रंग-रोगन का काम करवाया जा रहा है। पुलिस की टीम ने हाईवा के साथ नयन बनर्जी को गिरफ्तार कर लिया।

मोटरसाइकिल से अफीम तस्करी करते तस्कर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला सरायकेला जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चौका पुलिस ने नक्सल प्रभावित मुटुदा गांव से मोटरसाइकिल से अफीम तस्करी करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । मामले के संबंध में जानकारी देते हुए चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि चौका पुलिस और सीआरपीएफ 133 बटालियन द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने

नक्सल प्रभावित मुटुदा गांव से मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति को भागते देखा जिसे खदेड़ कर पुलिस ने पकड़ा । तलाशी के क्रम में व्यक्ति के मोटरसाइकिल सीट के नीचे से 450 ग्राम अफीम बरामद किया गया है । गिरफ्तार व्यक्ति मुटुदा गांव निवासी मंगल मुंडा है। जिसके पास से पुलिस ने एक मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल(खलऽड5 3428) जब्त किया है। पुलिस अनुसंधान के क्रम में पता चला कि मुटुदा गांव निवासी आरोपी मंगल मुंडा कई दिनों से अफीम की तस्करी कर रहा था । वह एन एच-33 समेत आसपास के क्षेत्र में अफीम बेचा कर रहा था।

नये थाना प्रभारी ने अपना योगदान दिया

बेड़ो। बेड़ो थाना के नए थाना प्रभारी बने मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने सोमवार को बेड़ो थाना में योगदान दिया। वहीं निवर्तमान थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता रांची पुलिस लाइन में अपना योगदान दिया। मनीष कुमार गुप्ता को किसी भी थाने में जाने के लिए थोड़ी प्रतीक्षा करनी होगी। वहीं मुकेश कुमार हेम्ब्रम पूर्व में सोनाहातू के थाना प्रभारी के पद पर तैनात थे। सोमवार के अपराह्न नए थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने पदभार ग्रहण लिया। उन्होंने कहा अपराध पर अंकुश लगाते हुए कानून व्यवस्था दुरुस्त किया जाएगा।

आमया संगठन ने रातू बीडीओ को सौंपा 15 सूत्री मांग पत्र

नवीन मेल संवाददाता। रातू अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने की मांग को लेकर मंगलवार को आमया संगठन ने रातू प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिशंकर बारीक को 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा। आमया के केंद्रीय अध्यक्ष शमीम अली के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के लोगो ने बीडीओ से मिल कर डीप बोरिंग के साथ जल मीनार, स्वास्थ्य केंद्र, सद्भाव मंडप, स्कूल, कॉलेज,अल्पसंख्यक आवासीय +2 विद्यालय, आईटीआई कॉलेज, उर्दू विधालय, छात्रावास, कौशल विकास केन्द्र, हुनर हब, किसान और कौशल प्रशिक्षित लोगों के लिए मार्किट शेड तथ खेल स्टेडियम का निर्माण आदि मांग शामिल है। मौके पर आफताब आलम, गफ्फार अंसारी, नसीम अख्तर,अब्दुल बारीक, अंजुम खान, अजमुल अंसारी, आदिल हुसैन आदि लोग शामिल थे।

बजरंग दल ने 101 स्थानों पर हनुमत शक्ति का किया जन जागरण

दुमका । जिला मुख्यालय समेत विभिन्न प्रखंडों में 101 स्थानों पर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ बजरंग दल ने कराया। बजरंग दल देश भर में ह्नकुमति निवार सुमति के संगीह्न सामूहिक श्री हनुमान चालीसा के माध्यम से हनुमत शक्ति का व्यापक जन जागरण अभियान चलाया। जन जागरण कर कांग्रेस सहित आतंकवादियों के पैरोकार अन्य संगठनों व देश एवं हिंदू विरोधी मानसिकता की सद्बुद्धि के लिए भगवान बजरंगबली का आह्वान किया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री मिथलेश कुमार मांझी ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र और उसके बाद राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश व महाराष्ट्र सहित झारखंड राज्य के कांग्रेसी व कुछ अन्य हिंदू विरोधी नेताओं द्वारा बजरंग दल को प्रतिबंधित करने व इस देशभक्त संगठन की तुलना पीएफआई जैसे देशद्रोही, आतंकी व हिंसक संगठन से करना अपमान जनक है। हिंदू समाज इस तरह के अपमान का लोकतांत्रिक ढंग से उसका विरोध करेगी। उन्होंने कहा बजरंग दल देश भर में गौरक्षा, कन्या रक्षा, रक्तदान, मठ मंदिर व धर्मरक्षा के साथ धर्मांतरण रोकने जैसे अनेक प्रकार के सेवा कार्यों में लगा है।

सड़क दुघटना में शिक्षक की मौत

खूंटी। तोरपा थाना के नगर भवन के पास मंगलवार की देर रात सड़क दुर्घटना में तोरपा के जानेमाने शिक्षाविद और उत्क्रमित उच्च विद्यालय रायसिमला में कार्यरत शिक्षक मुस्कु बड़ाईक(60) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मुस्कु बड़ाईक मोटरसाइकिल से तोरपा चौक से अपने घर लौट रहे थे। नगर भवन के पास एक ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और कुछ दूर तक घसीटता रहा। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हालांकि स्थानीय लोग उन्हें रेफरल अस्पताल ले गए, पर तक तक उनकी मौत हो चुकी थी। मुस्कु बड़ाईक की मौत की खबर आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई और लोगों का हुजूम रेफरल अस्पताल के पास जुट गया। मुस्कु बड़ाईक मूल रूप से रनिया थाना क्षेत्र के कोड़ाकेल के रहनेवाले थे। उन्होंने 1988 में सरकारी शिक्षक के रूप में योगदान दिया था और सात-आठ महीनों के बाद वे सेवानिवृत्त होनेवाले थे। मुस्कु बड़ाईक चुनाव आयोग द्वारा चयनित मास्टर ट्रेनर भी थे। पंचायत चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव में वे चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण देते थे। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। ट्रक को पुलिस थाना ले गई। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। ज्ञात हो कि गत चार नवंबर को भी तोरपा के एक अन्य शिक्षक निर्णय सिंधु बेहरा की मौत हो गई थी। छह महीनों के अंदर तोरपा के दो शिक्षकों की सड़क दुर्घटना में मौत से लोगों में शोक व्याप्त है। मुस्कु बड़ाई अत्यंत ही व्यवहार कुशल, मिलनसार और हंसमुख प्रवृत्ति के व्यक्ति थे।

राज्य सरकार अविलंब ट्रिपल टेस्ट करा कर निगम चुनाव कराएं : संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता। रांची सांसद संजय सेठ के कार्यालय में मंगलवार को पार्षदों के साथ एक बैठक हुई। बैठक में सभी पार्षदों ने नगर निगम का चुनाव जल्द कराने का आग्रह किया। सांसद सेठ ने कहा राज्य सरकार अविलंब ट्रिपल टेस्ट कराकर नगर निगम का चुनाव सुनिश्चित करें। उत्तर प्रदेश सरकार ने ट्रिपल टेस्ट करा कर 6 महीने के अंदर चुनाव करवा रही है, इसके लिए राज्य सरकार को गंभीर होना होगा। अगर जल्द चुनाव नहीं हुए तो शहर में विकास कार्य बाधित हो जाएगा जो मध्य वर्गीय लोग हैं विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, लाल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई ऐसे महत्वपूर्ण योजनाएं बाधित होगी। सांसद सेठ ने कहा वह जल्द ही केंद्र सरकार के नगर विकास मंत्रालय के मंत्री से मिलकर राज्य सरकार को जल्द चुनाव कराने के लिए बाध्य करेंगे अगर राज्य सरकार

चुनाव नहीं कराती है तो भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। आज के इस बैठक में पार्षद विनोद सिंह, अरुण झा, रौशनी खलखो, आनंद मूर्ति, ओमप्रकाश, सुनील कुमार यादव, सुजाता कच्छप, वीणा अग्रवाल, अशोक यादव, नकुल तिर्की, दिनेश राम, दीपक लोहरा, सुचिता रानी राय, रीता मुंडा, कृष्णा महतो उपस्थित थे।

पुलिस ने 24 घंटे के अंदर अगवा भावेश को अपराधियों के चंगुल से छुड़ाया

नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र स्थिति समलापुर मोहल्ला से एक 12 वर्षीय भावेश को पुलिस ने अपराधियों के चंगुल से छुड़ा लिया है। पुलिस ने भावेश को उसके मात-पिता को सुपूर्द कर दिया है। गौरतलब है कि सोमवार को बदमाशों ने बच्चे को उसके घर के बाहर से उठा लिया था। अपराधी पिता से फिरौती की डिमांड कर रहे थे। परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सही सलामत बच्चे को उसके माता-पिता को सौंप दिया है। 80 लाख रुपये की फिरौती की मांगः अपराधियों ने भावेश के परिजनों से 80 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। पैसे नहीं देने पर बच्चे से हाथ धो देने की बात कही थी। अपराधियों ने आधी रात को भावेश के मोबाइल से ही उसके पिता लाल बहादुर यादव के फोन पर फिरौती की मांग की थी। दरअसल जिस समय अपराधियों ने भावेश को अगवा किया था उस समय वह मोबाइल का यूज कर रहा था। अपराधियों के कॉल आने के बाद घर वाले डर गए थे। बाद में इसकी शिकायत जिरवाबाड़ी थाने में की गई। भावेश कक्षा 5वीं का छात्र है।एसपी ने क्या बतायाः घटना की जानकारी मिलने के साथ ही पुलिस प्रशासन की नींद हराम हो गई। एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने तत्काल टीम गठित कर बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए छानबीन शुरू कर दी। कहा कि शहर के कई सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। इस दौरान पुलिस को सफलता मिलती जा रही थी। पुलिस की दबिश की वजह से भावेश को रिकवर किया जा सका। एसपी ने बताया कि दबिश के बाद अपराधी भागलपुर जिला अंतर्गत पीरपैंती स्टेशन के दो नंबर प्लेटफॉर्म पर भावेश को छोड़कर भाग गए। पुलिस ने सोमवार की शाम बच्चे को सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिया। एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने बताया कि अपराधियों की पहचान कर ली गई है। टीम छापेमारी में जुटी हुई है।

सिरफिरे युवक ने महिला मुखिया और उसके पति पर किया जानलेवा हमला

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली सिल्ली थाना क्षेत्र के टोला रायकोचा गोडाडीह पंचायत में मंगलवार की दोपहर एक सिरफिरे युवक ने खौफनाक घटना को अंजाम दिया है।युवक ने गोडाडीह पंचायत की मुखिया सावन देवी और मुखिया पति श्रवण मुण्डा के ऊपर तेज धारदार हथियार से हमला कर दिया है,घटना में मुखिया पति की मौके पर मौत हो गई,वही मुखिया गंभीर रूप से घायल बताई जा रहीं है।मिली जानकारी के अनुसार मुखिया सावन देवी अपने घर पर आराम कर रही थी,इसी दरमियान उसी के पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने तेज धारदार हथियार से महिला मुखिया पर हमला बोल दिया,चीख पुकार होता देखा पत्नी को बचाने पहुंचे पति श्रवण मुण्डा के ऊपर भी युवक ने हमला कर दिया जिससे मुखिया

पति वही गिर गए,जिसके बाद सिरफिरे युवक ने मुखिया के पति को घर से कुछ दुरी पर ले जाकर जोरदार तरीके से शरीर के कई हिस्सों मे हथियार से वार करता रहा,जिससे सावन मुंडा की मौके पर ही मौत हो गई,जिसके बाद आरोपी युवक घटनास्थल से घटना को अंजाम दे फरार हो गया।इसी बीच स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पति पत्नी को सिल्ली स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।जहाँ गंभीर रूप से घायल मुखिया का ईलाज किया जा रहा है वही मृतक पति के शव को सिल्ली थाना लाया गया,सिल्ली पुलिस प्रशासन शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया।वही पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार समाचार भेजे जाने तक मामला दर्ज भी किया था इसके बाबजूद सिल्ली पुलिस आरोपी को दबोचने हेतु छापेमारी में जुटी है,इस तरह की घटना से पूरा क्षेत्र दहशत में है लोग घटना को लेकर तरह तरह के कयास लगा रहे है।फिलहाल पुलिसिया जांच के बाद ही मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।सिल्ली थाना क्षेत्र में हुए इस तरह की हृदयविदारक घटना की जानकारी पाते है झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष रामानन्द बेदिया सिल्ली थाना पहुंच पुलिस प्रशासन से अविलंब आरोपी को गिरफ्तार करने का आग्रह किया है।

स्वर्ण डीपीएस स्कूल में किया गया हनुमान चालीसा का पाठ

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो बेड़ो प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जहां स्कूल के छात्र छात्राओं ने हनुमान चालीसा के स्तुति को सभी ने अपनी मधुर आवाज में गायन किया। मौके पर निदेशक दीपम बनर्जी ने कहा कि हनुमानजी विद्यार्थियों के आदर्श हैं, उनकी भक्ति हमें शक्ति प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा गायन करने से केवल हमारे मन को शांति के साथ ही हमारी आत्मा बल को शक्ति देता है और हमें नई ऊर्जा देता है।साथ ही छात्रों के व्यक्तित्व विकास में मदद मिलती है। सोनम प्रसाद ने आध्यात्मिक और संस्कृतिक मूल्यों की जानकारी दी। वही श्वेता खन्ना ने हनुमान चालीसा के इतिहास के बारे में बताया। मौके पर विजेता, संध्या कुमारी, प्रेमिक सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे।

खुला राज छवि रंजन के डीसी बनते ही शुरू हो गया था रांची में जमीन लूट का खेल

ईडी की पूछताछ में हर दिन हो रहे नये खुलासे

नवीन मेल संवाददाता। रांची जैसे-जैसे ईडी की रिमांड पर रांची के पूर्व डीसी निलंबित आईएएस छवि रंजन से पूछताछ हो रही है, वैसे-वैसे रांची में हुए जमीन घोटाले की परत-दर-परत खुल कर सामने आ रही है। छवि रंजन से पूछताछ का आज तीसरा दिन है। नियमतः छवि का मंगलवार को भी मेडिकल टेस्ट हुआ और फिर तीसरे दिन की पूछताछ शुरू कर दी गई। राजधानी में जमीन लूट का खेल छवि रंजन के रांची डीसी बनने के साथ ही शुरू हो गया था। प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल और छवि रंजन की तिकड़ी ने एक साथ मिलकर करोड़ों नहीं, बल्कि अरबों का जमीन का घोटाला कर डाला। जमीन की डील में आखिर पर्दे के पीछे कौन-कौन लोग थे यह राज छवि रंजन से ईडी उगलवा रही है। जिस प्रेम प्रकाश के इशारे पर छवि रंजन ने हर काम किया ईडी के सामने वे उसे ही पहचानने से इनकार करते रहे , लेकिन जब ईडी ने प्रेम प्रकाश और छवि रंजन से जुड़े सबूत दिखाना शुरू किया तो उनकी बोलती बंद हो गई।

रणनीति के तहत छवि रंजन को रांची का डीसी बनाया गया थाः दरअसल, छवि रंजन को एक रणनीति के तहत ही रांची का डीसी

बनाया गया था। मंशा जमीन लूट की थी। जिसमें छवि ने हर तरह की सहायता करने की हामी भरी थी। जांच में यह बात भी सामने आई है कि छवि रंजन को रांची का डीसी बनाने के लिए भी एक बड़ी राशि का भुगतान किया गया था। भुगतान के बाद ही छवि रांची डीसी बने। ईडी सूत्रों के अनुसार एजेंसी यह जानकारी भी जुटा रही है कि इसके लिए कितने पैसे खर्च हुए और पैसों का भुगतान किसे किया गया। आपको बता दें कि छवि रंजन फिलहाल ईडी की रिमांड पर हैं और उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। ईडी की रिपोर्ट में भी यह बताया गया है कि जमीन संबंधी विभाग के अधिकारियों, नौकरशाहों, जमीन माफियाओं और राजनीतिज्ञों के सिंडिकेट ने बड़े घोटाले को अंजाम दिया, तब सत्ता के गलियारे में चर्चित पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश और सत्ता के करीबी कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल भी मास्टरमाइंड की भूमिका में रहे और छवि रंजन उनके सबसे बड़े मददगार। एक एफआईआर से खुला घोटाले का राजः अरबों के जमीन घोटाले का राज एक एफआईआर से खुला जो रांची के बरियातू थाने में दर्ज करायी गई थी। दरअसल, रांची नगर निगम के टैक्स क्लेक्टर दिलीप शर्मा ने चार जून 2022 को बरियातू थाने में एक एफआईआर दर्ज करायी थी, जिसमें उन्होंने शिकायत की थी कि फर्जी आधार कार्ड, इलेक्ट्रिसिटी बिल के जरिए प्रदीप बागची नाम के एक व्यक्ति ने दो होल्डिंग नंबर 4.55 एकड़ जमीन की ले ली है, तब मामूली माने जाने वाले इस एफआईआर के आधार पर ही अब न सिर्फ रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन की गिरफ्तारी हो गई, बल्कि अरबों के जमीन घोटाले का भी पदार्फाश हुआ। ईडी ने बरियातू थाने में दर्ज केस के आधार पर ही ईसीआईआर दर्ज की थी।अमित अग्रवाल की कंपनी के लिए सेना की जमीन पर कैसे हुआ कब्जाः चूंकि जमीन घोटाले का मामला सीधे सेना की जमीन से जुड़ा हुआ था, इसलिए ईडी का ध्यान इस पर था। एक बड़ी साजिश कर कागजातों को बदल सेना की जमीन कब्जा की जा रही थी। रांची के बरियातू में सेना की 4।55 एकड़ जमीन बीएम लक्ष्मण राव के नाम पर थी। राव ने यह जमीन सेना को 417 रुपए मासिक किराए पर स्वतंत्रता के ठीक बाद दे दी थी, लेकिन जालसाजों के गिरोह ने प्रदीप बागची के दादा प्रफुल्ल बागची के नाम पर फर्जी कागजात बनाए। इसके बाद जमीन को अमित अग्रवाल की कंपनी जगतबंधु टी एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड को बेच दिया।

कोयला तस्करी, अवैध खनन रोकने के लिए राज्यभर में उड़न दस्ता गठित

एक-एक प्लाटून सशस्त्र बलों की हुई तैनाती

नवीन मेल संवाददाता। रांची राज्य में सभी तरह के अवैध खनन व कोयला की तस्करी रोकने को लेकर सरकार की गंभीरता के बाद सभी प्रमंडलों में उड़न दस्ता बनाया गया है। पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा, बोकारो डीआईजी पटेल मयूर कन्हैया लाल, डीआईजी हजारीबाग नरेंद्र सिंह, चाईबासा डीआईजी अजय लिंडा और दुमका डीआईजी सुदर्शन मंडल नेतृत्व में यह उड़न दस्ता गठित किया गया है। झारखंड सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग ने राज्य पुलिस मुख्यालय को अवैध खनन की रोकथाम के लिए प्रमंडलीय स्तर पर उड़न दस्ता के साथ संबंधित क्षेत्र में छापामारी में समन्वय एवं सहयोग के लिए टीम की मांग की थी। रेंज आईजी व डीआईजी के अधीन प्रमंडलों में यह टीम संपत्तिमूलक अपराध, रंगदारी और अन्य अवैध कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ भी कार्रवाई करेगी। राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह के निर्देश के बाद

आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश में बताया गया है कि सभी प्रमंडलीय उड़न दस्तों में चार-चार दारोगा होंगे, इसके साथ एक एक प्लाटून सशस्त्र बलों की तैनाती प्रत्येक दस्ते में रहेगी। आईजी अभियान के आदेश के अनुसार रांची क्षेत्र के जिलों में अवैध खनन के रोकथाम के लिए छापेमारी के लिए जैप आठ लेस्लीगंज पलामू से गठित इको 30 कंपनी से एक प्लाटून बल व रांची क्षेत्र के जिलों से चार दरोगा की प्रतिनियुक्ति तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए की गई है। इस दस्ते को रांची डीआईजी अनूप बिरथरे के नियंत्रणाधीन तैनात किया गया है। अवैध खनन रोकथाम के लिए गठित उड़न दस्ते का नियंत्रण करने वाले आईजी- डीआईजी को निर्देश दिया गया है कि नियंत्रण में प्रतिनियुक्त किए बलों को अवैध खनन के लिए गठित दस्ते के साथ छापेमारी में सहयोगय के लिए भेजा जाए। वहीं सभी जिलों के एसपी को निर्देश दिया गया है कि वह प्रमंडल स्तर पर गठित उड़न दस्ता दल द्वारा अवैध खनन के विरूद्ध छापेमारी के दौरान सहयोग करें। एसपी को निर्देश दिया गया है कि वह अपने आईजी व डीआईजी के साथ संपर्क स्थापित कर बलों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित कराएं।

डॉ. एस राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण मवि. में व्याख्यान शृंखला का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी के बहुउद्देशीय सभागार में मंगलवार को सात दिवसीय 09 मई से 15 मई तक चलने वाले व्याख्यान शृंखला का उद्घाटन किया गया। सर्वप्रथम डॉ. एस. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, अथिति शिक्षक डॉ. जीआर बौरिया (प्राचार्य महर्षि परमहंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कोठार, रामगढ़) डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी (प्राचार्य दौलत महतो शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बनासो, विष्णुगढ़) तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता गुप्ता के द्वारा किया गया उद्घाटन सत्र का विषय नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालयी शिक्षा में व्यावसायिक शिक्षा का उन्मुखीकरण जिसका व्याख्यान डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी के द्वारा किया गया तथा नई शिक्षा नीति 2020 में अध्यापक शिक्षा का प्रारूप एवं भविष्य जिसका व्याख्यान डॉ. जीआर चौरिया के द्वारा किया गया। दोनों शिक्षकों ने विस्तार रूप से नई शिक्षा नीति पर चर्चा की। साथ ही व्याख्यान के अंत में प्रशिक्षुओं में पप्पु कुमार महतो, आनंद कुमार गुप्ता, अशोक कुमार करमाली, नीधि कुमारी, मुस्कान प्रवीण इत्यादि के द्वारा विभिन्न प्रश्नों को रखा गया प्रश्नोतरी का समाधान दोनों ही शिक्षकों के द्वारा किया गया। इस व्याख्यान शृंखला का संचालन एवं देखरेख महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। मौके पर बीएड के सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, संजु रंजना होरो, मो. परवेज अख्तर तथा डीएलएड के व्याख्याता सीमा कुमारी, सुप्रिया बर्मन, बाबुचंद प्रसाद, राजेश महतो तथा बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहें। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अशोक राम ने किया।

गायत्री हवन एवं महायज्ञ का आयोजन

रामगढ़ । नगर परिषद क्षेत्र के मुर्रामकला स्थित मुंडा टोली शिव हनुमान मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर पर एक दिवसीय गायत्री हवन एवं महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो,पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो,अमृतलाल मुंडा,चन्दर महतो,वार्ड पार्षद सीता देवी उपस्थित हुए। मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि यज्ञ से शांति मिलती है। इस दौरान उन्होंने सदाचार के मार्ग पर चलने की बात बताई। साथ ही कहा कि सत्य की रक्षा का दायित्व सभी लोगों पर है जिसे सहर्ष स्वीकार करना चाहिए। इस दौरान प्रवचनकर्ता द्वारा प्रवचन देते हुए सभी से सत्य के मार्ग पर चलने की अपील की गई । मौके पर राजेन्द्र महतो, मनोज महतो, लालदेव मुंडा, भोला मुंडा, बासुदेव मुंडा, हेमंती देवी, सीमा देवी, रोमी देवी, घुजा मुंडा, निरंजन मुंडा, राजेन्द्र मुंडा आदि उपस्थित थे।

रामगढ़ में स्कूटी की डिक्की तोड़कर 4 लाख की चोरी

रामगढ़। जिला के रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर में 9 मई को अपराधियों द्वारा स्कूटी की डिक्की तोड़कर 4 लाख रुपए निकाल लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है. मामले को लेकर पीड़ित अली रजा उम्र 56 वर्ष पिता मुस्तकीम, ग्राम - पोस्ट चितरपुर थाना रजरप्पा निवासी ने रजरप्पा थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में बताया की मेरे पुत्र अब्दुस सलाम ने 9 मई को चितरपुर बैंक ऑफ इंडिया शाखा से दोपहर 12:00 बजे 4 लाख रुपए निकला और उसे स्कूटी नंबर जेएच24 एच 1063 की डिक्की में रखा। आवेदन में बताया की रुपए रखने के बाद वह एनएसटी टेलर गया। बताया की जब वह वापस आया तो डिक्की खुली थी और उससे रुपए और पासबुक गायब थे। उन्होंने मामले में करवाई की मांग की है।

कैथा महादेव मंदिर निर्माण समिति का गठन

राजेश महतो अध्यक्ष और राजकुमार महतो बने सचिव

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं 26 के कैथा महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर कैथा महादेव मंदिर परिसर में वार्ड पार्षद देवधारी महतो की अध्यक्षता में मंदिर निर्माण समिति गठन किया गया ।बैठक का संचालन राजेश महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से कैथा महादेव मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष राजेश महतो,सचिव राजकुमार महतो, कोषाध्यक्ष देवधारी महतो, उपाध्यक्ष सत्येंद्र महतो, संजय करमाली विजय रविदास छोटे लाल महतो प्रदीप कुमार महतो सहसचिव मुनिनाथ महतो,नरेश पटेल माधव करमाली, उपकोषाध्यक्ष चुन्नीलाल महतो को चुना गया । वहीं, संरक्षक सुदर्शन महतो,गणेश राम महतो, कोलेश्वर महतो,सुकर महतो,डिया महतो,धर्मनाथ महतो,मुकेश महतो,जितेंद्र महतो,संतोष महतो,रामप्रकाश महतो,रूपलाल महतो,सुरेश करमाली,रतन लाल महतो,राजन महतो,श्यामलाल महतो,दीनू महतो,जयधन महतो,हेमलाल महतो,सचिन

महतो,राधा महतो,बलदेव महतो,थानु महतो,शक्ति महतो ,जगलाल महतो को बनाया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से मंदिर निर्माण को लेकर प्रति चूल्हा 3100 रुपया का सहयोग राशि साथ ही हर घर से एक दिन एक व्यक्ति को श्रमदान,श्रमदान ना किए जाने पर संबंध घर से 300 रुपया की सहयोग राशि मंदिर निर्माण समिति को देना सुनिश्चित किया गया। बैठक में वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि कैथा महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार हम ग्रामीणों का सपना हैं और हम सभी ग्रामीण समर्पित भाव से मंदिर निर्माण कार्य में जुटे हैं। मंदिर निर्माण समिति के मनोनीत अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि हम ग्रामीणों के आपसी सहयोग से कैथा महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार,केदारनाथ मंदिर के प्रारुप पर किया जाएगा। बतौर अध्यक्ष उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण समिति में सभी पदाधिकारियों को दायित्व दिया गया है ।सभी पदाधिकारी मंदिर निर्माण को लेकर सजग हैं।कैथा में मंदिर निर्माण को लेकर उत्साह और उमंग है। बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारिणी सदस्य लोकनाथ महतो, राजू महतो, अजय आस्था, पंकज महतो विनय कुमार, घूरन महतो, किशुलाल महतो, राजेंद्र महतो, संजय महतो, दिलीप मुंडा, अमित दास, रामवृक्ष राम,अशोक महतो, शेखर महतो, गजाधर महतो, परितोष चटर्जी, देवलाल महतो, तुलेश्वर महतो, ईश्वर ओहदार आदि उपस्थित थे।

बरही में मां ने अपने ही पति पर हत्या करने का लगाया आरोप

बरही । रानीचुआ की एक महिला गीता देवी ने अपने ही पति बिनोद करमाली पर अपनी हत्या करने को लेकर गंभीर आरोप लगाया है । मामले को लेकर महिला थाना में डाक से आवेदन भी दिया है । दिए आवेदन में महिला ने पति पर दूसरे महिला के साथ अवैध संबंध रखने और विरोध करने पर घर से निकालने, मार पीट करने और उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है । इस कार्य में महिला की सास, ननद और देवर भी सहयोग कर रहे है । आवेदन में महिला ने यह भी बताया कि इस संबध में स्थानीय मुखिया की अध्यक्षता ने पंचायत भी हुइआ है । परंतु कोई लाभ नहीं मिला । अब वह अपने दोनों पुत्रों की सुरक्षा और खुद के जान माल की रक्षा को लेकर स्थानीय पुलिस से गुहार लगाई है । उक्त जानकारी मुखिया मूर्ति देवी ने दिया है ।

राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में मनाई गई रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती

रामगढ़ । शिक्षा विभाग, राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, रामगढ़ के तत्वाधान में रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती मनायी गई । कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के बीच भाषण प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू तिवारी ने कहा की रविंद्रनाथ टैगोर ने शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया उसे हम नहीं भुला सकते। वे जन शिक्षा, स्त्री शिक्षा, ग्रामीण शिक्षा आदि के समर्थक थे। उनके अनुसार शिक्षा के उद्देश्य, पाठ्यक्रम, शिक्षण विधि आदि की व्यवस्था जीवन की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान व्याख्याताओं में रंजना पाण्डेय, उषा किरण श्रीवास्तव, करलुस टोप्पो, अनामिका कुमारी, उमेश चंद्र महतो, राकेश रंजन, अरबिन्द कुमार, अर्चना राणा समेत अन्य मौजूद रहे ।

पूर्व प्रत्याशी ने की एसडीओ से मुलाकात

रामगढ़ । रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह अखिल भारतीय मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने रामगढ़ एसडीओ सह नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मो जावेद हुसैन से मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय में मुलाकात की एवम रामगढ़ जिला के मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दिलवाने को लेकर मांग पत्र सौपा। मांग पत्र में धनंजय कुमार पुटूस ने कहा है कि रामगढ़ जिला में नगर परिषद,छावनी परिषद सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय एवं फैक्ट्री में मजदूर काम करते हैं। कहा की ऐसी जानकारी मिल रही है कि कई कार्यालयों एवं फेसिरी द्वारा मजदूरों को सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी नहीं दी जा रही है। कहा की कार्यरत मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी दिलवाएं।

डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों के बीच फोक आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

बरही । डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में कक्षा 3 से 6 के विद्यार्थियो के बीच पर्यावरण और प्रकृति तथा 9 से 12 तक के विद्यार्थियो के बीच फोक आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को सम्मानित किया गया । प्राचार्य ए के सिंह ने कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूल ने बच्चो के अंदर छिपे नैसर्गिक गुणों को बेहतर करने का निरंतर प्रयास किया है । इसी उद्देश्य से इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का निरंतर आयोजन किया जाता रहा है । इसके सकारात्मक प्रतिफल मिल रहे है । उन्होंने शिक्षको को भी नए सत्र में बच्चो को और बेहतर करने के कई टिप्स भी बताए । प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय से पंचम वर्ग में प्रथम स्थान अदया सिन्हा, वर्षा रानी, नायला और आदर्श कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह सभी कक्षा तृतीय वर्ग से हैं। कक्षा चतुर्थ वर्ग में अविका शर्मा ,संस्कृति, आर्य नंदनी कुमारी, स्मृति राज ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पंचम वर्ग में शिक्षा शौदिक , दीप्ति ,नंदनी कुमारी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया । कार्यक्रम ललन यादव के देख देख में आयोजित किया गया जिसे सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बिजली बिल माफी को लेकर विभिन्न तिथियों में शिविर का आयोजन

बरकट्ठा। बिजली बिल माफी को लेकर प्रखंड बरकट्ठा एवं चलकुशा के अलग-अलग पंचायतों में विद्युत विभाग की ओर से शिविर का आयोजन किया गया है ।उक्त आशय की जानकारी देते हुए विभाग के जेई धनंजय प्रसाद ने कहा कि उपभोक्ता निर्धारित तिथि में एकमुश्त बकाया बिजली बिल जमा करेंगे तो उनका संपूर्ण ब्याज माफ कर दिया जाएगा। कहा कि समय रहते इसका लाभ उपभोक्ता अवश्य उठाएं । विदित हो कि बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत कपका पंचायत हेतु पंचायत भवन में 10 से 12 मई, गैपहाड़ी पंचायत भवन में 15 से 17 मई ,चेचकपी पंचायत भवन में 18 से 20 मई तथा शिलाडीह पंचायत भवन में 21 से 23 मई तक शिविर आयोजन की तिथि निर्धारित की गई है ।वहीं चलकुशा के चांदनी चौक में 12 से 14 मई, खरगू पंचायत भवन में 24 से 26 मई तक शिविर लगाया जाएगा।

बरही में 118 पीएम और 39 अंबेडकर आवास अधूरे

नवीन मेल संवाददाता

बरही। बरही प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास निर्माण की स्थिति संतोषजनक नहीं है. कई लाभुक ऐसे हैं जिनकी पहली किस्त निर्गत हो गई है, परंतु आज तक आवास नहीं बने। इनमें कुछ लाभुक के पास जमीन की समस्या है, तो कुछ की जमीन ही विवादित हैं। जानकारी के अनुसार सत्र 2016-17 से अब तक प्रखंड में कुल 2330 आवास निर्गत हुए हैं। इसमें अब तक कुल 118 पीएम आवास और 39 अंबेडकर आवास मिलाकर कुल 157 आवास अब तक नहीं बने हैं। सत्र 2016-17 के 390 में छह, 2017-18 में 204 में चार, 2018-19 में 282 में दो, 2019-20 में 599 में 36 और 2020-21 में 672 में 70 आवास अर्द्धनिर्मित हैं। वहीं 2017 से 2023 तक कुल 183 अंबेडकर आवास निर्गत हुए, जिसमे 39 आवास नही बन सके

हैं। वहीं बीडीओ इंदीवार ने बताया कि सभी लाभुकों को शीघ्र आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। पैसे लेने के बाद आवास नहीं करने वालों पर सर्टिफिकेट केस के साथ राशि वापसी की कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास को लेकर प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों के बीच में जागरुकता फैलाई जा रही है।

रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ के अध्यक्ष रोटेरियन अनिल गर्ग के पिता खेमचंद अग्रवाल का देहांत

रामगढ़। रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ के अध्यक्ष रोटेरियन अनिल गर्ग के पिता खेमचंद अग्रवाल का मंगलवार शाम 4:30 बजे देहांत हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके देहांत पर कई लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की । शोक संवेदना व्यक्त करनेवालों में रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ के सचिव राहुल जैन,संजय जैन,विजय पोद्दार,अरुण रॉय, विजय कुमार, संजीव सिंह संजू आदि शामिल हैं।

पुलिस प्रशासन जिले में अपराधिक घटनाओं को नियंत्रित करने में विफल : दिलीप दांगी

रामगढ़। आजसू पार्टी जिला कार्यालय में 9 मई को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा जिले में आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। कहा की बढ़ती आपराधिक घटनाओं को नियंत्रित करने में जिला पुलिस प्रशासन विफल सिद्ध हो रही है। आजसू जिलाध्यक्ष ने कहा की 9 मई को शहर के थाना चौक स्थित कोहिनूर वडेरा ज्वेलर्स में अपराधियों ने दिन के उजाले में डकैती की घटना को अंजाम दिया। जो दर्शाता है की अपराधियों के हौंसले कितने बुलंद हैं। दांगी ने कहा की 9 मई को राज्य के मुख्यमंत्री रामगढ़ जिला के दौरे पर आए थे उस दिन शहर में कोहिनूर वडेरा ज्वेलर्स में डकैती की घटना को अंजाम दिया गया। साथ ही भुरकुंडा में रोड निर्माण कार्य करवा रहे कंपनी के ठेकेदार को धमकी देकर निर्माण कार्य रूकवा दिया गया। दिलीप दांगी ने कहा की जिले में अपराधी बेलगाम हो गये हैं। कहा की पिछले दो माह में अपराधियों ने शहर सहित जिले में कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया है। कहा की शहर में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं का चैन छिन लिया जाता है। व्यवसायियों के दुकान में लूटपाट किया जा रहा है। व्यवसायियों से रंगदारी मांगी जा रही है। कहा की आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला पुलिस प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि लोग निर्भीक होकर रह सकें। प्रेस वार्ता में नीरज मंडल,धर्मेंद्र साव भोपाली आदि मौजूद थे।

आस्था

हनुमत प्राण प्रतिष्ठ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा,

कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू, उमड़ी भक्तों की भीड

विधायक और पूर्व विधायक हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत ग्राम बरवां में भागीरथ प्रसाद मंडल एंव उनकी धर्म पत्नी गायत्री देवी के द्वारा श्री श्री 108 श्री मारुतिनंदन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हेतु भव्य कलशयात्रा निकाली गई । कलशयात्रा में मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव एंव विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव शामिल हुए। कलशयात्रा में 251 कलशयात्री गाजे बाजे के साथ यज्ञ मंडप से कलश लेकर बरवां गांव का भ्रमण करते हुए उत्तरवाहिनी स्थित बरसोती नदी से मंत्रोचारण व पुजा पाठ के साथ कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप पहुंची। इस दौरान विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि यज्ञ से आसपास का वातावरण शुद्ध होता है तथा मन में पवित्रता आती है। वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति को बेहतर रूप से समझने में यज्ञ अहम भूमिका निभाती है। यज्ञ में होने वाले वैदिक मंत्रोचार से हमारी धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। मौके पर मुख्य पुजारी बिंदेश्वर पांडेय,प्रमुख रेणु देवी,पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद,मणि लाल चौधरी ,शिक्षक यमुना प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, शंकर प्रसाद, संतोष कुमार देव, दीपक कुमार, युगेश्वर प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, साहेब कुमार, राजदीप प्रसाद, रोहित प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, छोटू महतो, रामलखन प्रसाद,अशोक मंडल, शंकर पांडेय समेत भारी संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल थे।

क्षत्रिय समाज ने किया महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ , तिलैया जोन के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों क्षत्रिय वंशजों ने महाराणा प्रताप चौक स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व पुष्प अर्पित कर महाराणा प्रताप की जयंती को मनाया। तिलैया जोन के क्षत्रिय युवकों के द्वारा पूरे प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई कर इस जयंती के अवसर पर जिले में स्वच्छता का भी संदेश दिया गया। माल्यार्पण करते हुए संघ के संरक्षक सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण सिंह और संघ के परामर्श दात्री सदस्य रामचंद्र सिंह ने कहा की महाराणा प्रताप ने अपने सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नहीं किया । हम सभी को उनके आदर्श और सिद्धांतों को अपनाकर क्षत्रिय समाज को मजबूती प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा की अनेक कठिनाइयों के बावजूद भी महाराणा ने जिस वीरता से दुश्मनों का सामना किया वह हमारे लिए अनुकरणीय है । क्षत्रिय समाज को मिलजुल कर रहने और दूसरे समाज के लोगों के साथ प्यार और भाईचारगी बनाए रखने की आवश्यकता है। संघ के पदाधिकारी राजेंद्र सिंह और दिनेश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि हमें ऐसे महापुरुषों की जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए। और व्याप्त बुराइयों को दूर कर एक अच्छे समाज के निर्माण में सहयोगात्मक रुख अपनाना चाहिए। मौके पर समाज के लोगों के द्वारा गरीबों के कल्याणार्थ कार्य करने का भी संकल्प लिया गया। महाराणा प्रताप की जयंती पर सैकड़ों लोगों ने माल्यार्पण किया और प्रशासन से मांग भी रखी की इस स्थल पर महाराणा प्रताप की एक भव्य प्रतिमा स्थापित कर एक बड़े और सुंदर चौक का निर्माण कराया जाये। माल्यार्पण करने वालों में नारायण सिंह, रामचंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, सत्यनारायण सिंह ,दिनेश सिंह, रामदेव सिंह, मनोज सिंह ,अर्जुन सिंह, राजेंद्र सिंह ,गणेश सिंह, मिथिलेश सिंह, प्रदीप सिंह, जगदीश सिंह ,दामोदर सिंह ,रविंद्र सिंह ,शत्रुघन सिंह, मंटू सिंह, मनोहर सिंह, विजय सिंह ,नरेश सिंह, शंकर सिंह, नकुल सिंह, गुड्डू सिंह, रामविलास सिंह, पवन सिंह, विशाल सिंह, उमेश सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

आकांक्षी जिला प्रभारी आईएएस का सिमडेगा में आगमन, किया स्वागत

हर घर नल से जल योजना का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। आकांक्षी जिला के प्रभारी भारत सरकार के आईएएस अधिकारी कमलेश कुमार पंत का सिमडेगा जिला में आगमन हुआ इस मौके पर उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा, एवं उप विकास आयुक्त अरूणा वाल्टर सांगा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कमलेश कुमार पंत जिला के विकास संबधी गतिविधियों का जायजा लिया। पहले भ्रमण में श्री पंत ने सिमडेगा प्रखंड के अरानी पंचायत भवन में बने पुस्तकालय का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन के तहत लाभुकों के बीच लगभग 2 करोड़ 5 लाख का परिसंपत्ति का वितरण

किया। साथ ही फुलवाईटांगर गांव में क्रियान्वित योजनाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। वहीं स्थानीय ग्रामीणजन से सीधे रूबरू हुये। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत लाभुकों से कहा कि सरकार आप को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में कार्य

कर रहा है। इस राशि से अपनी स्वरोजगार को बेहतर बनाएं । दूसरे भ्रमण में श्री पंत जी ने जोकबहार पंचायत के थोलकोबेड़ा गांव पहुंचे। वहां उन्होंने हर घर नल से जल योजना का जायजा लिया। थोलकोबेड़ा गांव में 108 घर में से 95 घरों में नल से जल की आपूर्ति किया जा रहा है। साथ ही इस गांव को ओडीएफ प्लस की दिशा में सोख फिट, नाली, नादेप टैंक, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट व अन्य योजनाओं का कार्य संचालित है जिसका भी निरीक्षण कर जायजा लिया ।जिसके बाद सभी लोगो ने अरानी पंचायत भवन परिसर में पौधरोपण किया ।मौके पर उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी मुकेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला परिषद सदस्य, सिमडेगा शांति बाला केरकेट्टा, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, ग्रामीणजन, थाना प्रभारी व अन्य उपस्थित थे।

मांगों को लेकर राज्य जन सेवक संघ का हड़ताल शुरू

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। झारखंड राज्य जन सेवक संघ सिमडेगा इकाई के द्वारा अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर सिमडेगा समाहरणालय के समीप अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इधर उन्होंने कहा है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। साथ ही बताया गया कि सिमडेगा जिला अंतर्गत सभी 10 प्रखंडों में कार्यरत जन सेवकों ने हड़ताल को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है जन सेवक संघ की मांग है कि जनसेवकों के खिलाफ कृषि विभाग द्वारा नियुक्ति नियमावली 2011 में छेड़-छाड़ और षड्यंत्र तत्काल बंद की जाए एवं ग्रेड पे 2400 /- से 2000 / - करने के आदेश को रदद् किया जाए।जनसेवकों को पूर्व की भांति तकनिकी पद मानते हुए ग्रेड पे 4200/- किया जाए,2012 में नियुक्त सभी जिले में जनसेवकों को तत्काल एमएसीपी का लाभ दिया जाए,2012 में नियुक्त जनसेवकों सहित राज्य वरीयता सूची अविलंब प्रकाशित किया जाए ,जनसेवकों की सम्पूर्ण सेवा 2011 जनसेवक भर्ती नियमावली के तहत कृषि विभाग में वापस लेते हुए, डीडीओ परिवर्तन का पत्र अविलंब निर्गत किया जाए। जनसेवक संवर्ग का पदनाम बदल कर कृषि प्रसार पर्यवेक्षक / प्रखण्ड उप कृषि पदाधिकारी किया जाए, जनसेवक संवर्ग को सीमित परीक्षा में बैठने की अनुमति दिया जाए,राज्य के सभी जिलों में 2401 वेतन शीर्ष सृजित किया जाए ।झारखण्ड कृषि शिक्षा परिषद का अविलम्ब गठन करते हुए जनसेवकों की प्रोन्नती प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष सभी पदों में की जाए,इसके अलावा जनसेवकों को गैर कृषि कार्यों से मुक्त किया जाए एवं पुर्व की भांति जनसेवकों के लिए निःशुल्क कृषि स्नातक की पढ़ाई कराने की व्यवस्था की जाए। मौके पर सभी प्रखंड से जन सेवक उपस्थित रहे।

महिला पहलवानों के समर्थन में निकाला कैंडल मार्च

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। जंतर-मंतर पर धरना दे रही महिला पहलवानों के समर्थन में सिमडेगा जिला महिला कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाला। महिला कांग्रेस द्वारा सिमडेगा झूलन सिंह चौक, महावीर चौक, नीचे बाजार ,कचहरी सहित आसपास के क्षेत्रों में कैंडल मार्च करते हुए तत्काल भाजपा सांसद ब्रजभूषण सिंह की गिरफ्तारी की मांग करते हुए पहलवानों के साथ खड़ा होने की बात कही सभी कैंडल मार्च कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लु ने कहा कि बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर अंतरराष्ट्रीय महिला पहलवानों का धरना चल रहा है ।केंद्र सरकार ध्यान नहीं दे रही है। एफआईआर दर्ज होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही

है। आंदोलन कर रही महिला पहलवानों के साथ कांग्रेस खड़ी है। इधर कांग्रेस प्रदेश सचिव नॉमिता बा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के हित में आज तक कभी नहीं खड़ी हुई है जो महिलाएं देश के लिए मेडल ला कर दिए उन महिलाओं के साथ यौन शोषण हुआ है लेकिन आज तक उनके साथ गलत करने वाला सांसद खुलेआम घूम रहा है लेकिन कांग्रेस उन्हें न्याय जरूर दिलाएगी। इधर जिला परिषद सदस्य शांति बाला केरकेट्टा ने कहा भाजपा सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देती है लेकिन बेटियों के साथ हो रहे अत्याचार को आंख बंद करते हुए चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। मौके पर फुलजेन्सिया बिलुंग, अदिवासी कांग्रेस के अनूप लकड़ा सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं युवतियां शामिल रहे।

शहरी-ग्रामीण की प्राक्कलन की बढ़ोतरी को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा की समाजसेवी अगुस्टिना सोरेंग ने झारखंड सरकार के विधानसभा प्राक्कलन समिति को प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं शहरी योजना में प्राक्कलन की बढ़ोतरी को लेकर ज्ञापन सौंपा है। उक्त ज्ञापन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का प्राकल्लन केवल 125000/- है जो कि महंगाई के हिसाब से बहुत ही कम है। जिस कारण से बहुत सारे प्रधानमंत्री आवास के लाभुक अपना आवास पूर्ण नहीं बना पाते हैं। यह कि सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना ने ग्रामीण पृष्ठभूमि के लोगों को सुन्दर घर उपलब्ध कराया है किन्तु वर्तमान समय में जब

बालू घाट का टैंडर नहीं होने से बालू नहीं मिल पा रहा था एवं ईंट और छड, सीमेंट जैसे सामग्रियों का दाम बढ़ चुका है इस योजना के लाभुकों को अपना आवास पूर्ण करने में खासा दिक्कत हो रहा है। और यह एक बड़ा कारण है कि लक्ष्य पूरा करने में विभाग पिछड़ रहे हैं। अतः प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का प्राकल्लन कम से कम 250000/- किया जाने से लाभुकों को आवास पूर्ण करने में मदद मिलती इससे गुणवत्तापूर्ण कार्य भी हो सकेगा। बहुधा प्राकल्लन कम होने के डर से भी चयनित लाभुक कई बार आवास नहीं बना पाते हैं विशेषकर मजदूर वर्ग जिनके पास पहले से अपना बचत नहीं होता है। वही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी के सामाजिक अंकेक्षण के तहत अंकेक्षित आवास के लाभुकों एवं वार्ड सभा में भी आवास के प्राकल्लन को बढ़ाने का सुझाव, जनसुनवाई के माध्यम से विभाग को भेजा जा चुका है। उन्होंने अनुरोध किया है कि ग्रामीणों के लिए बढ़ी हुई इस महंगाई को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्राकल्लनों में मूलभूत बढ़ोत्तरी कर जनता को लाभान्वित करने की कृपा की जाए जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें।

सम्मेलन **जीईएल चर्च बोंगराम पास्टोरेट महिला संघ की 21 वीं शिक्षा सम्मेलन, बोले मंत्री एनोस एक्का**

समाज को संगठित करने में महिलाओं की प्रमुख भूमिका

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। कोलेबिरा प्रखंड के जीईएल चर्च बोंगराम पास्टोरेट महिला संघ की 21 वा शिक्षा सम्मेलन करमघाट मंडली में हुई संपन्न । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड सरकार में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का उपस्थित रहे। महिला संघ के द्वारा पूर्व मंत्री का परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया जिसके बाद मुख्य आराधना पादरी जय प्रकाश जॉन गुड़िया फादर वटवेल लुगुन प्रचारक अमृत टेटे सुरेश टूडू नमन लुगुन के द्वारा किया गया। मौके पर पादरी द्वारा मसीह समाज में पति और पत्नी एक दूसरे के प्रति क्या जिम्मेदारी है इन सभी चीजों को लेकर तथा कलीसिया समुदाय में आर्थिक व्यवस्था में महिलाओं का योगदान सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। पूर्व मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा महिलाओं की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका है। क्योंकि परिवार और समाज को जोड़ने में महिला का योगदान रहता है एक महिला एक परिवार को समेट कर रखती है। तो उस परिवार का भरण पोषण का भी जिम्मेदारी उस पर होता है सभी महिलाएं संगठित रहें और समाज का निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान निभाए। पूर्ण आगे कहा कि 15 वर्षों के बाद आपका बेटा एक बार फिर से इस क्षेत्र में सेवा के लिए आया है तो इस क्षेत्र का विकास निश्चित ही अब तेज गति के साथ आगे बढ़ेगी मैं मंत्री या विधायक ना होते हुए भी क्षेत्र में उसी प्रकार कार्य करूंगा जैसे कि पूर्व में होता है इस चित्र में विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा बरगला कर लोगों को आदिवासी ईसाई समाज के बीच भ्रम जाल पैदा कर लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं लेकिन उनकी बातों में नहीं आना है और संगठित रहकर समाज के निर्माण में योगदान देनी है। इधर झापा युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का ने भी अपने पिता के राह

पर चलकर इस क्षेत्र में विकास की सभी संभावनाओं को तलाश करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक लोगों की सेवा करने की बात कही। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

मेरिडियन एकेडमी में जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता

झुमरी तिलैया। कोडरमा जूडो संघ के तत्वधान में दसवीं कोडरमा जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 12-13 मई को शहर में स्थित मेरिडियन एकेडमी में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी जिला जूडो संघ के सचिव प्रिंस कुमार मिश्रा ने दी है। प्रतियोगिता में जिला के चयनित विद्यालय के 200 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन अध्यक्ष मेरिडियन एकेडमी के प्राचार्य अभिषेक कुमार पांडेय को बनाया गया है। वहीं मेरिडियन एकेडमी के जुडो कोच अमित कुमार ने बताया कि विद्यालय में जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अभी से ही तैयारियां शुरू कर दी गई है। खिलाड़ियों का अभ्यास प्रतिदिन करवाया जा रहा है।

होल्डिंग और ट्रेड लाइसेंस कोले शिविर का आयोजन झुमरी तिलैया में आज

झुमरी तिलैया। झुमरी तिलैया नगर परिषद के तत्वाधान में 11 मई को शहर के झंडा चौक एवं कला मंदिर के समीप होल्डिंग टैक्स एवं ट्रेड लाइसेंस को लेकर शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी नगर परिषद प्रशासन विनीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रेड लाइसेंस एवं होल्डिंग टैक्स देने वाले उपभोक्ता इस शिविर में अपना भुगतान करा सकते हैं । इसमें मकान भाड़े का प्रमाण पत्र या निजी मकान होल्डिंग रसीद, आधार कार्ड, पैन कार्ड ,बिजली बिल लाकर समस्या का समाधान करा सकते हैं ।30 जून तक होल्डिंग टैक्स का भुगतान करने वालों को 5% एवं ऑनलाइन करने वाले को 10% पर्सेंट की छूट दी जा रही है। इसके अलावा महिला, सीनियर सिटीजन, दिव्यांग आर्मी के लोगों को सीधे भुगतान करने पर 5% अतिरिक्त छूट दी जा रही है। 11: 30 बजे से 3:00 बजे तक शिविर में पहुंचकर लाभ ले सकते हैं।

सिखों के पांचवें गुरु श्री अर्जन देव जी महाराज का शहीदी गुरु पर्व को ले अखंड पाठ आज से

झुमरी तिलैया। सिखों के पांचवे गुरु श्री अर्जन देव जी महाराज का शहीदी गुरु पर्व 23 मई को श्री गुरुद्वारा कलगीधर सिंह सभा डॉक्टर गली में मनाया जाएगा। इसको लेकर 11 मई से अखंड पाठ की लड़ी की शुरूआत होगी। गुरुद्वारा कमिटी के सचिव संजू लाम्बा, ग्रन्थि निरंजन सिंह ने बताया कि अखंड लड़ी पाठ का पहला पाठ बुधवार को सरदार अवतार सिंह के द्वारा कराया जाएगा। दूसरा पाठ नरेंद्र सिंह लाम्बा, मोनू लाम्बा, तीसरा पाठ गुप्त सेवा, चौथा सरदार हरजेंद्र सिंह भल्ला, पाँचवा गुप्त सेवा साथ छठा सिख समाज के द्वारा रखा जाएगा। जिसका समापन 23 मई को होगा। इस दिन विशेष दीवान सजेगा और बाहर से रागी जत्था के द्वारा शबद कीर्तन का आयोजन होगा, साथ ही सरबत और लंगर की व्यवस्था की जाएगी।

ऑटो पलटने से गर्भवती महिला सहित दो लोग घायल

पाकरटांड। थाना क्षेत्र के रुटकूँटांड के पास ऑटो पलटने से ऑटो में सवार एक गर्भवती महिला सहित एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को परिवार वालों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया जहां पर उनका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सनसेवई निवासी वासुदेव गरहि की पत्नी संहिता देवी एवं शिमला कुमारी सहित अन्य लोग रामरेखा दर्शन करने के लिए जा रहे थे इसी क्रम में अचानक औरतों के सामने एक बकरी आकर घुस गई जिसके बाद चालक ने अपना नियंत्रण खो बैठा इधर नियंत्रण होने के साथ ही ऑटो पलट गई और ऑटो में सवार संहिता देवी एवं शिमला कुमारी घायल हो गए बताया गया कि शिमला का पैर टूट गया जबकि सविता देवी को कई हिस्सों में गंभीर चोट लगी। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में दोनों की उपचार चल रही है।

पेड़ से गिरकर युवती घायल

कोलेबिरा। थाना क्षेत्र के रामजड़ी गाँव मे कोइनार पेड़ में साग तोड़ने के क्रम में पेड़ से गिरकर 20 वर्षीय पार्वती कुमारी नामक युवती का हाथ टूट गया ।जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में उसकी मां ने बताया कि वह अपने घर के पास की ही पेड़ में चढ़कर साग तोड़ रही थी इसी क्रम में अचानक पेड़ से नियंत्रण खो ते हुए गिर पड़ी जिसके बाद उसे कई हिस्सों में चोट लगी इधर सदर अस्पताल से लेगा में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया है जहां इलाज जारी है।

पत्नी को मारकर घायल करने के बाद पति ने पेड़ में फांसी लगाकर की आत्महत्या

सिमडेगा। ठेठईटांगर प्रखंड के रेंगारिह थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघचट्टा पंचायत के भंवरखोल गांव में 60 वर्षीय समृद्ध माझी नामक वृद्ध व्यक्ति ने अपनी पत्नी को मारकर घायल करने के बाद पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया । जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मनोज मरांडी ने बताया गया कि समृद्ध माझी अपनी पत्नी शांति देवी के साथ किसी बात को लेकर मारपीट करते हुए उसके सर पर गंभीर रूप से घायल कर दिया इधर घायल अवस्था में उसकी पत्नी को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जिसके बाद वह अपने घर में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर पुलिस महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है जिसकी इलाज चल रही है वही मामले की छानबीन कर रही है।

पेड़ पर फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

बानो। बानो प्रखण्ड के एकोदा आम्बा टोली में युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली ।मिली जानकारी के अनुसार बानो थाना क्षेत्र के एकोदा आम्बा टोली निवासी पुजार मुंडा ने अपने घर से कुछ दूर पर एक आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया ।मृतक पुजार मुंडा के परिजनों ने बताया कि पिछले दो साल से पुजार मुंडा का मानसिक स्थिति ठीक नही था ।कल कब आत्म हत्या कर लिया पता नहीं चला ।बाद में पता चलने पर इसकी सूचना बानो थाना को दी गई ।जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी प्रदीप खलखो व एस आई जुनास सोरेन एकोदा जाकर शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रकिया पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिये सिमडेगा भेज दिया गया।

जनजातीय वैद्य संगठन को लेकर हुई बैठक

ठेठईटांगर। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बकमटोली गांव में जनजातीय वैद्य संघ गठन को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ वैद्य पीटर टेटे ने की ।परंपरागत वनौषधि चिकित्सा पद्धति से प्रशिक्षित चिकित्सक -सह-जनजातीय वैद्य की बैठक में अलग-अलग मुद्दों-प्राचीन आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति विस्तार, रेफरल प्रणाली का निर्धारण, हर्बल गार्डन का निर्माण एवं जनजातीय वैद्य संघ का गठन एवं नामकरण पर सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया। उक्त जनजातीय संघ के संयोजक युवा वैद्य जेम्स टेटे को चुना गया एवं संघ का नाम संजीवनी वैद्य संघ सिमडेगा तय किया गया ।बैठक में संघ द्वारा निर्णय लिया गया कि मासिक बैठक प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह को बुधवार को तय रहेगा पर सहमति हुई वही मौके पर विशेष आमंत्रित पिरामल स्वास्थ्य से अनामयःआदिवासी स्वास्थ्य सहयोग कार्यक्रम के सिमडेगा जिला के समन्वयक अभिषेक कुमार ने कहा की आयुर्वेद विश्व का प्राचीनतम चिकित्सा विज्ञान है।

नल जल योजना की तो धज्जियां उड़ा दी है पीएचडी विभागः अजय एक्का

ठेठईटांगर। ग्रामीणों की शिकायत पर ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने ठेठईटांगर प्रखंड के ताराबोगा पंचायत अंतर्गत गौरीडुबा, जिलिंगा, भावनाडिपा आदि गांवों का दौरा कर जल नल योजना का निरिक्षण किया ग्रामीणों ने बताया कि गौरीडुबा डिपा में महज 100 फीट गहरा बोरवेल में जलमिनार सेट कर दिया जो कि 8 घरों के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं दे पाता है जिसके कारण पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है वहीं भावनडिपा टांगराटोली में 30 साल पुराना बोरवेल में जलमिनार सेट कर दिया गया है जिसमें पर्याप्त पानी नहीं है,ग्रामीणों ने बताया कि इससे अच्छा तो चापाकल ही था जिससे जब चाहे तब घड़ेभर पानी मिल पाता था। वहीं जिप सदस्य अजय एक्का ने कहा कि इसकी शिकायत कहां करें समझ में नहीं आता विभाग ही भ्रष्टाचार का गटर बन गया है जिसमें सरकारी योजनाएं बली चढ़ जा रही है। विभाग ने जल नल योजना की तो धज्जियां उड़ा दी है।

NEWS इन ब्रीफ

18 युवक-युवतियों को भेजा गया रांची

गिद्धौर(चतरा)। मुख्यमंत्री सार्थी योजना के तहत गिद्धौर प्रखंड कार्यालय से 2 युवक व 16 युवतियों को प्रशिक्षण के लिए मंगलवार को रांची रवाना किया गया। बीडीओ संजीत कुमार सिंह, सीओ जयशंकर पाठक ने संयुक्त रुप से सभी को प्रशिक्षण के लिए बस से रवाना किया। बीडीओ ने बताया कि सभी को सिलाई मशीन व कम्प्यूटर आदि से संबंधित प्रशिक्षण दी जाएगी।

चापाकल ठीक होने से ग्रामीणों में खुशी

गारू। भीषण गर्मी को देखते हुए मुखिया रुक्मणी नगेसिया, पंचायत सचिव महेश मुंडा की देखरेख में बारेसाड़ पंचायत अंतर्गत खराब पड़े सभी चापाकलों को बनवाने का कार्य पूरे जोर शोर से किया जा रहा है। ग्रामीण सुनील लोहरा ने बताया कि हमारे यहां विगत छह माह से चापाकल खराब था पर किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप टोप्पो के आदेश और मुखिया, सचिव के सहयोग से सभी चापाकलों को ठीक किया जा रहा है। इससे ग्रामीण बहुत खुश है। इसके लिए ग्रामीण सुरेंद्र सिंह, शिव सोनी, श्रावण राम, दुखी राम, शिक्षक बिजय प्रसाद ने बीडीओ को धन्यवाद दिया है।

राधास्वामी संगठन कार्यालय का उद्घाटन

बालूमाथ। प्रखंड मुख्यालय के झरिवा तालाब के आंगनबाड़ी केंद्र के समीप जिला स्तरीय राधास्वामी संगठन कार्यालय का शुभारंभ मंगलवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष सहित कई लोगों ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर शर्मा ने राधास्वामी संगठन के सेवा कार्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। मौके पर मुखिया राजीव भगत, सुरेश उरांव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष लाल आशीष नाथ शाहदेव, प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार सिन्हा, लातेहार प्रभारी निरंजन मिश्रा, जिला कोडिनेटर विनोद कुमार, पंचायत कोडिनेटर भीम प्रजापति, राजेश भुइयां, संतू प्रजापति, रामनिवास चौधरी, दीपावली देवी, कामेश्वर प्रजापति सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

वित्तमंत्री ने बच्चों को किया प्रोत्साहित

नेतरहाट। भारत स्काउट एंड गाइड के राज्य स्तरीय ट्रैकिंग कम नेचर स्टडी कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के बच्चों ने नेतरहाट में आकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए झारखंड राज्य के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने नेतरहाट आकर बच्चों को प्रोत्साहित एवं संबोधित किया। प्राचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह ने विद्यालय प्रेक्षागृह में वित्त मंत्री का स्वागत किया। मौके पर डॉ. मोहन सिंह भारत स्कॉट एंड गाइड के सचिव, अमोद सिंह राज्य संगठन आयुक्त, गौतम लेलिन मुख्यालय आयुक्त, लिलि ग्रेस तिग्गा आदि उपस्थित थे।

लक्ष्मी देवी के समर्थन में प्रदर्शन, बीडीओ को ज्ञापन सौंपा

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ

खरवार भोक्ता समाज विकास संघ के जिला समिति कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद गंझू के नेतृत्व में सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री और राज्यपाल एवं उपायुक्त लातेहार के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया है। इससे पूर्व सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों ने रैली कर विरोध प्रदर्शन किया। रैली जोगियाडी मैदान से चलकर रांची चतरा मुख्य मार्ग होते हुए दुर्गा मंडप से वापस लौट बीडीओ सह सीओ कार्यालय पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई।

इस दौरान लक्ष्मी देवी को इंसाफ दो, हमारी मांगें पूरी करो, सीओ पर एफआईआर दर्ज करो, बालूमाथ अंचलाधिकारी मुदार्बाद सहित कई नारे लगाए गए। मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं उपायुक्त के नाम बीडीओ राज श्रीललिता बख्ला को सौंपे ज्ञापन में बालूमाथ सीओ पर प्राथमिकी दर्ज करने एवं सुनील कुमार साव पर उचित कार्रवाई करने, सीओ द्वारा झूठा मुकदमा वापस करने, लातेहार जिला अंतर्गत दाखिल खारिज पांच वर्षों में की गई भूमि की सीबीआई जांच कराने व सीएनटी की भूमि बिक्री को रद्द करने की मांग की गई है। इस दौरान रामनाथ सिंह भोक्ता, प्रेम गंझू, बहादुर गंझू, कामेस्वर भोक्ता आदि उपस्थित रहे।

क्या है मामला: लक्ष्मी देवी, पति विजय गंझु का बालूमाथ अंचल कोर्ट में जमीन का मामला चल रहा था। सुनवाई के दौरान वादी लक्ष्मी देवी एवं उनके पुत्र सतीश कुमार पर सीओ एवं सुनील कुमार साव द्वारा गाली गलौज मारपीट और जातिसूचक बात बोलने का शिकायत पत्र थाने में दिया गया था। वहीं सीओ ने थाने में वादी लक्ष्मी देवी एवं उसके पुत्र सतीश कुमार पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज कराया गया था।

क्या कहते हैं सीओ : सीओ आफताब आलम ने बताया कि लक्ष्मी देवी बहकावे में आकर बयान दे रही हैं। मारपीट, गाली गलौज जातिसूचक का आरोप झूठा है। लातेहार निबंधन कार्यालय से सीएनटी भूमि की खरीद बिक्री बैन है। बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन करना असंवैधानिक है। इस परचिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

आवास योजना के 69 लाभुकों पर सर्टिफिकेट केस

विश्रामपुर। 69 आवास योजना के लाभुकों पर सोमवार को सर्टिफिकेट केस हुआ। लाभुकों पर केस बिश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने खुद किया है। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि प्रखंड की कई आवास योजना के लाभुक राशि लेकर भी आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं करा रहे थे। जबकि उन्हें कई बार निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने बताया कि केतात कला पंचायत में आठ, बघनावा पंचायत में 17, पंजरी कला में सात, तोलरा में 15, गुरी में 21 और गुरहा कला पंचायत में एक लाभुक पर सार्टिफिटेक केस किया गया है।

झगड़ा छुड़ाने के क्रम में लॉकेट छीनने का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के कुडुआ कला गांव निवासी उमाशंकर सिंह उर्फ बैकुंठ सिंह ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर कहा है कि वह अपने घर के पास महावीर मंदिर के समीप खड़े थे। गांव में झगड़े का शोर सुनकर वह पहुंचे, तो देखा की गांव के राजदेव चंद्रवंशी के घर के पास राकेश विश्वकर्मा के साथ गांव के पांच लोग झगड़ा कर रहे थे। इसमें दीपक कुमार, रमेश पासवान, मनीष पासवान, पवन पासवान व पप्पू पासवान आदि का नाम शामिल हैं। राकेश विश्वकर्मा के साथ हाथा-पाई रोकने के लिए बीच बचाव करने के क्रम में पांचों लोग एक मत होकर उनसे मारपीट करने लगे। उन्होंने गले का सोना का लाकेट भी छीन लिया। मारपीट में उमाशंकर सिंह उर्फ बैकुंठ सिंह का सिर फट गया। उमाशंकर सिंह उर्फ बैकुंठ सिंह के शोर मचाने के बाद गांव के अनिल कुमार दौड़कर बचाने लगे, तो उन्हें भी पीटा गया। जिससे उनका होंठ फट गया है। हल्ला सुनकर गांव के बहुत से लोग दौड़कर वहां पहुंच कर जान बचाने का काम किये। बाद में उमाशंकर सिंह उर्फ बैकुंठ सिंह व अनिल कुमार को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया।

आरोप : जानकारी देने के बावजूद पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

तीन महीने पूर्व अगवा किए गए ग्रामीण का शव जंगल में मिला

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

गारू के पंडरा गांव से तीन महीने पूर्व अगवा किये गये ग्रामीण गंगा उरांव (45) का शव ग्रामीणों ने गोपखाड़ के जंगल से बरामद किया। इससे परिजनों समेत गांव के लोग मर्माहत हैं। इस संबंध में मृतक के परिजन अभय टोप्पो समेत अन्य ने बताया कि मृतक गंगा उरांव को गत 18 मार्च की रात चार-पांच सशस्त्र बंदूकधारियों ने घर से अगवा कर लिया था। इस घटना के बाद परिजन दहशत में थे। परिजनों ने काफी खोजबीन की मगर कोई सुराग नहीं मिला। इसकी जानकारी परिजनों ने पुलिस प्रशासन को दी थी। बावजूद इसके पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

करीब तीन महीने बाद सोमवार को पंडरा एवं गोपखाड़ के बीच जंगल में पत्ती तोड़ने गये ग्रामीणों को मृतक की सूखी हड्डी एवं कपड़े बरामद किए गए। कपड़े से मृतक की पहचान की गयी। परिजनों ने बताया कि इसकी जानकारी गारू थाना पुलिस को दी गयी मगर पुलिस घटना स्थल पर नहीं पहुंची। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक के पत्नी एवं दो बच्चे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जानकारी देने के बाद भी पुलिस ने खोजबीन नहीं की। परिजनों ने मृतक को अगवा कर मार डालने का आरोप उग्रवादी संगठन पर लगाया है। परिजन ने उपायुक्त भोर सिंह यादव से मृतक के आश्रित को नौकरी एवं मुआवजा की मांग की है। इस संबंध में गारू थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत ने बताया कि जानकारी मिली है। इसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

सकलदीप गंझु के हत्यारों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हेरहंज। सकलदीप गंझु (23), पिता बासूदेव उर्फ गोपाल गंझू, ग्राम विदिर, थाना हेरहंज का शव दिनांक 4 मई को गांव के ही एक कुएं से बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने छापा मारकर फुलदेव भुइया, पिता भिंसरी भुइया, ग्राम बिदिर हेरहंज, पिंटू भुईया, पिता गन्नू भुईया, ग्राम हेबना, बालूमाथ को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही एक नाबालिक किशोरी को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही के अधार पर हत्या में प्रयुक्त लूंगी, पेचकश तथा मोबाफोन बरामद किया गया है। छापामारी दल में शामिल अजीत कुमार पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ, शशि रंजन कुमार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी हेरहज थाना, पुअनि कैलाश कुमार मंडल हेरहज थाना, पुअनि रूपलाल प्रसाद हरहज थाना, पुअनि कुबेर साव बालूमाथ थाना तथा बालूमाथ थाना एवं हेरहंज थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

घायल वृद्ध महिला को पुलिस जवानों ने पहुंचाया अस्पताल

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के गढ़वा रोड तालापारा के पास अज्ञात वाहन के धक्के से एक अज्ञात वृद्ध महिला बुरी तरह से जख्मी हो गई है। तभी पीसीआर 4 हाईवा पेट्रोलिंग के पदाधिकारी हवलदार शालुका सुंडी और उसमें बैठे पुलिसकर्मियों की नजर अज्ञात घायल महिला पर पड़ी। पीसीआर वाहन को रोककर पीसीआर वाहन के पदाधिकारी हवलदार शालुका सुंडी व पुलिसकर्मियों ने घायल को पीसीआर वाहन में लेटा कर इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं इस घटना के बाद पीसीआर वाहन के कर्मी चैनपुर थाना को सूचना दे दिए हैं।

चैनपुर में एफसीआई गोदाम का उद्घाटन

मेदिनीनगर। चैनपुर में दस हजार मीट्रिक टन कैपेसिटी वाले गोदाम का उद्घाटन सोमवार को किया गया। एफसीआई के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में एफसीआई कर्मियों ने सेवा भावना से कार्य किया है।

उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार आयोजित

डीसी ने कई मामलों को लेकर बीडीओ-सीओ को किया फोन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेशम में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को डीडीसी के समक्ष रखा। प्राप्त मामलों का निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभाग को भेज दिया। जनता दरबार में छत्तरपुर से आयी दशरथी नामक महिला ने अपने स्वर्गीय पति के बैंक खाते से वृद्धा पेंशन की राशि का निकासी करने के संबंध में आवेदन दिया। वहीं सदर प्रखंड के रजवाडीह से आये दीपनारायण ने भूमि सीमांकन के विषय के संबंध में आवेदन दिया।

संजनी कुमारी को ट्यूमर के इलाज के लिए 20 हजार प्राप्त

जनता दरबार में चैनपुर से आयी संजनी कुमारी ने उपायुक्त को बताया कि वो पिछले 10 माह से छाती के ट्यूमर से पीड़ित है.संजनी ने उपायुक्त को बताया कि वो अपना इलाज स्थानीय डॉक्टर जी.पी सिंह से करा रही थी लेकिन बेहतर इलाज को लेकर उसे रांची जाने की सलाह दी गयी है.उन्होंने उपायुक्त को बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं की वो अपना इलाज रांची में रहकर करासके इसपर उपायुक्त ने संजनी को इलाज हेतु 20 हजार रुपये की मदद की.जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने विश्रामपुर सीओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी ,समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज गति से निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया।

जागरूकता के अभाव में गई निलेश की जान पागल कुत्ते के काटने पर किया था देसी इलाज

महुआडांड़ प्रतिनिधि

प्रखंड के सोहर पंचायत के ग्राम पकरीपाठ निवासी निलेश मिंज, पिता जूलियस मिंज की मौत पागल कुत्ते के काटने के 27 दिन बाद 7 मई की देर रात को हो गई। निलेश मिंज को गांव में 27 दिन पहले पास्का पर्व के दूसरे दिन पागल कुत्ते ने काटा था।

कुत्ते के काटने के बाद गांव में उसका देसी उपचार हो रहा था। कुछ दिनों पहले हालात खराब होने पर महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया था, जहां से मरीज को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। इस संबंध में प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो ने बताया कि मरीज की हालात काफी खराब होने पर लाया गया था। कुत्ते के काटने के बाद एक बार भी मरीज को अस्पताल नहीं लाया गया था। 21 वर्ष के निलेश मिंज महुआडांड़ के संत जेवियर कॉलेज के अकाउंट के थर्ड डिग्री के छात्र थे। मौत से घर में मातम पसरा हुआ है। जागरूकता और जानकारी के अभाव में अभी भी गांवों में कुत्ते व सांप के काटने पर ग्रामीणों द्वारा अधिकतर देसी उपचार का सहारा लिया जाता है, जबकि सरकारी अस्पतालों में सांप व कुत्ते के काटने पर उपचार उपलब्ध है।

निलेश मिंज

पलामू में आज लगेगा रोजगार मेला

मेदिनीनगर। पलामू में आज रोजगार मेला लगेगा। जहां आईटीआई कर रहे छात्रों का चयन किया जाएगा। साथ ही साइंस स्ट्रीम से इंटरमीडिएट पास विद्यार्थियों के लिए भी पढ़ाई के साथ कमाई का अवसर दिया जाएगा। जिला मुख्यालय में रांची रोड स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आज रोजगार मेला लगेगा। जहां टाटा मोटर्स की ओर से युवाओं को नौकरी का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसमें किसी भी संस्थान से आईटीआई पास छात्र-छात्रा भाग ले सकते हैं। वहीं, साइंस स्ट्रीम से इंटरमीडिएट पास विद्यार्थी भी शामिल हो सकते हैं।

कुएं में गिरे बच्चे को बचाने में घायल बहादूर बच्ची की मुखिया व थाना प्रभारी ने की मदद

नवीन मेल संवाददाता।
मयूरहंड(चतरा)

जिले के मयूरहंड प्रखंड के हुसिया गांव की 13 वर्षीय बहादूर बच्ची काजल कुमारी ने अपनी जान की प्रवाह किए बगैर तीन वर्षीय बालक को बचाने के लिए कुएं में छलांग लगा कर बालक की जान बचाई और खुद गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल साहसी बच्ची के परिजन आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण समुचित इलाज नहीं करवा पा रहे थे। इसकी जानकारी मीडिया के माधयम से होने पर मयूरहंड थाना प्रभारी रामवृक्ष राम ने घर पहुंचकर आर्थिक सहयोग किया। वहीं मंझगावा मुखिया मंजित सिंह ने बहादूर काजल के घर पहुंच कर आर्थिक सहयोग के साथ फल व अन्य सामग्री देकर हौसला अफजाई की। साथ ही घायल काजल को समुचित इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से हजारीबाग सदर अस्पताल भेजवाया। मुखिया ने कहा कि इस बहादूर व साहसी बच्ची को इलाज में कोई कमी नहीं होगी। बच्ची को जिला प्रशासन द्वारा वीरता पुरस्कार से सम्मानित करने की मांग करता हूं।

कार्रवाई **जनता दरबार में मिली थी शिकायत**

बरवाडीह बीडीओ ने 7 फर्जी पेंशनधारी लाभुकों को पकड़ा

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह

प्रखंड विकास अधिकारी राकेश सहाय ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र में फर्जी तरीके से कम उम्र के लाभुको द्वारा सर्वजन पेंशन योजना का लाभ उठाने का मामला उजागर किया। पूरे मामले को लेकर प्रेस वार्ता करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में फर्जी आधार कार्ड के माध्यम से लगातार सर्वजन पेंशन योजना का लाभ लेने को लेकर जनता दरबार में शिकायत मिल रही थी। एक सप्ताह पूर्व जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की जांच कराई गई तो उनमें 7 लाभुकों द्वारा फर्जी आधार कार्ड और दस्तावेजों का इस्तेमाल कर पेंशन के लिए आवेदन किए गए पाए गए थे। इसकी जांच

प्रखंड स्तर पर चुनाव कोषांग के माध्यम से कराने पर फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ। वहीं फर्जी आवेदन का खुलासा होने के बाद बीडीओ द्वारा पंचायत के मुखिया के साथ आवेदन देने वाले लाभुकों को नोटिस जारी किया गया। पोखरी के आवेदनकर्ता समीमा खातून, खुशबुन निशा, मोहम्मद इकबाल अंसारी, विमला देवी, फिरोज मियां, ललिता देवी, सलमा बीबी द्वारा फर्जी दस्तावेज के माध्यम से आवेदन करने की बात स्वीकारी गई। प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से आधार कार्ड सुधाकर ऐसा किया गया था।

कई प्रज्ञा केंद्र इस धंधे में शामिल: बीडीओ ने बताया कि कई लोगों द्वारा अधिक पैसे कमाने के चक्कर में प्रज्ञा केंद्र में आधार कार्ड समेत कई दस्तावेजों की हेराफेरी करने का काम किया जा रहा है। इस संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है और कई लोगों के नाम भी अब तक सामने आ चुके हैं जिनके खिलाफ जल्द ही नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ऐसे प्रज्ञा केंद्र संस्कार की पहचान कर उचित कार्रवाई की बात कही है।

विद्यालय से छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंचा छात्र, परिजन चिंतित

चंदवा। प्रखंड के परसाहि स्थित ब्राइट फ्यूचर विद्यालय का छात्र छुट्टी के बाद घर वापस लौटने के क्रम में रास्ते से ही गुम हो गया है। विद्यालय प्रबंधक कुश कुमार यादव ने फोन पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि छात्र पृथ्वीराज उरांव, पिता शिवकुमार उरांव प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी सुबह सात बजे विद्यालय आया था और छुट्टी होने के बाद घर जाने के लिए निकला पर वह घर नहीं पहुंचा। बच्चे के चाचा उमेश उरांव ने बताया कि वह स्कूल से घर आने के लिए निकला था पर घर नहीं पहुंचा। सभी रिस्तेदार के यहां पता किया गया पर उसका कही पता नहीं चल पा रहा है। इसकी लिखित सूचना थाने को दे दी है। बताया जाता है कि बच्चे के माता-पिता वर्षों से अलग-अलग रह रहे हैं। बच्चा अपने पिता के साथ रहकर ब्राइट फ्यूचर विद्यालय की तीसरी कक्षा में है। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे को महुआमिलान स्टेशन तक देखे जाने की बात सामने आ रही है।

परीक्षा केंद्र से 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू

परीक्षा के लिए एसडीओ ने जारी किये निर्देश

परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत पांच अथवा पाँच से अधिक व्यक्ति एक साथ मजमा बनाकर नहीं चलेगा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। बीएड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को देखते हुए मेदनीनगर सदर एसडीओ राजेश कुमार शाह ने परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि के अंदर कोई भी व्यक्ति घातक हथियार लाठी (बूढा एवं अपंग) को छोड़कर भाला, गड़ासा, छुरा, अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत पांच अथवा पाँच से अधिक व्यक्ति एक साथ मजमा बनाकर नहीं चलेगा। दाह-संस्कार,धार्मिक एवं शादी-विवाह के जुलूस पर लागू नहीं होगा।परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के परिधि के अंदर कोई भी संस्था/व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित होगा।परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/ वीक्षक/ परीक्षार्थी पुलिस बल को छोड़कर कोई भी व्यक्ति परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में नहीं जाएगा। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में कोई भी व्यक्ति अनावश्यक नहीं रहेगा या चीट-पुर्जा, प्रश्नपत्र वितरित नहीं करेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगी।

परीक्षा के लिए आठ केन्द्र निर्धारित

सदर अनुमंडल क्षेत्र में बी0एड0 संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए कुल 08 केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें विमला पांडेय मेमोरियल, ज्ञान निकेतन स्कूल, बैरिया, मेदिनीनगर, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय (जिला स्कूल) मेदिनीनगर, एलिट पब्लिक बी0एड0 कॉलेज चियांकी, मेदिनीनगर, आर0 के0 गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर , राजकीयकृत बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय (के0जी0 स्कूल) मेदिनीनगर, संत जेवियर एकेडमी स्कूल, बारालोटा, डालटेनगंज, योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय, डालटनगंज, बी0सी0सी0 मिशन बालिका उच्च विद्यालय आबादगंज मेदिनीनगर। इन केंद्रों पर बी0एड0 संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2023 13 मई को पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक संचालित होगी। इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है।

प्रकृति के साथ छेड़छाड़

झारखंड में तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। एक बार फिर तपिश शुरू हो गई है। हालांकि, कड़ी धूप के बीच बादलों की आवाजाही से थोड़ी राहत सोमवार को मिली थी,लेकिन पुनः मंगलवार को फिर तपिश बढ़ गयी है। राज्य के कई जिलों का तापमान 40 डिग्री पार हो चुका है। मौसम विभाग की मानें तो अभी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। अभी तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों में तापमान में और वृद्धि की संभावना है। आनेवाले दिनों में तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है। जिससे लोगों को गर्मी से छुटकारा मिलने की उम्मीद कम है। लोगों को गर्मी से बचने के लिए कुछ सावधानियों का ध्यान रखना आवश्यक है। यह सब प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का नतीजा है। जंगल कट रहे हैं। डीप बोरिंग धड़ाधड़ जारी है। तालाबों का अस्तित्व खतरे में है। यही कारण है कि मौसम का मिजाज हर समय बदल रहा है। ऐसे में अगर प्रकृति के साथ छेड़छाड़ इसी प्रकार जारी रही तो आनेवाला समय और भयावह होने से कोई नहीं रोक पायेगा। बहरहाल गर्मी बढ़ जाने के बाद पानी की दिक्कत हर ओर सुनाई पड़ने लगी है। यह शुभ संकेत नहीं हैं। झारखंड का पलामू पिछले महीने देश का सबसे गर्म जिला आंका गया था। अभी मई महीना बाकी है। दूसरी तरफ शादी व्याह वाले घरों में चिंता हो रही है कि कैसे शादी विवाह होगें। कारण पानी की किल्लत दिनप्रतिदिन बढ़ रही है। नदियों का जलस्तर बिल्कुल नीचे चला गया है । बढ़ती गर्मी के असर को देखते हुए चिकित्सकों के द्वारा लोगों को ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दी जा रही है। पानी की कमी होने से शरीर डीहाईड्रेशन का शिकार हो जाता है। और उसके घातक परिणाम हो सकते हैं। वहीं पानी में ग्लूकोज और ओआरएस की घोल भी मिलाकर पीना चाहिए। गर्मी बढ़ने के साथ ही अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। अधिकांश मरीज लू लगने की वजह से पीड़ित हैं। अभी शादी विवाह का भी समय चल रहा है। ऐसे में खाने में भी परहेज करने की जरूरत है। अनावश्यक खाना भी गर्मी में शरीर के लिये लाभदायक नहीं है। वहीं ज्यादा देर तक भूखे रहना और खाली पेट धूप में निकलना खतरनाक है। बंगाल की खाड़ी में से उठने वाले चक्रवाती तूफान के कारण इसका असर हर जगह देखने को मिल रहा है। मौसम में यह बदलाव बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से में बन रहा साइक्लोनिक सकुर्लेशन के कारण है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन चक्रवाती तूफान का रूप लेकर उत्तर पश्चिमी दिशा में आगे बढ़ने के आसार हैं। लेकिन कुछ दूर जाने के बाद दिशा परिवर्तन होने की संभावना भी जताई जा रही है। दिशा में यह परिवर्तन के बाद यह म्यांमार और बांग्लादेश की ओर जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो झारखंड पर भी इसका आंशिक असर पड़ेगा। इससे दक्षिणी हिस्सों में बादल छा सकते हैं। ऐसे में सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि इंसान को मौसम के साथ अपने आचार व्यवहार बदलने ही होगें।

गर्मी बढ़ जाने के बाद पानी की दिक्कत हर ओर सुनाई पड़ने लगी है। यह शुभ संकेत नहीं हैं। झारखंड का पलामू पिछले महीने देश का सबसे गर्म जिला आंका गया था। अभी मई महीना बाकी है।

कुर्सी की दावेदारी में गहलोत की राजनीति

राजनीतिक दांवपेच में महारथ हासिल अशोक गहलोत ने धौलपुर की एक सभा में अपनी राजनीतिक जादूगरी का करिश्मा दिखाते हुए न केवल सचिन पायलेट को पटकनी दी है बल्कि वसुंधरा राजे सिंधिया की प्रशंसा करते हुए उन्हें भी चीत कर दिया है। अपने एक ही तीर से उन्होंने राजस्थान की भावी राजनीति की फिजां बदलते हुए न केवल अपने प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलेट के राजनीति जीवन पर अंधेरा बिखेर दिया है, बल्कि राजस्थान की दूसरी कद्दावर नेता वसुंधरा के आगामी विधानसभा चुनाव में नेतृत्व को धुंधला दिया है, इस तरह करिश्माई नेता गहलोत ने आगामी विधानसभा में अपने लिये रास्ता निष्कंटक बना लिया है। कांग्रेस के सबसे बड़े रणनीतिकार माने जाने वाले अशोक गहलोत ने सचिन पायलट का राजस्थान का मुख्यमंत्री बनने का सपना ही नहीं तोड़ा है बल्कि कांग्रेस आलकमान को उनकी पार्टी निष्ठा पर सोचने को मजबूर कर दिया है। अशोक गहलोत राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। वे पायलेट को मुख्यमंत्री बनने से रोकने एवं आगामी चुनाव में अपनी जीत को सुनिश्चित करने के लिये कुछ भी कर सकते हैं कि संभावनाओं को उन्होंने आखिर अंजाम दे ही दिया। कुछ साल पहले एक इंटरव्यू में अशोक गहलोत ने कहा था, 'अगर मैंने कभी राजनीति में एंट्री नहीं की होती तो मैं जादूगर होता। मुझे हमेशा सामाजिक कार्य और जादू के गुर सीखना पसंद था। भविष्य में मुझे जादूगर बनने का मौका नहीं मिल सकता है, लेकिन जादू अभी भी मेरी आत्मा में है। इस प्रकार उन्हें अक्सर कांग्रेस के हलकों में 'जादूगर' कहा जाता है और इसी जादूगरी से उन्होंने अनेक बार राजनीति के चाणक्य होने का उदाहरण प्रस्तुत किया है। गहलोत ने रविवार को दावा किया कि 2020 में जब पायलेट के द्वारा उनकी सरकार को गिराने की साजिश हुई, तब पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता वसुंधरा राजे ने उनका साथ दिया था। उनकी मदद की बदौलत ही वह साजिश नाकाम की जा सकी थी। गहलोत के मुताबिक, तब सरकार गिराने के लिए कांग्रेस विधायकों के बीच पैसे भी बांटे गये थे। चूंकि सरकार गिराई नहीं जा सकी, इसलिए उन्होंने अपने विधायकों से कहा कि वे पैसे वापस कर दें, लेकिन 'जिन्होंने पैसे दिए वे, पता नहीं क्यों वापस ले ही नहीं रहे।' इस पूरे मामले पर गौर करें तो कई गंभीर सवाल उभरते हैं। अव्वल तो गहलोत ने जो बात नहीं कही, वह यह कि सरकार गिराने की उस कथित साजिश में प्रत्यक्ष भूमिका सचिन पायलट की थी, जो उनकी अपनी पार्टी के हैं। दूसरी बात यह कि अगर खुद गहलोत के कहे मुताबिक उनकी अपनी पार्टी के विधायकों ने पैसे स्वीकार किए तो बतौर मुख्यमंत्री उनका दायित्व बनता था और बनता है कि उन विधायकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत क्यों नहीं दर्ज कराई गयी। जबकि यह सामान्य-सी बात है कि कानूनन रिश्वत देना और लेना दोनों अपराध है। भाजपा ने ऐसी मांग भी की है। लेकिन इन कानूनी पहलुओं से अलग शुद्ध राजनीतिक नजरिये से देखा जाए तो संसदीय लोकतंत्र में विभिन्न पार्टियों के बीच की रस्साकशी कई बार किस तरह के नाटकीय दृश्य उपस्थित कर देती है, उसका यह एक दिलचस्प उदाहरण है। सभी राजनीतिक मूल्यों एवं नैतिकता को किनारे करते हुए गहलोत ने उस घटना का अभी प्रकटीकरण करके आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी दावेदारी को पुष्ट किया है। राजनीति को लेकर ढेरों मुहावरे बन चुके हैं- राजनीति बदमाशों की अंतिम शरणस्थली है, राजनीति में नीति जैसी किसी स्थिति की कोई जगह नहीं है, प्यार, युद्ध और राजनीति में सब कुछ जायज है, राजनीति में कोई स्थायी मित्र या कोई स्थायी शत्रु नहीं होता, राजनीति अवसर भुनाने की कला है, राजनीति असंभव को साधने की कला है, आदि-आदि। और यह एक रोचक स्थिति है कि राजस्थान ने इन और ऐसे सारे मुहावरों की हकीकत की बानगी किसी न किसी रूप में देख ली है। प्रांत में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार बनती है या नहीं, यह आगामी विधानसभा चुनाव के नतीजों से ही पता चलेगा, लेकिन उससे पूर्व जिस तरह के राजनीतिक समीकरण बन-बिगड़ रहे हैं, जिस तरह की बयानबाजी हो रही है, जिस तरह के दांवपेच सामने आ रहे हैं, उस सबसे हमारी राजनीति का अवसरवादी चेहरा जरूर अलग-अलग रूपों में सामने आ रहा है। ऐसा नहीं कि पहले हमारी राजनीति के विरोधाभासी समीकरण कभी सामने नहीं आए, लेकिन जिस रूप में सामने आ रहे हैं, वह अपने आप में हमारी राजनीति को परिभाषित कर रहे हैं। राजनीति में झूठ को इतनी खूबसूरती से कहा जाता है कि वह सच लगने लगता है, अरविन्द केजरीवाल आजकल ऐसे झूठ को दिनरात विभिन्न मंचों से प्रस्तुत करने में लगे हैं, क्या गहलोत भी ऐसा ही कर रहे हैं। उन्होंने अपने ही दल के नेता पर जो भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी का आरोप लगाया है, हालांकि ऐसे मामलों की अंतिम सचाई कभी सामने नहीं आती। इस मामले में भी किसकी बातों में कितनी सचाई है यह पता करना करीब-करीब नामुमकिन है। वसुंधरा राजे ने मुख्यमंत्री गहलोत की बातों को सफेद झूठ कह भी दिया है। लेकिन यह तो सच है कि जब सचिन पायलट अपने करीबी विधायकों के साथ हरियाणा जाकर बैठ गये थे और कांग्रेस विधायकों में अफरातफरी का माहौल बनने लगा था, तभी कुछ समय में माहौल शांत होने लगा, कांग्रेस के विधायक गहलोत के समर्थन में आने लगे और यह स्पष्ट हो गया कि पायलट गहलोत की सरकार गिराने की स्थिति में नहीं रह गये हैं। उस समय भी मीडिया में सूत्रों के हवाले से ये खबरें आई थीं कि परदे के पीछे गहलोत को वसुंधरा राजे का समर्थन मिल चुका है। उसके बाद यह परिदृश्य बना कि कांग्रेसी विधायकों का एक धड़ा समर्थन वापस ले ले तो भी गहलोत की सरकार गिरने की नौबत आना मुश्किल है क्योंकि दूसरी तरफ से उसकी भरपाई हो सकती है। स्वाभाविक ही उसके बाद कांग्रेस विधायकों में बगावत का जोश ठंडा पड़ गया। राजनीति में ऐसे दांव-पेच नये नहीं। लेकिन दिलचस्प है कि एक समय जिनकी मदद से सरकार बची, दूसरे समय उन्हीं को अपने राजनीतिक लाभ के लिये प्रस्तुत करने में गहलोत नहीं हिचक रहे और जिन लोगों ने कथित तौर पर मदद की, वे धन्यवाद स्वीकार करने तक में न केवल घबरा रहे हैं बल्कि सराहना का जवाब आक्रामक आरोपों से दे रहे हैं। सचमुच राजनीति एक अजीब खेल है, एक सतरंज का मैदान है। गहलोत ने वसुंधरा की प्रशंसा किसी कृतज्ञ-भावना से नहीं की है, बल्कि भाजपा का भावी मुख्यमंत्री उम्मीदवार कम-से-कम वसुधरा न हो, इस कुटिल कुचेष्टा से की है। गहलोत का धौलपुर सन्देश या उद्बोधन राजस्थान की जनता के नाम खुला आह्वान कहा जा सकता है जिसमें उन्होंने शिखर राजनीति के दांव-पेंचों को जनता की अदालत में विमर्श के लिये पेश कर दिया है।

सरकार गिराने के लिए कांग्रेस विधायकों के बीच पैसे भी बांटे गये थे। चूंकि सरकार गिराई नहीं जा सकी, इसलिए उन्होंने अपने विधायकों से कहा कि वे पैसे वापस कर दें, लेकिन 'जिन्होंने पैसे दिए वे, पता नहीं क्यों वापस ले ही नहीं रहे।

इन दिनों

ललित गर्ग

बोधि वृक्ष

आईए सुनें भगवान बटुक भैरव की कथा

अतः आज से तुम्हारा नाम कपाल भैरव होगा, कपालहस्त होने के कारण तुम्हें कपाली भैरव भी कहा जाएगा और आज से तुम काशी में साक्षात काल भैरव का दंड बनकर मेरे कार्य में मेरी सहायता करोगे, जिस लाट पर ब्रह्मदेव का सर गिरा था तुम उसी लाट पर स्थापित होंगे और तुम्हें लाट भैरव कहा जाएगा और तुम्हारी पूजा के बाद ही मेरी पूजा होगी। इसी कारण से आज भी बाबा कपाल भैरव का ध्यान किए बिना भगवान काल भैरव की पूजा नहीं की जाती जिसके प्रमाण है काशी और उज्जैन के काल भैरव मंदिर जिनमें निम्नलिखित श्लोक से बाबा कपाल भैरव को याद किया जाता है। काल यानी समय और काल भैरव यानी समय के भय से रक्षा करने वाले, बाबा काल भैरव और ब्रह्मदेव के ब्रह्मकपाल से प्रकट होने के कारण बाबा कपाल भैरव त्रिनेत्रधारी और त्रिकालदर्शी देवता है, ये अत्यंत शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता है और बिना साधक का अहित किए हुए ये उसके साथ रहते हैं। इनकी पूजा और साधना करने वाला व्यक्ति सदैव सुखी होता है। भगवान कपाल भैरव कपाल से प्रकट होने के कारण कपाल तत्व के इष्ट देवता है। जैसा की आप सबको मैंने बताया था की साधना क्षेत्र में कपाल भेदन क्रिया कितनी आवश्यक है परन्तु लोग इसे जल्दी से सिद्ध नहीं कर पाते। कारण की उन्हें पता ही नहीं होता की कपाल भेदन क्या होता है और किस देवता की कृपा से वो कपाल भेदन क्रिया संपन्न कर सकते हैं। कलयुग में तीन देवता ऐसे हैं जिन्हें मुख्य रूप से जागृत माना गया है जो समस्त कलयुग में मानव कल्याण का भार वहन करते हैं और वो तीन देवता है- भगवान श्री हनुमान, भगवान श्री भैरव, और माता श्री महाकाली। जागृत होने के कारण भैरव कम साधना उपासना में भी साधक को फल दे देते हैं और बाबा कपाल भैरव के आशीर्वाद से आप कपाल भेदन क्रिया को भी संपन्न कर सकते हैं। ***(क्रमशः)***

पाकिस्तान को भारत का कड़ा संदेश

प्रभुनाथ शुक्ल

भारत और पाकिस्तान के रिश्तों के मध्य जमी बर्फ फिलहाल पिघलती नहीं दिखती है। गोवा में सम्पन्न हुए शंघाई सहयोग संगठन की बैठक से कम से यही संदेश निकलता है। पाकिस्तान आतंकवाद के मसले पर दोहरी नीति का पोषक है। पाकिस्तान यह अच्छी तरह जानता है कि भारत से सीधी लड़ाई में वह कभी जीत नहीं हासिल कर सकता है। वैश्विक मंच पर भी भारत बेहद मजबूती से खड़ा दिखता है। दुनिया में भारत की साख मजबूत है। भारत की वैश्विक कूटनीति अलग है। वह अपनी बात को दुनिया के सामने बड़ी साफगोई से रखता है। आतंकवाद के मसले पर उसकी नीति दो टूक है। भारत कभी भी आतंकवाद का समर्थन नहीं करता। अमेरिका, रूस और चीन जैसे ताकतवर मुल्कों के साथ भी उसकी नीति साफ है। भारत बुद्ध के सिद्धांत पर चलता है। वह जीओ और जीने दो में विश्वास रखता है। अरब देशों से भी भारत के बेहतर सम्बन्ध हैं। क्योंकि उसकी नीति स्पष्ट और साफ है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो को भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर कुछ खास हासिल नहीं हो पाया। भारत ने आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान को कटघरे में खड़ा कर दिया। विदेशमंत्री एस जयशंकर ने जिस तरह पाकिस्तान को लताड़ा वह काबिलेगौर है। भारत शंघाई सहयोग संगठन के देशों को यह समझाने में कामयाब रहा कि आतंकवाद की फसल पाकिस्तान में उगाई जाती है। आतंकवाद को लेकर इससे बड़ी शर्मनाक बात और क्या हो सकती कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत में थे और कश्मीर में पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आये आतंकी हमारी सेना पर हमला कर रहे थे। राजौरी विस्फोट में हमारे पांच सैनिकों ने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान की इससे बड़ी दोहरी नीति और क्या हो सकती है। ईद के दिन भी सेना के ट्रक पर ग्रेनेड से हमला किया गया जिसमें पांच जवान बलिदान हो गये। पाकिस्तान के विदेशमंत्री ने पाकिस्तान लौटने के बाद कहा है कि आतंकवाद के मसले पर दोनों मुल्कों को मिलकर बात करनी चाहिए। यह दुनिया को दिखाने के लिए पाकिस्तान की कूटनीति है। 2016 के बाद बिलावल भुट्टो पहले ऐसे नेता हैं जिन्होंने भारत का दौरा किया है। हालांकि बिलावल के भारत दौरे को लेकर भी लोग बंटे हैं। पाकिस्तान चाहता है कि भारत धारा 370 की कश्मीर में वापसी करे, लेकिन यह संभव नहीं है। क्योंकि कश्मीर भारत का आंतरिक मामला है। वह किसी दूसरे का हस्तक्षेप मंजूर नहीं करेगा। दूसरी तरफ पाक परस्त आतंकी घटनाएं चरम पर हैं उस लिहाज से पाकिस्तान से बातचीत मुमकिन नहीं है। सम्बन्ध सुधारने की बात तो दूर की कौड़ी है। पाकिस्तान चाहकर भी भारत के साथ रिश्ते नहीं सुधार सकता है। क्योंकि पाकिस्तान में चुनी सरकारें स्वतंत्र नहीं होती हैं उस पर सेना का नियंत्रण रहता है। पाकिस्तान में सरकारें सिर्फ दिखावे की बनती हैं, नीति तो सेना तैयार करती है। सेना खुद नहीं चाहती कि भारत के साथ सम्बन्ध सुधरें। पाकिस्तान की आर्मी आतंकियों को खुद ट्रेनिंग देकर भारत भेजती है। पाकिस्तान आतंकवाद पर दुनिया को दिखाने के लिए सिर्फ घड़ियाली आंसू बहाता है। भारत सरकार जम्मू-कश्मीर में अब चुनाव कराना चाहती है। जबकि पाकिस्तान कभी ऐसा नहीं चाहेगा। यहाँ आम कश्मीरी अमन चाहता है। क्योंकि वह बहुत कुछ खो चुका है, लेकिन पाकिस्तान परस्त वहां के राजनेता कश्मीर में कभी भी शांति नहीं चाहते। कश्मीर शांत हो गया तो उनकी वहां कोई सुनने वाला नहीं रहेगा।

भारत बेहद मजबूती से खड़ा दिखता है। दुनिया में भारत की साख मजबूत है। भारत की वैश्विक कूटनीति अलग है। वह अपनी बात को दुनिया के सामने बड़ी साफगोई से रखता है।

ऋतुपर्ण दवे

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

औद्योगिक घरानों के बंटवारे कैसे प्रेम से हों

आर.के. सिन्हा

दीपक पारेख को भारत के कोरपोरेट जगत में बहुत ही आदर भाव के साथ देखा जाता है। एचडीएफसी बैंक के चेयरमेन दीपक पारेख बीती आधी सदी से कोरपोरेट जगत की हरेक घटना के अहम साक्षी हैं। वे जब किसी विषय पर बोलते हैं तो उसे नजरअंदाज करना संभव नहीं होता। उन्होंने हाल ही में एक सेमिनार में कहा कि भारत के बहुत से औद्योगिक-घरानों में संपत्ति बंटवारे को लेकर हुआ विवाद इतना गंभीर हो गया है कि वे घराने इस आघात से बुरी तरह से छलनी हो गये। इस पूरी प्रकिया में लंबा वक्त भी लगा सो अलग । उनकी सलाह थी कि जिन घरानों में विवाद हो तो उन्हें मध्यस्थता के रास्ते पर चलना चाहिए। इससे धन और वक्त भी बच जाएगा। दीपक पारेख की बात में दम है। हमने देखा है कि रिलायंस ग्रुप के चेयरमेन धीरूभाई अंबानी के निधन के बाद उनके दोनों पुत्रों - मुकेश और अनिल में संपत्ति विवाद गहरा होता चला गया। बात जब कोर्ट गई तो दोनों ने नामवर वकीलों को अपने पक्ष में दलीलें देने के लिए रखा। इस प्रक्रिया में दोनों ने करीब दो सौ करोड़ रुपये फूंक भी दिए। अंत में, बैंकिग की दुनिया के प्रमुख हस्ताक्षर के.वी. कामथ को मध्यस्थता और संपत्ति के बंटवारे के लिए रखा गया। फिर कहीं जाकर बात बनी। कामथ आईसीआईसीआई बैंक के फाउंडर चेयरमेन थे। हालांकि यह स्वीकार करना होगा कि बंटवारे के बाद मुकेश अंबानी ने जहां शिखर को छुआ, वहीं अनिल अंबानी अपने समूह को कायदे से दिशा देने में नाकाम रहे। अब बात पश्चिम उत्तर प्रदेश के एक बड़े औद्योगिक समूह की भी कर लेते हैं। यह समूह चीनी, धागे, टायर, घी वगैरह का उत्पादन करता था। इस समूह का देश में खासा नाम था। पर इसके चेयरमेन का 1970 के दशक के आरंभ में निधन हो गया। कुछ समय के लिए चेयरेमन के छोटे भाई को समूह का प्रमुख बना दिया गया। पर बडे भाई के पुत्रों ने विद्रोह कर दिया। इसके चलते यह समूह कलह-क्लेश का शिकार हो गया। इसकी पहले वाली स्थिति नहीं रही। अब यह समूह कतई खबरों में नहीं रहता किसी विशेष उपलब्धि के चलते। इसी तरह दिल्ली के डीसीएम समूह को गांधीवादी लाला श्रीराम ने शुरू किया था। उनके बाद, उनके दोनों पुत्रों लाला भरत राम तथा लाला चरत राम ने डीसीएस समूह को सही से चलाया। पर इनके बाद डीसीएम समूह बिखरने लगा। यानी तीसरी पीढ़ी इसे एक नहीं रख सकी। दोनों भाइयों के पुत्रों के बीच डीसीएम समूह की कंपनियां विभाजित हुई थीं। इससे पहले विवाद भी हुए। पर यह तो कहना ही होगा कि डीसीएम समूह ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में शानदार योगदान दिया। इस समूह की तरफ से श्रीराम कॉलेज आफ कॉमर्स, लेडी श्रीराम कॉलेज, श्रीराम कला केन्द्र जैसे स्तरीय संस्थान खोले गये। मुंबई में मफतलाल समूह में भी बंटवारे के सवाल पर लंबे समय तक बवाल चलता रहा। इसका समूह को नुकसान हुआ। मफतलाल समूह की विकास की रफ्तार धीमी पड़ गई। कायदे से बड़े घरानों का समय रहते ही बंटवारा हो जाना चाहिए। प्रोमोटर को चाहिए कि वे एक उम्र के बाद अपने समूह की संपत्तियों का अपने बच्चों में बंटवारा कर दे। इससे विवाद की नौबत नहीं आएगी। बंटवारे के बाद जिस-जिस के हिस्से में कंपनियां आयेंगी वे उन्हें आगे लेकर जाएगे अगर बात गुजरे कुछ दशकों की करें तो हम देखते हैं कि कोलकाता के आरपी गोयनका समूह का बंटवारा सौहार्दपूर्ण माहौल में हुआ। आरपीजी समूह के चेयरमेन आर.पी.गोयनका ने अपनी कंपनियों को अपने दोनों पुत्रों- हर्ष और संजीव में वक्त रहते हुए बांट दिया।

दीपक पारेख की बात में दम है। हमने देखा है कि रिलायंस ग्रुप के चेयरमेन धीरूभाई अंबानी के निधन के बाद उनके दोनों पुत्रों - मुकेश और अनिल में संपत्ति विवाद गहरा होता चला गया।

राजनीति

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

12वीं के बाद छात्र आर्ट्स स्ट्रीम में करें ये टॉप डिप्लोमा कोर्स

छात्रों को अक्सर यह चिंता रहती है कि वह बीएससी में कौन से विषय चुनें, बीए में कौन से विषय चुनें या फिर मैनेजमेंट की तरफ अपना रुख करें। लेकिन आप को बता दें कि 12वीं के बाद स्टूडेंट्स कई अन्य क्षेत्रों में डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि स्टूडेंट्स अपनी डिग्री कोर्स के साथ डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। इससे न छात्रों की नॉलेज इम्प्रूव होगी, बल्कि इन कोर्स से उनकी सीवी भी मजबूत होगी। इस दौरान स्टूडेंट्स कई विषयों पर शिक्षा प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। जिनमें वह अपनी स्किल डेवलपमेंट कोर्स का चयन करते हैं।

अक्सर 12वीं कक्षा के बाद छात्र अपने करियर और कोर्स को लेकर परेशान रहते हैं। वह इस बात को लेकर चिंतित रहते हैं कि आखिर उनके लिए कौन सा स्ट्रीम बेस्ट हैं। आपको बता दें कि 12वीं के बाद आर्ट्स में ये डिप्लोमा कोर्स कर अपनी स्किल को मजबूत कर सकते हैं। 12वीं कक्षा पास करने के बाद कई छात्र आगे की पढ़ाई और अपने करियर को लेकर काफी चिंतित रहते हैं। अक्सर छात्र इस दुविधा में रहते हैं कि उनके लिए कौन सा स्ट्रीम बेस्ट है। जहां छात्र एक तरफ अपने करियर तो दूसरे तरफ अपने पैशन पर भी फोकस करते हैं। बोर्ड के एग्जाम होने के बाद कई राज्यों में बोर्ड एग्जाम का रिजल्ट भी घोषित किया जा चुका है। जिसके बाद अब छात्र इसी चिंता में हैं कि उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए किस कोर्स को चुनें।

छात्रों को अक्सर यह चिंता रहती है कि वह बीएससी में कौन से विषय चुनें, बीए में कौन से विषय चुनें या फिर मैनेजमेंट की तरफ अपना रुख करें। लेकिन आप को बता दें कि 12वीं के बाद स्टूडेंट्स कई अन्य क्षेत्रों में डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि स्टूडेंट्स अपनी डिग्री कोर्स के साथ डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। इससे न छात्रों की नॉलेज इम्प्रूव होगी, बल्कि इन कोर्स से उनकी सीवी भी मजबूत होगी। इस दौरान स्टूडेंट्स कई विषयों पर शिक्षा प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। जिनमें वह अपनी स्किल डेवलपमेंट कोर्स का चयन करते हैं।

12वीं के बाद आर्ट्स में डिप्लोमा कोर्स

ललित कला में डिप्लोमा (पेंटिंग)
लोक प्रशासन में डिप्लोमा
जनसंपर्क में डिप्लोमा
पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में डिप्लोमा
आर्ट एंड क्राफ्ट में डिप्लोमा
प्रदर्शन कला में डिप्लोमा
परामर्श और मार्गदर्शन में डिप्लोमा
छायांकन में डिप्लोमा
अंग्रेजी में डिप्लोमा
अभिनय में डिप्लोमा
फोटोग्राफी में डिप्लोमा
फैशन डिजाइनिंग में डिप्लोमा
इवेंट मैनेजमेंट में डिप्लोमा
पर्यटन अध्ययन में डिप्लोमा
डिजिटल मार्केटिंग में डिप्लोमा
परियोजना प्रबंधन में डिप्लोमा
औद्योगिक सुरक्षा में डिप्लोमा
होटल प्रबंधन में डिप्लोमा
शारीरिक शिक्षा में डिप्लोमा
3डी एनिमेशन में डिप्लोमा
इंटीरियर डिजाइनिंग में डिप्लोमा
फैशन डिजाइनिंग में डिप्लोमा
फोटोग्राफर में डिप्लोमा
मल्टीमीडिया में डिप्लोमा
वीएफएक्स / ग्राफिक डिजाइनिंग / विजुअल आर्ट्स में डिप्लोमा
डिजिटल मार्केटिंग में डिप्लोमा
मनोविज्ञान में डिप्लोमा
यात्रा और पर्यटन में डिप्लोमा
होटल प्रबंधन में यूजी डिप्लोमा
योग में डिप्लोमा/सर्टिफिकेट
पत्रकारिता और जनसंचार में डिप्लोमा
रेडियो प्रोडक्शन एंड मैनेजमेंट में डिप्लोमा
डिप्लोमा इन फिल्म एडिटिंग
टीवी सीरियल और फिल्म-मेकिंग में डिप्लोमा
व्यवसाय प्रबंधन में डिप्लोमा
अनुवाद में डिप्लोमा
ज्योतिष में डिप्लोमा (डीआईए)
फ्रेंच में उन्नत डिप्लोमा
तमिल में डिप्लोमा
लोकगीत में डिप्लोमा
जर्मन में उन्नत डिप्लोमा
चीनी में डिप्लोमा
जापानी में डिप्लोमा
संगीत में डिप्लोमा
रूसी में डिप्लोमा
स्पेनिश में डिप्लोमा
जर्मन में डिप्लोमा
फ्रेंच में डिप्लोमा

❖ अनन्या मिश्रा

एग्जीक्यूटिव पीजी डिप्लोमा मैनेजमेंट का कोर्स कर करियर को दें उड़ान

ग्रेजुएशन के बाद छात्र एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग का कोर्स कर इसमें अपना करियर बना सकता है। हालांकि इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए कुछ एलिजिबिलिटी का होना जरूरी है। एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग का कोर्स 2 साल का होता है। यह एक पोस्ट ग्रेजुएशन प्रोग्राम है। जो किसी को कुशल और प्रभावी तरीके से बाजार में विभिन्न हितधारकों के साथ व्यवसाय करना सिखाता है। इसके अलावा यह कोर्स समकालीन दृष्टिकोणों की बुनियादी समझ प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। आज हम आपको एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग से संबंधित सभी जानकारियों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही इस आर्टिकल में आपको यह भी बताएंगे कि मार्केटिंग में एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम करने के लिए क्या एलिजिबिलिटी होनी जरूरी है। इस कोर्स का एडमिशन प्रोसेस, प्रमुख एंट्रेंस एग्जाम, जॉब प्रोफाइल और सैलरी आदि के बारे में जानकारी देंगे।

कोर्स का नाम- एग्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा मैनेजमेंट इन मार्केटिंग
कोर्स का प्रकार- पोस्ट ग्रेजुएशन
कोर्स की अवधि- 2 साल
पात्रता- 50% अंकों के साथ ग्रेजुएशन
एडमिशन प्रोसेस- एंट्रेंस एग्जाम/ मेरिट बेस्ड
कोर्स फीस- 5,000 से 10 लाख
जॉब प्रोफाइल- मार्केटिंग कम्युनिकेशंस मैनेजर, एडवरटाइजिंग मैनेजर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, ब्रांड मैनेजर, मार्केट रिसर्च एनालिस्ट, सेल्स मैनेजर, न्यू प्रोडक्ट मैनेजर आदि।
टॉप रिक्रूटर्स- आईबीएम, इंफोसिस, टीसीएस, एचडीएफसी, कॉग्निजेंट, एक्सेंचर, रिलायंस, एयरटेल, आईसीआईसीआई, आइडिया, सोनी, एचसीएल आदि।

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम

मार्केटिंग: पात्रता

इच्छुक कैंडिडेट के पास किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज या संस्थान से किसी विशिष्ट क्षेत्र में ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए।
ग्रेजुएशन में कम से कम 50% अंक होना जरूरी है।
इस कोर्स के लिए किसी भी स्ट्रीम से ग्रेजुएशन करने वाले छात्र

आवेदन कर सकते हैं।

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग: एडमिशन प्रोसेस
अधिकांश यूनिवर्सिटी में एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग में एडमिशन आमतौर पर एंट्रेंस एग्जाम के आधार पर होता है। एंट्रेंस एग्जाम में उम्मीदवारों को पेपर क्लियर करना होता है। इस कोर्स में एडमिशन लेने के लिए सबसे लोकप्रिय एग्जाम कैट और मैट है। यह एग्जाम राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जाते हैं।
एंट्रेंस एग्जाम क्लियर करने के बाद उम्मीदवारों का पर्सनल इंट्रवयू व ग्रुप डिस्कशन राउंड होता है।
खुद को रजिस्ट्रड करने और लॉगिन क्रेडेंशियल प्राप्त करने के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। निदेर्शों को पढ़ने के बाद आवेदन पत्र भरें।
जरूरी दस्तावेज अपलोड करें।
आवेदन पत्र जमा करने से पहले, आवेदन पत्र की ठीक से चेक कर लें।
इसके बाद रजिस्ट्रेशन फीस सबमिट करें।

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग: एंट्रेंस एग्जाम
कैट - कॉमन एडमिशन टेस्ट
मैट - मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट
एक्सएटी - जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट
एटीएमए - प्रबंधन प्रवेश के लिए एआईएमएस टेस्ट

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग: सिलेबस एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग दो साल का कोर्स है, इस कोर्स को 4 सेमेस्टर में बांटा गया है।

सेमेस्टर 1
प्रबंधन के सिद्धांत
वित्तीय लेखांकन
संचार और साक्षात्कार की तैयारी के मूल तत्व
मानव संसाधन प्रबंधन
विपणन प्रबंधन
प्रबंधकीय अर्थशास्त्र

सेमेस्टर 2
कूटनीतिक प्रबंधन
लागत लेखांकन
एकीकृत प्रबंधक
अभिनव प्रबंधन
साक्षात्कार और नेटवर्क कौशल में महारत हासिल करना
प्रोजेक्ट वी-लाइक

सेमेस्टर 3
विपणन अनुसंधान
उपभोक्ता - क्रेता व्यवहार
विज्ञापन और बिक्री संवर्धन
वितरण प्रबंधन
सीआरएम
विपणन वित्त

सेमेस्टर 4
उत्पाद या ब्रांड प्रबंधन
ई वाणिज्य
इंटरनेट विपणन
सामाजिक माध्यम बाजारीकरण परियोजना

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग: टॉप कॉलेज और उनकी फीस
भारत में वर्तमान में कई संस्थान एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग का कोर्स करवाते हैं। हालांकि सबसे अधिक मांग वाले टॉप 5 कॉलेज की लिस्ट यहां है।
आईटीएम बिजनेस स्कूल, नवी मुंबई- फीस- 10 लाख
इंजीनियरिंग और प्रबंधन संस्थान- फीस 6 लाख
अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज- फीस 68,000
जगदीश शेठ स्कूल ऑफ मैनेजमेंट- फीस 12 लाख
एक्मैन प्रबंधन संस्थान- फीस 2.6 लाख

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग: टॉप रिक्रूटर्स
एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग कोर्स पूरा होने के बाद उम्मीदवार को इसी क्षेत्र में जॉब के अवसर मिलते हैं। जैसे कि टीसीएस, एचडीएफसी, इंफोसिस, कॉग्निजेंट, आईबीएम, एक्सेंचर, आईसीआईसीआई, रिलायंस, एयरटेल, आइडिया, सोनी, एचसीएल, आदि।

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग: जॉब प्रोफाइल और सैलरी
मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव- सैलरी 2.4 लाख
मार्केट रिसर्च एनालिस्ट- सैलरी 3.51 लाख
एडवरटाइजिंग मैनेजर- सैलरी 5 लाख
मार्केटिंग मैनेजर- सैलरी 6.44 लाख
ब्रैंड मैनेजर- सैलरी 9.23 लाख

एग्जीक्यूटिव पीजीडीएम मार्केटिंग: इस कोर्स को पूरा करने के बाद छात्र फ्यूचर स्कोप के लिए अपने आगे की पढ़ाई जारी रख सकते हैं। वह आगे पीएचडी कर सकते हैं। या अपनी इच्छानुसार निजी क्षेत्र के अलावा सरकारी क्षेत्र में भी काम कर सकते हैं।

नये शोध से खुली ओएलईडी अनुप्रयोग की कई संभावनाएं

कार्बनिक प्रकाश उत्सर्जक डायोड, जिसे कार्बनिक इलेक्ट्रोल्यूमिनिसेंट डायोड के रूप में भी जाना जाता है, एक प्रकाश उत्सर्जक डायोड है जिसमें इलेक्ट्रोल्यूमिनिसेंट परत कार्बनिक यौगिक की एक फिल्म होती है जो विद्युत प्रवाह की प्रतिक्रिया में प्रकाश का उत्सर्जन करती है। भारतीय शोधकर्ताओं ने कार्बनिक अणुओं का एक नया परिवार तैयार किया है, जो निकट-अवरक्त (एनआईआर) रेंज में प्रकाश का उत्सर्जन करने में सक्षम है। इससे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए कार्बनिक प्रकाश उत्सर्जक डायोड (ओएलईडी) के उपयोग की संभावनाएं खुल सकती हैं। यह अध्ययन भोपाल स्थित भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) के शोधकताओं द्वारा किया गया है। कार्बनिक प्रकाश उत्सर्जक डायोड, जिसे कार्बनिक इलेक्ट्रोल्यूमिनिसेंट डायोड के रूप में भी जाना जाता है, एक प्रकाश उत्सर्जक डायोड है जिसमें उत्सर्जक इलेक्ट्रोल्यूमिनिसेंट परत कार्बनिक यौगिक की एक फिल्म होती है जो विद्युत प्रवाह की प्रतिक्रिया में प्रकाश का उत्सर्जन करती है। नाइट्रेशन का उपयोग करके शोधकर्ताओं को एनआईआर उत्सर्जन के साथ इलेक्ट्रॉन-न्यूनता वाले स्थिर अणु प्राप्त करने में सफलता मिली है। उनका कहना है कि यह दृष्टिकोण अद्वितीय है। यह अध्ययन इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि एनआईआर-उत्सर्जक ओएलईडी का विकास दुनियाभर में चुनौतीपूर्ण रहा है। शोधकर्ता बताते हैं - प्रकाश उत्सर्जक डायोड (एलईडी) छोटे प्रकाश उत्सर्जक उपकरण होते हैं, जिनका उपयोग आमतौर पर टेलीविजन स्क्रीन, गैजेट डिस्प्ले जैसे अनुप्रयोगों में होता है। वे पारंपरिक फिलामेंट बल्बों से भिन्न होते हैं, और बल्ब के गर्म होने पर प्रकाश उत्सर्जित करते हैं। दूसरी ओर, जब एलईडी से होकर बिजली (इलेक्ट्रॉनों के रूप में) गुजरती है, तो वे प्रकाश उत्सर्जित करते हैं। एलईडी का एक रूप ओएलईडी है, जहां प्रकाश उत्सर्जक सामग्री के रूप में कार्बनिक अणु उपयोग होते हैं, जो एक प्रकार के रसायन हैं, और वो काफी हद तक कार्बन और हाइड्रोजन से बने होते हैं।

दृश्यमान प्रकाश उत्सर्जक ओएलईडी पहले से ही गैजेट एवं टीवी डिस्प्ले और प्रकाश व्यवस्था में बड़े पैमाने पर उपयोग हो रहे हैं। लेकिन, आईआर उत्सर्जक ओएलईडी का उत्पादन उनकी विशिष्ट आणविक ऊर्जा संरचना के कारण चुनौतीपूर्ण रहा है। इसीलिए, इनके उपयोग को प्रोत्साहन नहीं मिल सका है।

शोधकर्ता बताते हैं - अणुओं के भीतर उच्च ऊर्जा अवस्था (HOMO) से निम्न ऊर्जा अवस्था (LUMO) में इलेक्ट्रॉन गिरने पर प्रकाश उत्सर्जक अणु प्रकाश उत्पन्न करते हैं, और इस प्रकार उत्सर्जित प्रकाश का रंग दो अवस्थाओं के बीच ऊर्जा अंतर पर निर्भर करता है। कार्बनिक अणुओं में ऊर्जा अंतर दृश्यमान प्रकाश से मेल खाता है, जिससे दृश्य प्रकाश उत्सर्जक ओएलईडी डिजाइन करना आसान हो जाता है।

सूडोकु नवताल- 6695

मध्यम

6	3	7		1	5	4		9
	8						2	
		1		4	8			6
	6			9	7	1		
7	2						5	3
		5	6	3			9	
5			8	2		3		
	4						7	
1		3	7	5		2	6	8

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6694 का हल

5	9	4	1	7	2	6	3	8
6	8	1	4	3	5	2	7	9
2	3	7	8	9	6	1	4	5
9	2	3	7	5	1	4	8	6
4	7	6	9	2	8	5	1	3
1	5	8	3	6	4	9	2	7
8	6	2	5	4	3	7	9	1
7	1	5	2	8	9	3	6	4
3	4	9	6	1	7	8	5	2

दैनिक पंचांग

10 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मेष में	वृष	05.43 बजे से
चंद्र	धनु में	मिथुन	07.42 बजे से
मंगल	मिथुन में	कर्क	09.55 बजे से
बुध	मेष में	सिंह	12.11 बजे से
गुरु	मेष में	कन्या	14.23 बजे से
शुक्र	मिथुन में	तुला	16.34 बजे से
शनि	कुंभ में	वृश्चिक	18.48 ब.से
राहु	मेष में	धनु	21.04 बजे से
केतु	तुला में	मकर	23.10 बजे से
		कुंभ	00.56 बजे से
		मीन	02.29 बजे से
		मेष	03.59 बजे से

राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक

बुधवार 2023 वर्ष का 130 वां दिन
दिशाशूल उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
वक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण
तिथि पंचमी 13.50 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पूर्वाषाढ़ा 16.12 बजे को समाप्त।
योग साध्य 18.17 बजे को समाप्त।
करण तैतिल 13.50 बजे तदनन्तर गर 00.39 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 19.8 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 17° 30'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871609
जूलियन दिन 2460074.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1444
महीना सव्वाल
तारीख 19

दिन का चौघड़िया		रात का चौघड़िया	
लाभ	05.54 से 07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41 से 07.12 बजे तक
अमृत	07.22 से 08.51 बजे तक	शुभ	07.12 से 08.44 बजे तक
काल	08.15 से 10.19 बजे तक	अमृत	08.44 से 10.16 बजे तक
शुभ	10.19 से 11.47 बजे तक	चर	10.16 से 11.47 बजे तक
रोग	11.47 से 01.16 बजे तक	रोग	11.47 से 01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16 से 02.44 बजे तक	काल	01.19 से 02.51 बजे तक
चर	02.44 से 04.12 बजे तक	लाभ	02.51 से 04.23 बजे तक
लाभ	04.12 से 05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23 से 05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7757

1		2		3	4	■	5	6
	■		■	7		8	■	
9		■	10		■	11	12	
	■	13	■		■	■		■
14	15			■	16	17		18
■		■	■	19	■		■	
20		21	■	22		■	23	
	■	24	25		■	26	■	
27		■	28					

बाएँ से दाएँ

1. परिचय, जानना-2,4
5. वायु रोग-2
7. उत्साह, जिज्ञासा
9. कांटा, शूल
10. पिता, साधू-2
11. योद्धा जाति, राजपूत-3
14. थकान-4
16. मिसाल के तौर पर-4
20. ध्वजा, पताका-3
22. सीमा, बार्डर-2
23. बुरी आदत-2
24. समस्या, मुद्दा-3
27. जोर, दम, ताकत-2
28. दिखावटीपन, आडंबर, -3,3

ऊपर से नीचे

1. सीतापति, रामचंद्र-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. धोखेबाज, दगाबाज-4
4. नलका, टौंटी-2
6. पुत्र, लड़का-3
8. कमरा, रूम-2
12. तीनों काल-3
13. पार्थिव शरीर, लाश-2
15. कजरा, अंजन-3
17. सच्चाई, सच-2
18. सेंधमार-5
19. पुचकारना, हाथ फेरना-4
20. धोखा, दगा-3
21. जरा, थोड़ा-2
25. सभी, संपूर्ण-2
26. राजेश खन्ना व मुमताज की बेहतरीन फिल्म-2

शब्द पहेली -7756 का हल

■	दा	न	व	■	अ	व	रो	ध
मा	न	■	ल	गा	म	■	ज	ड़
न	■	रा	य	■	र	वा	■	क
स	ला	ह	का	र	■	द	ह	न
■	य	■	र	■	प	■	ल	■
म	न	का	■	आ	तं	क	वा	द
द	■	म	य	■	ग	म	■	स्त
हो	श	■	शो	र	वा	■	ना	क
श	ह	जा	दा	■	जी	व	न	■

आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। व्यापार विस्तार की योजनाएं बना सकता हैं। नई योजनाएं और विचारधारा की नवीनता से व्यापार प्रगति की दिशा में अग्रसर होने लगेगा।

वृष राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार विस्तार को लेकर नई योजनाएं अमल में आएंगी, लेकिन अपेक्षित सफलता नहीं मिलने से मन व्यग्र रहेगा।

मिथुन राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों और सहकर्मियों की मदद से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

कर्क राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार विस्तार की नई योजनाएं बनाएंगे और उनमें सफलता भी मिलेगी। व्यावसायिक गतिविधियों में सफलता मिलने से धनलाभ की स्थिति रहेगी।

सिंह राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियां सफल होंगी और कार्यक्षेत्र में आनंद का वातावरण छाया रहेगा। कार्यों में सफलता मिलने से धनलाभ की स्थिति रहेगी।

कन्या राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यभार की भी अधिकता रहेगी।

तुला राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में अनिर्णय की स्थिति रहेगी। जल्दबाजी में फैसले लेने से बचें, अन्यथा बड़ा नुकसान होने की संभावना रहेगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार मध्यम रहेगा और कार्यभार की अधिकता रहेगी। कड़े परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

धनु राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

मकर राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और कार्यों में सफलता मिलने से धन लाभ की स्थिति रहेगी। व्यापार से संबंधित किसी यात्रा पर जाने के योग बनेंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियां सफल होंगी और कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी। प्रॉपर्टी और शेयर बाजार में निवेश लाभदायक रहेगा।

मीन राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना रहेगी और आय की वृद्धि होगी। आनंद-प्रमोद और मनोरंजक प्रवृत्तियां दिनभर चलती रहेंगी।

मैसी ने फिर जीता लॉरियस व्यक्तिगत पुरस्कार

एजेंसी। पेरिस

अर्जेंटीना और पेरिस सेंट-जर्मन के स्टार फुटबॉलर लियोनल मैसी ने भव्य समारोह में लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन और वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर का खिताब जीतकर अपनी पहले से ही शानदार उपलब्धियों की सूची में दो प्रतिष्ठित पुरस्कार जोड़ लिए।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल कतर में अर्जेंटीना को विश्व कप जिताने वाले 35 वर्षीय दिग्गज एक ही साल में दोनों पुरस्कार जीतने वाले पहले एथलीट बन गए हैं। पिछले साल बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक खेलों में दो बार के स्वर्ण पदक विजेता चीनी फ्रीस्कियर गु एलिंग ने एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर पुरस्कार पर कब्जा किया।

विश्व कप विजेता कप्तान मैसी, जिन्होंने 2020 में लुईस हैमिल्टन के साथ पुरुषों का पुरस्कार साझा किया था, ने 21 बार के टेनिस ग्रैंड स्लैम विजेता राफेल नडाल, वर्तमान फॉमूर्ला वन विश्व चैंपियन मैक्स वेरस्टापेन, पोल वॉल्ट के विश्व रिकॉर्डधारी मोंडो डुप्लांटिस, बास्केटबॉल खिलाड़ी स्टीफन कैरी और फ्रेंच फुटबॉल अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी किलियन एमबापे को हराया और दूसरी बार पुरस्कार जीता। मैसी ने कहा, यह एक सम्मान की बात है, खासकर जब लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्डस इस साल पेरिस में हो रहे हैं, जिस शहर ने मेरा और मेरे परिवार का स्वागत किया है। मैं अपने सभी साथियों को धन्यवाद देना चाहूंगा, न केवल राष्ट्रीय टीम के बल्कि पीएसजी के भी। मैंने अकेले कुछ भी नहीं किया है और मैं उनके साथ यह सब साझा करने में सक्षम होने के लिए आभारी हूं। मैसी ने फाइनल में दो सहित कुल सात गोल किए, और पिछले दिसंबर में कतर में गोल्डन बॉल जीता जब उन्होंने दक्षिण अमेरिकी टीम का अपने तीसरे विश्व कप खिताब के लिए नेतृत्व किया। अर्जेंटीना की पुरुष फुटबॉल टीम को लॉरियस में टीम पुरस्कार दिया गया। जमैकन स्प्रिंटर शेली-एन फ्रेजर-प्राइस, जिन्होंने पिछले अगस्त में यूजीन में अपना पांचवां विश्व 100 मीटर खिताब जीता था, ने महिला व्यक्तिगत पुरस्कार जीता जबकि टेनिस यूएस ओपन चैंपियन कार्लोस अल्काराज को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ ब्रेकथ्रू का अवार्ड दिया गया।

माइनर लीग क्रिकेट चैंपियनशिप महत्वपूर्ण : कोरी एंडरसन

सैन फ्रांसिस्को। दुनिया के सबसे अनुभवी टी20 खिलाड़ियों में से एक, कोरी एंडरसन 2023 सनोको माइनर लीग क्रिकेट चैंपियनशिप का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी एंडरसन ने कहा कि टूर्नामेंट अमेरिकी क्रिकेट के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, यह गर्मी अमेरिकी क्रिकेट के इतिहास में सबसे बड़ा कदम होगा। मैं जुलाई में माइनर लीग क्रिकेट में खेलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। अमेरिकी क्रिकेट के भविष्य के लिए यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि हम अगस्त और सितंबर में सनोको माइनर लीग क्रिकेट चैम्पियनशिप के साथ प्रतिभा विकसित करना जारी रखें। माइनर लीग क्रिकेट (एमआईएलसी) ने यह भी घोषणा की कि सनोको अमेरिकी क्रिकेट में सबसे व्यापक राष्ट्रव्यापी टी20 चैंपियनशिप के तीसरे सीजन का टाइटल प्रायोजक होगा।

अल्काराज ने लॉरियस ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता

एजेंसी। नई दिल्ली

स्पेन के युवा टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने लॉरियस ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीता है और वह मरात साफिन (2001), राफेल नडाल (2006) और एंडी मरे (2013) के बाद यह पुरस्कार पाने वाले एटीपी टूर के चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। पुरस्कारों की घोषणा सोमवार शाम पेरिस में एक समारोह में की गई। 2022 में एमा राडुकानू के यह पुरस्कार जीतने के बाद यह लगातार दूसरा वर्ष है जब किसी टेनिस खिलाड़ी ने पुरस्कार जीता है। 2022 यूएस ओपन में अल्काराज की जीत और दुनिया के नंबर 1 स्थान पर पहुंचने के बाद उन्हें लॉरियस वर्ल्ड ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर अवार्ड मिला। उन्होंने 2022 का

शानदार लुत्फ उठाया, जिसमें उन्होंने यूएस ओपन जीता और टेनिस में सबसे कम उम्र के पुरुषों के नंबर 1 खिलाड़ी बने। स्पैनियार्ड अपना लॉरियस अवार्ड लेने से कुछ दिन पहले 20 साल के हो गए थे। अल्काराज ने ट्विटर पर लिखा, पेरिस में एक बहुत ही खास रात। इस लॉरियस वर्ल्ड ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए धन्यवाद। अकादमी और इसे संभव बनाने वाले सभी को धन्यवाद। और निश्चित रूप से सभी विजेताओं और नामांकित लोगों को बधाई।



पिछला साल अल्काराज के लिए एक ऐतिहासिक था। उन्होंने मियामी और मैड्रिड में अपने पहले दो एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीते, यूएस ओपन में अपनी पहली बड़ी ट्रॉफी जीती और एटीपी रैंकिंग के इतिहास में (1973 के बाद से) सबसे युवा विश्व नंबर 1 बन गए) स्पैनियार्ड ने सबसे कम उम्र में साल का समापन रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी रहकर किया।

पुरस्कार के लिए नामांकित अन्य साथी टेनिस खिलाड़ी एलेना रिबाकिना, मोरक्को की पुरुषों की फुटबॉल टीम, फिगर स्केटर नाथन चेन और ट्रैक एंड फील्ड स्टार टोबी अमूसन थे।

बेंगलुरु ने मुंबई को दिया 200 रनों का टारगेट

एजेंसी। मुंबई

रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के 54वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 200 रन का टारगेट दिया है। टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 199 रन बनाए। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। बेंगलुरु की ओर से कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 41 बॉल पर 65 रन रन की पारी खेली, जबकि ग्लेन मैक्सवेल ने 33 बॉल में 68 रन बनाए। मुंबई के जेसन बेहरनडॉर्फ ने 3 विकेट चटकाए। कैमरून ग्रीन, क्रिस जॉर्डन और कुमार कार्तिकेय को एक-एक विकेट मिले।पहलाः पहले ओवर की 5वीं बॉल बेहरनडॉर्फ ने आउट स्विंग कराई, बॉल कोहली के बल्ले का एज लेकर विकेटकीपर ईशान किशन के दस्तानों में चली गई। मुंबई की बड़ी अपील पर अंपायर ने आउट नहीं दिया। ऐसे में कप्तान रोहित ने उऋर लिया और फैसला मुंबई के पक्ष में गया। दूसराः तीसरे ओवर की दूसरी बॉल पर अनुज रावत स्कूप शॉट खेलना चाहते थे, लेकिन बेहरनडॉर्फ की शॉर्ट लेंथ बॉल बल्लेबाज के बैट का ऊपरी किनारा लेकर हवा में खड़ी हो गई। कैमरून ग्रीन ने स्लिप से पीछे जाकर आसान कैच किया और रावत को पवेलियन लौटना पड़ा। तीसराः 13वें ओवर की तीसरी बॉल जेसन बेहरनडॉर्फ ने गुड लेंथ तपर फेंकी। ग्लेन मैक्सवेल कवर्स पर कैच हो गए, उन्होंने 68 रन बनाए। चौथाः 14वें ओवर की चौथी बॉल कुमार कार्तिकेय ने गुड लेंथ पर फ्लिपर फेंकी। महिपाल लोमरोर बोल्ड हो गए। उन्होंने एक रन बनाया। पांचवां : कैमरून ग्रीन की ऑफ स्टंप के बाहर की बॉल डु प्लेसिस को मारना चाहते थे, लेकिन बॉल टाइम नहीं हो सकी और फाइन लेग बाउंडी की ओर चली गई, जहां विष्णु विनोद ने तीसरे प्रयास में कैच किया। यह विकेट 15वें ओवर की पहली बॉल पर गिरा। छठाः 19वें ओवर की शुरूआत में जॉर्डन की ऑफ कटर बॉल को पुल करना चाहते थे, लेकिन डीप लेग की दिशा में वाधेरा के हाथों कैच हुए। शुरूआती ओवरों में विकेट गंवाने के बाद बेंगलुरु से ग्लेन मैक्सवेल चौथे नंबर पर बैटिंग करने उतरे।

उन्होंने पावरप्ले में ही तेजी से रन बनाए और पारी के 10वें ओवर में 25 गेंद पर फिफ्टी भी पूरी कर ली। यह उनके करियर का 17वां और इस क्ब्छ सीजन का चौथा अर्धशतक है। मैक्सवेल 33 बॉल में 68 रन बनाकर आउट हुए। पावरप्ले के शुरूआती 3 ओवरों में ही 2 विकेट गंवाने के बाद कप्तान फाफ डु प्लेसिस और ग्लेन मैक्सवेल ने बेंगलुरु की पारी संभाली। दोनों ने तेजी से रन बनाए और 25 गेंद में ही फिफ्टी पार्टनरशिप कर डाली। दोनों ने 62 गेंद पर 120 रन जोड़े। मैक्सवेल 68 रन बनाकर आउट हुए और ये पार्टनरशिप टूटी।बेंगलुरु ने पावरप्ले में दो विकेट गंवाए। विराट कोहली एक और अनुज रावत छह रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद भी टीम ने 6 ओवर के खेल में 56 रन बना डाले। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने चोटिल जोफ्रा आर्चर की जगह क्रिस जॉर्डन को मौका दिया है। जॉर्डन मुंबई की ओर से क्ब्छ डेब्यू करने जा रहे हैं। वहीं, बेंगलुरु में विजयकुमार वैशाक की करण शर्मा की जगह वापसी हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विराट कोहली, अनुज रावत, ग्लेन मैक्सवेल, महिपाल लोमरोर, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), वनिंदु हसरंगा, हर्षल पटेल, विजयकुमार वैशाक, मोहम्मद सिराज और जोश हेजलवुड।

केकेआर के कप्तान राणा पर जुर्माना



कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान नितिश राणा को पंजाब किंग्स के

खिलाफ मैच में जीत के बाद भी झटका लगा है। राणा पर धीमी ओवर गति के लिये जुर्माना लगा है। उनपर मैच फीच का 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की आचार संहिता के अनुसार इस सत्र में पहली बार टीम आचारसंहित उल्लंधन में दोषी पायी गयी है। इसलिए राणा पर 12 लाख रुपए का ही जुमार्ना लगा है। केकेआर ने अंतिम गेंद पर रिंकू के चौके से पंजाब को हराया था। केकेआर के अब तक 11 मैचों में 5 जीत के साथ 10 अंक हो गए हैं। वहीं पंजाब के भी 11 मैचों में 10 अंक हैं।

प्लेयर ऑफ द ईयर 2022 अवार्ड जीतने पर हार्दिक सिंह ने कहा-मेरी मेहनत रंग लाई

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने मार्च 2023 में नई दिल्ली में आयोजित 5वें हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2022 में हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2022 जीतकर एक बार फिर साबित कर दिया कि लगातार कड़ी मेहनत सफलता की ओर ले जाती है। हॉकी इंडिया द्वारा शुरू की गई एक पॉडकास्ट श्रृंखला हॉकी ते चर्चा के नवीनतम एपिसोड में, ओलंपिक पदक विजेता और अनुभवी हार्दिक सिंह ने प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने के बारे में बात की साथ ही उन्होंने एफआईएच ओडिशा हॉकी मेन्स वर्ल्ड कप 2023 से बाहर होने के बारे में भी खुलकर बात की और बताया कि आज वह जहां हैं, वहां पहुंचने के लिए उन्होंने

कड़ी मेहनत की है। हार्दिक ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कभी यह पुरस्कार जीतूंगा, लेकिन मैं यह जानता हूं कि मैं पिछले तीन से चार सालों से कड़ी मेहनत कर रहा था और मेरी मेहनत रंग लाई। यह पुरस्कार यह भी सुनिश्चित करता है कि अच्छा खेलने से देशवासियों द्वारा सराहना भी मिलती है। हार्दिक ने यह भी याद किया कि कैसे उन्होंने 2019 में टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले मनप्रीत सिंह को देखकर पुरस्कार जीतने का सपना देखा था। उन्होंने कहा, मैं सोच रहा था कि एक दिन मुझे यह पुरस्कार मिलेगा। इसलिए, मैं हर दिन कड़ी मेहनत कर रहा था और फिर टोक्यो 2020 ओलंपिक आया, जो मेरे लिए यह साबित करने का एक बड़ा अवसर था कि टीम में मेरी एक महत्वपूर्ण भूमिका है।

रिंकू को खेलते देख मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं : रसेल

एजेंसी। कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स के हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसेल ने कहा है कि रिंकू सिंह की निडर बल्लेबाजी ने दबाव को कम करने में काफी मदद की है। केकेआर ने ईडन गार्डन्स में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ सोमवार को रोमांचक जीत दर्ज की। 180 रनों का पीछा करते हुए, कोलकाता को दो ओवरों में 26 रनों की जरूरत थी, रसेल ने 19वें ओवर में सैम करन को 3 छक्के लगाए जिसके बाद आखिरी 6 गेंदों में सिर्फ 7 रनों की जरूरत थी। पीबीकेएस के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अच्छा दबाव बनाया। रसेल एक रन चुराते हुए पांचवीं गेंद पर रन आउट हो गए। अंतिम गेंद पर 2 रनों की जरूरत थी। रिंकू सिंह ने फाइन-लेग में चौका लगा कर कोलकाता को पांच विकेट से जीत दिला दी। रसेल ने

प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार लेने के बाद कहा, मैं खेल खत्म करना चाहता था, लेकिन हमारे पास अब रिंकू के रूप में एक फिनिशर है। उसने मुझसे कहा कि अगर गेंद मिस करते हैं तो क्या हमें रन के लिए जाना चाहिए? मैंने कहा, निश्चित रूप से.. मुझे उस पर विश्वास है। रिंकू जो कर रहा है, वो देखकर मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। वह दबाव को कम कर देता है और वह कई साल से खेल रहा है।

रोहित का बल्ले से संघर्ष मानसिक है, तकनीकी नहीं : वीरेंद्र सहवाग

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट में पिछले एक दशक में सबसे शानदार बल्लेबाजों में से दो विराट कोहली और रोहित शर्मा मंगलवार को आमने-सामने होंगे। लेकिन दोनों प्रतिष्ठित बल्लेबाज चल रही प्रतियोगिता में विपरीत यात्रा से गुजर रहे हैं। रोहित इस सीजन में रनों के लिए संघर्ष कर रहे हैं लेकिन विराट शानदार फॉर्म में हैं और तेजी से रन बना रहे हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि रोहित की समस्या तकनीकी नहीं बल्कि मानसिक है। स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव पर बात करते हुए सहवाग ने कहा, रोहित शर्मा गेंदबाजों से नहीं बल्कि खुद से जूझ रहे हैं। मेंटल ब्लॉक है। उनकी बल्लेबाजी तकनीक से कोई दिक्कत नहीं है। उनके दिमाग में कुछ भ्रम चल रहा है। लेकिन जिस दिन वह चलेंगे, वह पिछले सभी मैचों की भरपाई कर लेंगे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर इमरान ताहिर ने लगातार रन बनाने के लिए कोहली की तारीफ की और इसे उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का नतीजा करार दिया। ₹विराट कोहली में हमेशा रन बनाने की ललक रही है। आप एक सीजन, दो या तीन सीजन में ज्यादा से ज्यादा रन बना सकते हैं, लेकिन अगर आप लगातार 15 सीजन ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इसका श्रेय आपकी मेहनत के परिणाम को जाता है।

चेन्नई की नजरें प्लेऑफ पर, जीत की लय कायम रखने उतरेगी दिल्ली

एजेंसी। चेन्नई

इंडियन प्रीमियर लीग के प्रारंभिक चरण के आखिरी पड़ाव में प्लेऑफ की रस्साकशी जोर पकड़ने लगी है और ऐसे में चेन्नई सुपर किंग्स नये आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बुधवार को एक और जीत के साथ अपनी स्थिति पुख्ता करना चाहेगी। पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को हराकर चेन्नई जीत की राह पर लौटी है और टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में जूझती नजर आई दिल्ली को हराकर वह दो अंक और लेना चाहेगी। चेन्नई ने शनिवार को कम स्कोर वाले मैच में मुंबई इंडियंस को हराया जिसमें उसके गेंदबाजों खासकर मतीषा पथिराना की भूमिका अहम रही। चेन्नई ने रूतुराज गायकवाड़, डेवोन कोंवे और शिवम दुबे की पारियों के दम पर लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। चेन्नई के लिये शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कोंवे (457 रन), गायकवाड़ (292 रन), शिवम दुबे (290 रन) और अजिंक्य रहाणे (245 रन) ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन मध्यक्रम नाकाम ही रहा है। अंबाती रायुडू 11 मैचों में 95 रन ही बना सके हैं जबकि रविंद्र जडेजा ने 11 मैचों में 92 रन बनाए हैं। कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने संक्षिप्त आक्रामक पारियां खेली हैं लेकिन वह बल्लेबाजी क्रम में काफी नीचे आते हैं। टीम दुआ कर रही होगी कि शीर्षक्रम फॉर्म में बना रहे और अहम मैचों में मध्यक्रम तक जाने की नौबत ही नहीं आये। गेंदबाजी में तुषार देशपांडे ने 19 विकेट जरूर लिये हैं लेकिन उनका इकॉनामी रेट दस से अधिक का रहा है जिससे चेन्नई को कई बार नुकसान हुआ है। जडेजा बल्ले से भले ही नहीं चल सके हों लेकिन गेंदबाजी में कामयाब रहे हैं। वहीं पथिराना अपना शानदार फॉर्म जारी रखना चाहेंगे।



टीमें इस प्रकार

चेन्नई सुपर किंग्सः एमएस धोनी (कप्तान), डेवोन कोंवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायडू, सुभ्रांशु सेनापति, मोईन अली, शिवम दुबे, राजवर्धन हैंगरगेकर, ड्वेन प्रिटोरियस, मिचेल सेंटनर, रविंद्र जडेजा, तुषार देशपांडे, एम पथिराना, सिमरजीत सिंह, दीपक चाहर, प्रशांत सोलंकी, महेश तीक्ष्णा, अजिंक्य रहाणे, बेन स्टोक्स, शेख रशीद, निशांत सिंधु, सिसंडा मगाला, अजय मंडल, भगत वर्मा, आकाश सिंह।

दिल्ली कैपिटल्सः डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, सरफराज खान, अमन हकीम खान, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, एनरिक नोर्किया, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल सॉल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, कमलेश नागरकोटी और यश धुल।

आईपीएल 2023 | सुरेश रैना ने धोनी के रिटायरमेंट पर किया खुलासा

ट्रॉफी जीतने के बाद एक साल और खेलूंगा : धोनी

एजेंसी। नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी के रूप में एमएस धोनी का भविष्य अगस्त 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से ही गहन चर्चा का विषय रहा है। कई लोगों का मानना है कि आईपीएल 2023 आखिरी बार हो सकता है जब धोनी टूर्नामेंट में खेलेंगे। चेपॉक के अंदर और बाहर चेन्नई के मैच पीले रंग के एक अविश्वसनीय समुद्र में बदल गए हैं, क्योंकि कई लोग इस जबरदस्त विकेटकीपर-बल्लेबाज को एक्शन में देखने के लिए इंतजार कर रहे थे। भारत के पूर्व क्रिकेटर और चेन्नई के साथ चार बार के आईपीएल विजेता सुरेश रैना ने खुलासा किया कि धोनी ने मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हराने के बाद बातचीत में उनसे कहा कि वह ट्रॉफी जीतने के बाद एक और साल खेलना चाहते हैं।

वो तो बोल रहे हैं कि मैं ट्रॉफी जीत कर एक साल और खेलूंगा। अब और जैसा कि

बहुत से लोग देख सकते हैं, मैच के बाद प्रस्तुति समारोह के अंत के बाद हमेशा धोनी की पाठशाला (धोनी मास्टरक्लास) होती है। जियोसिनेमा के एक आईपीएल विशेषज्ञ रैना ने एक चुनिंदा आभासी बातचीत में कहा, आप देख सकते हैं कि बहुत सारे खिलाड़ी उससे बहुत कुछ सीख रहे हैं। लेकिन यह उनका निर्णय है कि वह कैसा महसूस करते हैं कि उनका शरीर कैसा चल रहा है, उसके आधार पर वह (अपने भविष्य पर) फैसला करेंगे । उनके साथ समय बिताने के आधार पर मुझे लगता है कि उन्हें एक और साल खेलना चाहिए। धोनी के उत्तराधिकारी कौन हो सकते हैं, इस पर पूछे जाने पर रैना ने सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को चेन्नई के भविष्य के कप्तान के रूप में चुना।

विराट अपने अनुसार बल्लेबाजी करें : शास्त्री

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने आरसीबी से खेल रहे विराट कोहली से कहा है कि उन्हें अपनी पारी की रफ्तार को बनाये रखना चाहिये। आईपीएल में अब तक विराट ने अच्छी बल्लेबाजी कर इस सत्र में छह अर्धशतक लगाये हैं। शास्त्री से जब पूछा गया कि क्या आरसीबी की खराब बल्लेबाजी के कारण कोहली एंकर के तौर पर अंतिम ओवरों तक बल्लेबाजी के लिए मजबूर हुए, तो उन्होंने कहा कि विराट को अन्य बल्लेबाजों की चिंता की जगह अपने अनुसार बल्लेबाजी करनी चाहिये। इस पूर्व कप्तान ने कहा, एक बार जब आप लय हासिल कर लेते हैं, तो अपने खेल को नहीं बदलना चाहिए, दूसरों की चिंता नहीं करनी चाहिये। विराट के लिए यही मेरा संदेश होगा कि उन्हें अपनी बल्लेबाजी पर ही ध्यान देना चाहिये। टी20 मैच में आपको इतने बल्लेबाजों की जरूरत नहीं होती।

कनेक्टेड व्हीकल तकनीक भारत में पहली तिमाही में 60 प्रतिशत बढ़ी



एजेंसी। नई दिल्ली

इस साल की पहली तिमाही में भारत की समग्र कनेक्टेड व्हीकल (सीवी) तकनीक 60 प्रतिशत (ऑन-ईयर) से अधिक बढ़ी, जिससे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में 48 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दिख रही है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मार्केट रिसर्च फर्म सीएमआर के आंकड़ों के मुताबिक कनेक्टेड टू-व्हीलर (सी2डब्ल्यू) वाहनों की बाजार हिस्सेदारी करीब 60 फीसदी तक बढ़ने के साथ साल-दर-साल करीब 92 फीसदी बढ़ी है। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर (ई2डब्ल्यू) बाजार में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर (ई3डब्ल्यू) बाजार तेजी से बढ़ा और इस सेगमेंट में लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी को कवर किया। सीएमआर में स्मार्ट मोबिलिटी प्रैक्टिस के सीनियर एनालिस्ट, जॉन मार्टिन ने कहा, कनेक्टेड वाहन प्रौद्योगिकियों के बारे में उपभोक्ता जागरूकता बढ़ रही है। उदाहरण के लिए, कनेक्टेड व्हीकल तकनीक ने उद्योग में लगातार अपने पदचिह्न बढ़ाए हैं। उन्नत चालक-सहायता प्रणाली (एडीएएस) को अपनाने में 2023 की पहली तिमाही में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मार्टिन ने कहा, सुरक्षा एक शीर्ष उपभोक्ता प्राथमिकता बनने के साथ, एडीएएस फीचर तकनीक धीरे-धीरे अपनाई गई है, जिसमें लेवल 2 स्वायत्तता वाले वाहनों की 70 प्रतिशत वर्ष-दर-वर्ष 2023 वृद्धि बाजार हिस्सेदारी है। इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल (ईपीवी) सेगमेंट भारत में पहली तिमाही में 114 प्रतिशत वर्ष-दर-वर्ष से अधिक बढ़ा। पैसेंजर व्हीकल (पीवी) सेगमेंट में कनेक्टेड फीचर्स 56 फीसदी की वृद्धि के साथ बाजार में तेजी से कब्जा कर रहे हैं, जिनमें से कनेक्टेड पैसेंजर व्हीकल (सीपीवी) मार्केट शेयर का लगभग 58 फीसदी हिस्सा पारंपरिक पावरट्रेन द्वारा संचालित है। 2025 की पहली तिमाही तक, भारत में ईवी बाजार हिस्सेदारी 24 प्रतिशत से अधिक होने की उम्मीद है, जबकि कनेक्टेड वाहनों के बाजार में 30 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है। मार्टिन ने कहा, 2025-26 तक कनेक्टेड और सॉफ्टवेयर से चलने वाले वाहन ऑटोमोटिव उद्योगों के लिए प्रमुख राजस्व चालक होंगे।

शेयर बाजार की आई तेजी

एजेंसी। मुंबई

वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से मंगलवार के कारोबारी दिन शेयर बाजार की शुरूआत बढ़त के साथ हुई है। सेंसेक्स 140.5 अंक की बढ़त के साथ 61,904.75 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 41.10 अंक की बढ़त के साथ 18305 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। प्री-ओपनिंग में बाजार में बढ़त दिखी है। सेंसेक्स 149.14 अंक की बढ़त के साथ 61,913.39 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 39.70 अंक की बढ़त के साथ 18304.10 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सोमवार 8 मई को घरेलू शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। भारतीय शेयर बाजार सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 700 से ज्यादा अंकों की बढ़त दर्ज करते हुए हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स 710 अंक मजबूत हुआ। वहीं निफ्टी में 195 अंकों की बढ़त दर्ज की गई। कारोबार के अंत में निफ्टी 18,264 पर बंद हुआ। वहीं एशियाई सूचकांकों निक्केई में 0.7 फीसदी की तेजी देखने को मिली, जबकि हैंग सेंग, स्ट्रेट टाइम्स और कोस्पी में 0.2-0.5 फीसदी की गिरावट आई। अमेरिकी बाजार में गिरावट देखने मिली, एसएंडपी 500 में 0.05 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई, जबकि नैस्डैक कंपोजिट लगभग 0.2 फीसदी ऊपर चढ़ा। डाओ करीब 0.2 फीसदी टूटकर बंद हुआ।

एब्सोल्यूट के इनेरा ने शुरू की जैव-कुशल कृषि इनपुट्स की रेंज

नई दिल्ली। बायोसाइंस कंपनी, एब्सोल्यूट ने अपना जैविक कृषि इनपुट व्यवसाय- इनेरा क्रॉप साइंसेज लॉन्च किया है। इनेरा एब्सोल्यूट की अनुसंधान एवं विकास शाखा जेनेसिस द्वारा समर्थित है। कंपनी ने भारत में निर्मित बायोफर्टिलाइजर्स, बायोस्टिमुलेंट्स, बायोकंट्रोल और सीड कोटिंग उत्पादों की एक फसल-अज्ञेय रेंज लॉन्च की है। मुख्य रूप से, इनेरा के जैविक इनपुट उत्पादकों को मिट्टी की गुणवत्ता, पौधे प्रतिरोध, रोग प्रतिरोध, कीट संरक्षण और सुधार में सुधार के अनुकूल उपाय प्रदान करते हैं। आईएनआरए का लक्ष्य दुनिया की 20% आबादी की जरूरतों को पूरा करना है और विभिन्न कृषि-जलवायु परिस्थितियों के तहत उत्पादन और समग्र फसल स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए भारत से शुरू करके दुनिया के किसी भी देश की सबसे कृषि योग्य भूमि है। इस लॉन्च के साथ एब्सोल्यूट्स इनेरा खुद को जैविक बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने का इरादा रखता है। कंपनी के उत्पाद आणविक जीव विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, एपिजेनेटिक्स, ओमिक्स और सिंथेटिक जीव विज्ञान में व्यापक शोध द्वारा समर्थित हैं।

लिंक्डइन ने 716 कर्मचारियों की छंटनी की, चाइना ऐप बंद

एजेंसी। नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट के स्वामित्व वाली लिंक्डइन ने 716 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी चीन में अपने इनकैरियर ऐप को बंद करने के साथ-साथ अपने वैश्विक व्यापार संगठन (जीबीओ) में बदलाव कर रही है। कंपनी के सीईओ रयान रोसलैंस्की ने कर्मचारियों को एक ईमेल में कहा कि इस कदम का उद्देश्य कंपनी के संचालन को सुव्यवस्थित करना है। उन्होंने सोमवार को ईमेल में लिखा, चूंकि हम इस तेजी से बदलते परिध्श्य से लिंक्डइन का मार्गदर्शन करते हैं, इसलिए हम अपने वैश्विक व्यापार संगठन (जीबीओ) और अपनी चीन की रणनीति में बदलाव कर रहे हैं जिसके चलते 716 कर्मचारियों की भूमिका कम हो जाएगी। उन्होंने आगे लिखा, यदि आपकी भूमिका सीधे प्रभावित होती है, तो आपको अपनी टीम के एक लीडर और हमारे जीटीओ के एक प्रतिनिधि के साथ बैठक के लिए अगले घंटे के भीतर आमंत्रण प्राप्त होगा। सीईओ ने कहा, एक विकसित बाजार में, हमें अपनी धिष्ट को वास्तविकता बनाने के लिए अपनी रणनीति को अनुकूलित करने के लिए निरंतर ध्ढ़ विश्वास होना चाहिए। लिंक्डइन ने मार्च तिमाही में रिकॉर्ड जुड़ाव देखा। वैश्विक स्तर पर 930 मिलियन से अधिक सदस्य अब जुड़ने, सीखने, बेचने और काम पर रखे जाने के लिए पेशेवर सोशल नेटवर्क की ओर रुख कर रहे हैं। टेक दिग्गज के लिए मार्च तिमाही में लिंक्डइन राजस्व में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 2016 में, माइक्रोसॉफ्ट ने 26 अरब डॉलर से अधिक में लिंक्डइन का अधिग्रहण किया था।

सोना और चांदी की कीमतें बढ़ी

भोपाल। मध्यप्रदेश के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। बता दें कि मंगलवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 22 कैरेट सोने के दाम 57,530 रुपए प्रति 10 ग्राम और 24 कैरेट सोने के दाम 60,410 रुपए प्रति 10 ग्राम हैं। राजधानी भोपाल और इंदौर के सराफा बाजार में सोमवार को 22 कैरेट सोने के दाम 57,430 रुपए प्रति 10 ग्राम थे वो मंगलवार को 57,530 रुपए प्रति 10 ग्राम हैं। वहीं 24 कैरेट सोना कल 60,300 रुपए प्रति 10 ग्राम था, वो आज 60,410 प्रति 10 ग्राम है। वहीं बैंक बाजार डॉट काम के अनुसार चांदी भोपाल और इंदौर के सराफा बाजार में सोमवार को 82,400 रुपए प्रति किलोग्राम के दाम पर बिक रही थी, वो मंगलवार को 82,700 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बिकेगी। अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन द्वारा सोने की शुद्धता पहचानने के लिए हॉल मार्क दिए जाते हैं। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999, 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। ज्यादातार सोना 22 कैरेट में बिकता है, वहीं कुछ लोग 18 कैरेट का इस्तेमाल भी करते हैं।

आरबीआई का स्वर्ण भंडार मार्च में बढ़कर 794.64 टन रहा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक का स्वर्ण भंडार इस साल मार्च के अंत में सालाना आधार पर 34.22 टन बढ़कर 794.64 टन रहा है। बीते वर्ष मार्च अंत तक रिजर्व बैंक के पास 760.42 टन का स्वर्ण भंडार था। इसमें 11.08 टन का स्वर्ण जमा शामिल है। केंद्रीय बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार का प्रबंधन अक्टूबर-2022 शीर्षक से जारी छमाही रिपोर्ट में कहा ?कि रिजर्व बैंक के पास इस साल मार्च अंत तक 794.64 टन स्वर्ण भंडार था। रिपोर्ट के अनुसार इसमें से 437.22 टन सोना विदेशों में बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) में सुरक्षित रखा गया है। जबकि 301.10 टन सोना देश में रखा गया है। मूल्य के हिसाब से कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी मार्च, 2023 में बढ़कर 7.81 प्रतिशत हो गई जो सितंबर, 2022 में 7.06 प्रतिशत थी। छमाही के दौरान मुद्रा भंडार इस साल मार्च में बढ़कर 578.45 अरब डॉलर रहा, जो सितंबर, 2022 में 532.66 अरब डॉलर था। विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां, सोना, विशेष आहरण अधिकार और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष में रखा भंडार शामिल हैं।

एस्सेल ने सेक्टर आधारित थीम समूह की कंपनियों के लिए एटम्स 3.0 लांच किया

नई दिल्ली। वैश्विक वेंचर कैपिटल कंपनी एस्सल ने मंगलवार को अपने एटम्स कार्यक्रम का नया संस्करण 'एटम 3.0' लांच किया। इसमें दो थीम/सेक्टर आधारित समूहों- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंडस्ट्री 5.0 - को शामिल किया गया है। एटम्स प्रोग्राम 21 महीने पहले लॉन्च किया गया था। तब से एटम्स ने इन दोनों समूहों की 24 कंपनियों में निवेश किया है। इस दौरान इन कंपनियों ने फंडिंग में कुल 16 करोड़ डॉलर से अधिक जुटाए हैं। एटम्स में लगातार बदलाव और सुधार किया जा रहा है। इस नए धष्टिकोण के साथ, प्रोग्राम का उद्देश्य एक ही क्षेत्र के समान विचारधारा वाले संस्थापकों के समुदाय को बढ़ावा देना है जो सफल होने में एक-दूसरे की मदद कर सकते हैं। इसके अलावा, कंपनी ने बताया कि नए सिरे से डिजाइन किए गए एटम्स 3.0 कार्यक्रम पर्सनलाइज्ड लर्निंग, सेक्टर के जानकार मेंटर और प्रत्येक चयनित स्टार्टअप के लिए पांच लाख डॉलर तक की शुरूआती पूंजी की पेशकश करेगा। साथ ही, समूह में शामिल इन स्टार्टअप को एस्सेल के बढ़ते वैश्विक समुदाय तक पहुंच प्राप्त होगी। एस्सेल में पार्टनर प्रयांक स्वरूप ने कहा, एस्सेल कंपनियों को सफल होने में मदद करने के लिए बहुत शुरूआती चरणों में उनके साथ साझेदारी करने का प्रयास करता है। एक उद्यमी के लिए पहला कदम सबसे चुनौतीपूर्ण यात्रा है, क्योंकि यह व्यवसाय की नींव रखता है - एटम्स 3.0 संस्थापकों के लिए इसी काम को पूरा करने की उम्मीद करता है। समूह 1 और समूह 2 में हमारे संस्थापकों की प्रतिक्रिया के आधार पर - हमने एटम्स 3.0 को एक थीम आधारित समूह प्रोग्राम के रूप में लॉन्च किया है। उन्होंने कहा, एटम्स के साथ खेल का नाम परपिचुअल बीटा है - हम भविष्य में एटम्स प्रोग्राम को और बेहतर बनाने की उम्मीद करते हैं, थीम आधारित समूह स्टार्टअप तैयार करने में हमारे अपने पीएमएफ प्रयोग का हिस्सा हैं। एआई समूह के साथ - एटम्स उन कंपनियों की तलाश कर रही है जो व्यावसायिक एप्लिकेशन के लिए एआई का नए तरीके से इस्तेमाल कर रही हैं तथा ऐसी कंपनियां जो एआई पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए टूल्स तैयार कर रही हैं। एस्सेल ने अतीत में एस्पाइनेडॉटएआई, डबडब, मिहुप, इफेक्टिव, स्केलडॉटएआई और एक्रिडाटा जैसी एआई कंपनियों में निवेश किया है। इंडस्ट्री 5.0 समूह में एटम्स इस औद्योगिक क्रांति को पोषित करने और सक्षम करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी पहले इस क्षेत्र (डिटेक्ट टेक्नोलॉजीज, हैबर वाटर और रिपिक) में सक्रिय रूप से निवेश कर चुकी है। प्रत्येक समूह में कम संख्या में कंपनियां होंगी और इन कंपनियों को सफल होने के लिए तैयार करने में मदद करने के लिए इसकी अपनी अवधि और कार्यप्रणाली होगी।

विदेश

गाजा : इस्राइली हवाई हमले में 13 फिलिस्तीनी मारे गए

एजेंसी। गाजा

मंगलवार को गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमले में इस्लामिक जिहाद आतंकवादी समूह के तीन कमांडरों सहित 13 लोग मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। गाजा में फिलिस्तीनी सुरक्षा अधिकारियों ने शिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि हवाई हमले मुख्य रूप से दक्षिणी गाजा पट्टी और गाजा शहर में राफह और खान यूनिस के कस्बों में इमारतों, सैन्य सुविधाओं और चौकियों पर हुए। इजरायली सेना के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि सेना ने गाजा पट्टी में इस्लामिक जिहाद के खिलाफ सैन्य अभियान शील्ड एंड एरो शुरू किया, जो जारी है। घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए इस्लामिक जिहाद की सैन्य शाखा, अल-कुद्स ब्रिगेड ने कहा कि उसके तीन कमांडर परिवार के साथ मारे गए। इसने उनकी पहचान अल-कुद्स ब्रिगेड की सैन्य परिषद के सचिव जिहाद शकर अल-घन्नम, इसके उत्तरी क्षेत्र के कमांडर खलील सलाह अल-बहतिनी और तारिक मुहम्मद एजेदीन के रूप में की। अल-कुद्स ब्रिगेड ने कहा, जैसा कि हम अपने शहीदों, उनकी पत्नियों और उनके बच्चों के साथ शोक मनाते हैं, हम पुष्टि करते हैं कि शहीदों का खून हमारे संकल्प को बढ़ाएगा। इजराइल रक्षा बल के प्रवक्ता डैनियल हागरी ने कहा कि ऑपरेशन में मारे गए तीन इस्लामिक जिहाद नेता सुरक्षा स्थिरता के लिए एक कमजोर कारक थे। इजरायली सेना ने यह भी कहा कि स्थिति के आकलन के अनुसार, सेना ने गाजा पट्टी के करीब रहने वाले इजरायली निवासियों को गाजा से रॉकेट दागे जाने के डर से 40 किमी की दूरी पर बम आश्रयों के पास रहने का आदेश दिया था। गाजा से संभावित जवाबी रॉकेटों का हवाला देते हुए, इजराइल ने घिरे एन्क्लेव के पास दक्षिणी शहरों में ट्रेन सेवा को रोक दिया। कई समुदायों में, स्थानीय नगर पालिकाओं ने आश्रय खोले, और रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने रिजर्व सैनिकों को बुलाने के लिए अधिकृत किया। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पीड़ितों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। गाजा शहर में रिहायशी इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल और राफह में घर में हवाई हमले में कम से कम 20 अन्य लोग घायल हो गए।

रूस की विक्ट्री-डे परेड में शामिल हुए 10 हजार सैनिक

एजेंसी। मॉस्को

रूस में आज विक्ट्री-डे मनाया जा रहा है। इसी दिन सोवियत यूनियन ने वर्ल्ड वॉर 2 में नाजी जर्मनी को हराया था। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन क्रेमलिन से रेड स्क्वायर पहुंचे जहां परेड का आयोजन किया गया। विक्ट्री डे पर अपनी 10 मिनट की स्पीच के दौरान पुतिन ने कहा- नाजियों की हार को 78 साल बाद एक बार फिर से रूस और पूरी दुनिया पर खतरा मंडरा रहा है। रूस के खिलाफ असली युद्ध की शुरूआत हो चुकी है। पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ चल रही जंग की तुलना नाजियों के साथ हुए युद्ध से की। उन्होंने कहा- यूक्रेन के लीडर्स दुनिया के नए नाजी हैं। यूक्रेन जंग ने वैश्विक समुदाय को एक ब्रेकिंग पॉइंट पर ला दिया है। रूस भविष्य में शांति स्थापित करना चाहता है लेकिन पश्चिमी देश ऐसा नहीं चाहते। वो लगातार लोगों में नफरत और रशोफोबिया (रूस के खिलाफ नफरत और डर) की भावना को बढ़ावा दे रहे हैं। वो सिर्फ हमारे देश को बर्बाद करना चाहते हैं। यूक्रेनी नागरिक पश्चिमी देशों के बुरे मंसूबों के गुलाम बन गए हैं। विक्ट्री डे सेलिब्रेशन में उन 6 देशों ने भी हिस्सा लिया जो कभी सोवियत संघ में शामिल थे।

पेज एक के शेष

राजधानी में ...

कि इसी कार्यालय से सभी तरह के नोटिस, वारंट, समन राजधानी के सभी तक स्कैन कॉपी फार्मेट में भेज दिया जाए। थानों में कागजात रिसीव हुए कि नहीं यह सॉफ्टवेयर के जरिए तुरंत जानकारी मिल जाएगी। सॉफ्टवेयर को उसी तरह से डेवलप किया गया है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जैसे ही कोर्ट से वारंट जारी होगा वैसे ही उसे संबंधित थाना को भेज दिया जाएगा। संबंधित थाना के कर्मियों के द्वारा उसका हार्ड कॉपी निकाल कर और उसका तमिला करवा कर वापस स्कैन कर कोर्ट रूम में स्थित पुलिस कार्यालय को भेज देंगे जिसके बाद पुलिसकर्मी उसके ओरिजिनल कॉपी के साथ था मिला करवाए गए वारंट की कॉपी को अदालत में सौंप देंगे।

पूर्व सब जोनल कमाडंर ...

गठन किया गया था। एसआईटी ने इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया गया है। पुलिस ने इस हत्या में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में फूलदेव भुइयां (बिदिर, हेरहंज) व पिंटू भुइयां (हेबना, बालूमाथ) शामिल हैं। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। हेरहंज पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार ने मंगलवार को इस आशय की जानकारी एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होने बताया कि एसआईटी ने मानवीय और तकनीकी जानकारी के आधार पर मामले की जांच शुरू की। अनुसंधान में पता चला कि युवक की हत्या प्रेम प्रसंग में की गयी है। टीम ने छापामारी कर एक नाबालिग किशोरी को निरुद्ध कर इस हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लुंगी, पेचकस और एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

डीजल से चलनेवाले ...

स्वीकार नहीं किया है। डीजल बस समिति ने कहा, लगभग 10 वर्षों में शहरी क्षेत्रों से डीजल बसें हटानी होंगी। मध्यवर्ती अवधि में इसके विकल्प के रूप में इथेनॉल-मिश्रित ईंधन को नीतिगत समर्थन देने की आवश्यकता है। दो और तीन पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की तैयारी करनी होगी। इसने कारों और टैक्सियों सहित चार पहिया वाहनों को आंशिक रूप से इलेक्ट्रिक व इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल में स्थानांतरित करने की सिफारिश की है।

क्या किसी को शादी ...

देता है और गारंटी देता है, कुछ भी प्रदान नहीं किया जाता है। हम स्वतंत्र नागरिक हैं। हमने इसे अपने ऊपर ले लिया है.. यहां तक कि कानून ने भी केवल विवाह के अधिकार को निहित माना है। यदि हम कहते हैं कि विवाह का अधिकार निहित है तो यह संविधान का हिस्सा है। आप इसे (अनुच्छेद) 19 या 21ए में ढूंढ सकते हैं।न्यायमूर्ति भट ने कहा, जिस क्षण आप परंपरा लाते हैं, संविधान स्वयं एक परंपरा तोड़ने वाला होता है। क्योंकि पहली बार जब आप (अनुच्छेद) 14 लाए, आप 15 और 17 लाए, तो वे परंपराएं टूट गईं।पीठ ने सवाल किया, अगर उन परंपराओं को तोड़ा जाता है, तो जाति के मामले में हमारे समाज में क्या पवित्र माना जाता है?हमने एक सचेत (निर्णय) किया है .. और कहा कि हम इसे नहीं चाहते हैं। संविधान में अस्पृश्यता को गैरकानूनी घोषित करना। लेकिन साथ ही हमें इस तथ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए कि विवाह की अवधारणा विकसित हो गई है।द्विवेदी ने कहा कि मुद्दा यह है कि ये सभी सुधार विधायिका द्वारा महिलाओं और बच्चों के हित के लिए किए गए हैं और वे विवाह की सामाजिक संस्था के मूल पहलू को नहीं बदलते हैं।द्विवेदी ने तर्क दिया कि विवाह का मुख्य पहलू होता है गुजारा भत्ता, तलाक, और अंततः विवाह विषमलैंगिक ही रहते हैं। पीठ ने कहा कि यह कहना कि संविधान के तहत शादी करने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है, दूर की कौड़ी होगी। शादी के मूल तत्व क्या हैं? यदि आप प्रत्येक तत्व को देखते हैं, तो प्रत्येक संवैधानिक मूल्यों द्वारा संरक्षित है।

लोग बेहाल

सूडान में लड़ाई जारी, लोगों को हो रही बिजली-पानी की दिक्कत

युद्ध विराम चर्चा के बाद भी कोई बदलाव नहीं

एजेंसी। खार्तूम

सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्टिव फोर्स (आरएसएफ) के बीच बातचीत के बावजूद राजधानी खार्तूम में सशस्त्र संघर्ष अभी भी जारी है। एसएएफ कमांडर अब्देल फत्ताह अल-बुरहान ने सोमवार को एक फोन साक्षात्कार में मिस्र के अल काहेरा न्यूज को बताया कि खार्तूम को छोड़कर पूरे सूडान में स्थिति ठीक है। खार्तूम में स्थायी युद्धविराम पर पहुंचने के बाद हम किसी समझौते पर चर्चा कर सकते हैं। बुरहान को यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि अगर खार्तूम में विभाजन होता है तो युद्ध सूडान के बाकी हिस्सों में फैल सकता है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सोमवार को एक बयान में एसएएफ के हवाले से कहा, हमारी सेना बाहरी (खार्तूम उत्तर) में विद्रोही मिलिशिया के एक समूह से भिड़ गई और चार सशस्त्र वाहनों को नष्ट कर दिया, जबकि दुश्मन भाग गए। खार्तूम में मंगलवार को भी सुबह-सुबह गोलियों की आवाज सुनी जा सकती है। खार्तूम में एक समाचार एजेंसी शिन्हुआ के संवाददाता के अनुसार, सशस्त्र बलों के लड़ाकू विमानों ने शहर के ऊपर उड़ान भरी और आरएसएफ ने जवाब में एंटी-एयरक्राफ्ट गन्स दागीं। एसएएफ ने आरएसएफ सैनिकों पर बैंकों और दुकानों को लूटने का आरोप लगाया, साथ ही नागरिकों के घरों में धावा बोलने और आवासीय इलाकों में उनकी संपत्तियों को लूटने का आरोप लगाया, जहां आरएसएफ के लड़ाके तैनात हैं। एसएएफ ने नागरिकों को संघर्ष क्षेत्रों से दूर रहने और किसी भी अज्ञात धातु की वस्तु के पास जाने से बचने की चेतावनी दी, जब तक कि तकनीकी दल उनसे निपटने के लिए नहीं आते। इस बीच, सऊदी अरब के एक अनाम राजनयिक ने सोमवार को मीडिया को बताया कि जेद्दा में दो युद्धरत पक्षों के बीच बातचीत तीसरे दिन में प्रवेश कर चुकी है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
आरसीटी
पायरिया का ईलाज
टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
स्माईल डिजाइन
इनविजिवल क्लिप
दंत रोपण
फिक्स दाँत लगाना
अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

पीएम मोदी का आज राजस्थान दौरा

नई दिल्ली। कर्नाटक में चुनाव प्रचार के खत्म होने के बाद अब भाजपा आलाकमान मिशन राजस्थान में जुटने जा रहा है। कर्नाटक की जनता जब आज अपनी नई सरकार चुनने के लिए वोट कर रही होगी तो उसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान में प्रदेश की जनता को 5500 करोड़ रुपये से अधिक की परियाजनाओं की सौगात दे रहे होंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी किए गए बयान में यह बताया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी आज राजस्थान का दौरा करेंगे।

डोभाल ने यूएस, यूएई के एनएसए से मुलाकात की

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने 7 मई को अमेरिका के साथ-साथ यूएई के अपने समकक्षों और सऊदी अरब में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से भी मुलाकात की। व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, बैठक भारत और दुनिया के साथ जुड़े अधिक सुरक्षित और समृद्ध मध्य पूर्व क्षेत्र की उनकी साझा दृष्टि को आगे बढ़ाने के लिए आयोजित की गई थी।

जयशंकर से मिले इजरायल के विदेश मंत्री कोहेन

नई दिल्ली। इजरायल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने मंगलवार को विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से मुलाकात की। इजरायल में सुरक्षा स्थिति को लेकर कोहेन ने अपनी भारत की तीन दिवसीय यात्रा को छोटा कर दिया है। वे आज प्रधानमंत्री से मिलकर स्वदेश लौट जायेंगे। विदेश मंत्री ने एक ट्वीट कर कहा कि मंत्री एली कोहेन का भारत में स्वागत है।

शाह ने किया भारत-बांग्लादेश सीमा पर मैत्री गेट का शिलान्यास, कहा-

हमारे संबंधों को कोई कमजोर नहीं कर सकता : अमित शाह

एजेंसी। कोलकाता

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अपने एकदिवसीय कोलकाता दौरे के दौरान उत्तर 24 परगना के पेट्रापोल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर दूसरे मैत्री गेट का शिलान्यास किया। भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण की ओर से बनाए जा रहे इस गेट के जरिए भारत-बांग्लादेश के बीच मालवाहक वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित होगी। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि इससे भारत और बांग्लादेश के व्यापारिक रिश्ते और मजबूत होंगे तथा दोनों देशों में कारोबार को बढ़ावा मिलेगा।

मंगलवार को यहां संबोधन करते हुए शाह ने कहा, भारत और बांग्लादेश का भाषाई और सांस्कृतिक तौर पर गहरा संबंध है। और कोई भी दोनों देशों के बीच अच्छे द्विपक्षीय संबंधों को कमजोर नहीं कर सकता। हमारी संस्कृति, धर्म, रीति-रिवाज और जीवन शैली हजारों वर्षों से आपस में जुड़ी हुई है। कोई भी बांग्लादेश के साथ हमारे संबंधों को कभी तोड़ नहीं सकता है। भारत ने बांग्लादेश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बीएसएफ ने 1971 के मुक्ति संग्राम में एक प्रमुख भूमिका निभाई है।

उन्होंने बीएसएफ की बहादुरी का जिक्र करते हुए कहा कि 1971 के युद्ध में बीएसएफ ने ना केवल सीधे तौर पर भाग लिया बल्कि बांग्लादेशी मुक्ति वाहिनी के योद्धाओं को प्रशिक्षण भी दिया।

शाह ने पड़ोसियों के साथ संबंधों को मजबूत करने में भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2016-17 में प्राधिकरण के माध्यम से 18 हजार करोड़ रुपये का व्यापार अब 30 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है, बल्कि हमारी सीमाओं पर राष्ट्र के एक राजदूत के रूप में भी कार्य करता है। यह हमारे पड़ोसियों के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद करता है।

पड़ोसी देशों से सटी सीमा को मजबूत करने के केंद्र सरकार के दावे को बल देते हुए उन्होंने कहा कि 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद सीमा पर बुनियादी ढांचे बेहद मजबूत किए गए हैं। उन्होंने कहा, हमारी नीति स्पष्ट है। हम कारोबार और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में मजबूत बुनियादी ढांचा और बेहतर संपर्क चाहते हैं।

नीतीश सरकार को झटका

जातीय गणना पर जल्द सुनवाई करने की अर्जी खारिज दी

एजेंसी। पटना

पटना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को जाति आधारित गणना के मामले की जल्द सुनवाई करने की बिहार सरकार की अर्जी खारिज कर दी। इसे नीतीश सरकार के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। उच्च न्यायालय ने 4 मई को जाति आधारित गणना मामले पर सुनवाई करते हुए इस पर अंतरिम रोक लगाते हुए मामले को अगली सुनवाई 3 जुलाई को निर्धारित की है। इस मामले में बिहार सरकार ने शीघ्र सुनवाई की मांग करते हुए उच्च न्यायालय के समक्ष एक आवेदन दिया था, जिसमें कहा गया था कि इसकी अहमियत को देखते हुए इस पर जल्द सुनवाई की अपील की थी। उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सरकार के आवेदन को खारिज करते हुए साफ कर दिया कि इस मामले में कोई जल्दबाजी नहीं है और याचिकाओं पर केवल 3 जुलाई को सुनवाई की जाएगी।

ओडिशा : कालाहांडी में मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए

एजेंसी। भुवनेश्वर

ओडिशा के कालाहांडी जिले के वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान तीन माओवादियों को मार गिराया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में डीएसपी रैंक के एक पुलिस अधिकारी को भी गोली लगी है। मुठभेड़ कालाहांडी जिले के मदनपुर-रामपुर थाना क्षेत्र के तपरेंगा-लुबेंगड़ जंगल में हुई। डीजीपी सुनील बंसल ने मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए कहा, एम. रामपुर थाना क्षेत्र से मुठभेड़ की सूचना मिली। हमने तीन माओवादियों के शव बरामद किए हैं। एक एके -47 की जब्ती से पता चलता है कि वह वरिष्ठ माओवादी कैडर हो सकते हैं। बंसल ने कहा, मुठभेड़ में एक पुलिस अधिकारी भी गोली लगने से घायल हो गया, लेकिन वह खतरे से बाहर है, हम उसे बेहतर इलाज के लिए भुवनेश्वर ले जा रहे हैं। इलाके में और तलाशी अभियान जारी है।

राहुल गांधी को सजा देने वाले जज के पदोन्नति में बदला गया क्राइटेरिया?

मामला पहुंचा सर्वोच्च न्यायालय, हुई सुनवाई

क्राइटेरिया थी - 'मेरिट कम सीनियॉरिटी'

कर दिया गया- 'सीनियॉरिटी कम मेरिट'

ब्यूरो। नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात के 68 ज्यूडिशियल अफसरों के जिला जज कैडर में पदोन्नति को चुनौती वाली याचिका पर सुनवाई पूरी कर ली है। उच्चतम न्यायालय ने फैसला रिजर्व रख लिया है। गुजरात सरकार के ही दो न्यायिक अफसरों ने 65% प्रमोशन कोटा के तहत हुए 68 जजों के प्रमोशन को चुनौती दी थी। प्रमोशन पाने वाले जजों में सूरत के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हरीश हसमुखभाई वर्मा भी शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि से जुड़े मामले में 2 साल कैद की सजा सुनाई थी। इसी फैसले के बाद राहुल गांधी की सांसदी खत्म हो गई।

सर्वोच्च न्यायालय में जिन अफसरों ने याचिका दायर की है उनका नाम रवि कुमार मेहता और सचिन प्रताप राय मेहता है। दोनों सीनियर सिविल जज कैडर के अफसर हैं और खुद 65 प्रतिशत प्रमोशन कोटा के लिए हुई परीक्षा में शामिल हुए थे। गुजरात सरकार के लीगल डिपार्टमेंट में अंडर सेक्रेटरी रवि कुमार मेहता को 200 अंकों की परीक्षा में 135.5 अंक मिले थे। वहीं, गुजरात स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी में असिस्टेंट डायरेक्टर सचिन प्रताप राय मेहता ने 200 में से 148.5 अंक हासिल

गुजरात हाईकोर्ट की बनाई क्राइटेरिया को बदलकर जुर्म किया

गुजरात हाईकोर्ट के मूल नोटिफिकेशन में 65% प्रमोशन कोटा के लिए मानक तय किये गए थे। इस नोटिफिकेशन के पहले ही पैराग्राफ में साफ-साफ लिखा है कि सीनियर सिविल जज से डिस्ट्रिक्ट जज कैडर में प्रमोशन के लिए सूटेबिलिटी टेस्ट यानी परीक्षा के साथ-साथ 'मेरिट कम सीनियॉरिटी' ही आधार होगा। गुजरात हाईकोर्ट के नोटिफिकेशन के मुताबिक 65% प्रमोशन कोटा के तहत 200 अंकों की परीक्षा होती है। जिसमें 100 अंकों का रिटेन टेस्ट होता है। इसके अलावा 60 और 20-20 अंकों के दो एसेसमेंट होते हैं, जो एनुअल कॉन्फिडेंशियल रिपोर्ट), पिछले 5 सालों में केसेज के डिस्पोजल और एक साल के दौरान दिये गए जजमेंट पर केंद्रित होते हैं।

किये थे। दोनों अफसरों का आरोप है कि परीक्षा में उनसे कम अंक हासिल करने वाले जजों का जिला जज कैडर में सेलेक्शन हो गया। जबकि ज्यादा अंक हासिल करने वाले कई अभ्यर्थी छंट गए। 100.50 अंक वाले कैंडिडेट का भी सेलेक्शन हो गया। गुजरात हाईकोर्ट ने 10 मार्च 2023 को 65 प्रतिशत कोटा के तहत प्रमोशन के योग्य पाए गए 68 जजों की लिस्ट जारी की थी। इस लिस्ट के अनुसार 100 से थोड़ा ज्यादा अंक हासिल करने वाले अभ्यर्थियों का भी सेलेक्शन हुआ है। लिस्ट में 100.50, 100.83, 102, 102.50 अंक हासिल करने वाले अभ्यर्थी भी हैं, जिन्हें प्रमोशन मिला है। यदि राहुल गांधी को सजा सुनाने वाले जज हरीश हसमुखभाई वर्मा की बात करें तो उन्हें इस परीक्षा में 200 अंकों में से 127 अंक मिले थे। जस्टिस वर्मा को डिस्ट्रिक्ट जज कैडर में प्रमोशन से करीब ढाई महीने पहले, 29 दिसंबर, 2022 को ही एडिशनल सीनियर सिविल जज व एडिशनल चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट से चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट व एडिशनल सीनियर सिविल जज के तौर पर प्रमोट किया गया था।

दोनों अफसरों ने सर्वोच्च न्यायालय में यह दलील भी दी है कि 68 जजों के प्रमोशन में निर्धारित क्राइटेरिया का पालन ही नहीं किया गया है। आरोप है कि प्रमोशन के लिए परीक्षा के साथ-साथ 'मेरिट कम सीनियॉरिटी' क्राइटेरिया रखी गई थी, लेकिन सेलेक्शन 'सीनियॉरिटी कम मेरिट' आधार पर हुआ। इससे योग्य और ज्यादा अंक वाले बाहर हो गए।

चीन में छात्रों की परफॉर्मेंस ट्रैक करने के लिए एआई की तकनीक का इस्तेमाल

आरएनएम। नई दिल्ली

'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' द्वारा बनाया एक वीडियो इन दिनों चर्चा में है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे चीन के स्कूल, स्टूडेंट्स और उनकी परफॉर्मेंस को ट्रैक करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। वीडियो में स्कूल के स्टूडेंट्स को एआई हेडबैंड पहने हुए दिखाया गया है, जो ये माप सकता है कि कौन सबसे अच्छा फोकस कर सकता है। हेडबैंड की मदद से उनकी अटेंशन को डॉक्यूमेंट की तरह बनाकर उस डेटा को रिपोर्ट में कन्वर्ट कर सकते हैं, जिसे पैरेंट्स और टीचर्स के साथ शेयर किया जा सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, ये हेडवियर ब्रेन के न्यूरॉन्स के इलेक्ट्रिक सिग्नल्स को मापता है और एल्गोरिदम का इस्तेमाल करके अटेंशन स्कोर में ट्रांसलेट करता है। इस वीडियो में ये भी दिखाया गया है कि स्कूल में रोबोट अटेंडेंस लेते हैं, पढ़ाते हैं और बच्चों के बिहेवियर का एनालिसिस करते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, स्टूडेंट्स ऐसी यूनिफॉर्म पहनते हैं, जिसमें ऐसी चिप्स लगी हैं, जो उनकी लोकेशन का पता लगा सकते हैं। इस वीडियो पर रिएक्ट करते हुए एआर रहमान ने ट्विटर पर लिखा, 'मुझे नई पीढ़ी पर दया आती है... क्या वे एक ही समय में धन्य और शापित हैं? सिर्फ वक्त ही बताएगा।

गहलोत-पायलट के बीच जारी घमासान

सामने आई भाजपा नेताओं की भी अंतर्कलह

एजेंसी। नई दिल्ली

राजस्थान में वर्तमान में सरकार चला रही कांग्रेस और भविष्य में सरकार बनाने का दावा कर रही भाजपा, दोनों ही राजनीतिक दलों में नेताओं के बीच जोर-शोर से घमासान जारी है। कांग्रेस में तो पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट 11 मई से जन संघर्ष पद यात्रा निकालने का ऐलान कर गहलोत के खिलाफ खुल कर मैदान में उतर गए हैं, तो वहीं भाजपा नेताओं के बीच शह और मात का खेल अभी जारी है। सचिन पायलट राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा में सीएम पद की सबसे बड़ी दावेदार वसुंधरा राजे सिंधिया के कार्यकाल में भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए गहलोत पर इसकी जांच नहीं करवाने का आरोप लगा रहे हैं। अब तो पायलट यह भी बोल रहे हैं कि अशोक गहलोत की नेता सोनिया गांधी नहीं बल्कि वसुंधरा राजे हैं। जाहिर है कि सचिन पायलट एक साथ गहलोत और वसुंधरा दोनों को निशाना बना रहे हैं। लेकिन कांग्रेस में मचे इस घमासान के बीच भाजपा में मुख्यमंत्री पद के एक और बड़े दावेदार एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत बार-बार अपनी ही पार्टी को यह सलाह देते नजर आ रहे हैं कि सचिन पायलट जनाधार वाले नेता है और अगर वे भाजपा की रीति-नीति में विश्वास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना नेता मानते हैं तो भाजपा को बांहे फैलाकर सचिन पायलट का पार्टी में स्वागत करना चाहिए। इस बयान के कई दिन बाद पत्रकारों द्वारा सचिन पायलट को दिए गए, उनके आमंत्रण के बारे में फिर से पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए शेखावत ने फिर से यही दोहराया कि कोई सामर्थ्यवान आदमी जिसके साथ में हजारों लोग जुड़े हैं वो अगर भाजपा की नीति-रीति में विश्वास करते हुए, भाजपा के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करके पार्टी के साथ जुड़े तो पार्टी को बांहे पसारकर उनका स्वागत करना चाहिए। दरअसल, राजस्थान में गुटों में बंटी भाजपा में नेताओं के बीच आपसी घमासान जारी है।

FILMY हलचल

बड़े मियां छोटे मियां 2024 में ईद पर होगी रिलीज

बॉलीवुड फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 2024 में ईद पर रिलीज होगी। निमार्ताओं ने रिलीज की तारीख की घोषणा की है। यह फिल्म बालीवुड एक्टर अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और पृथ्वीराज सुकुमारन अभिनीत है। पूजा एंटरटेनमेंट ने पिक्चर जारी की, जिसमें फिल्म की झलक दिखाई देती है। अक्षय और टाइगर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक एक्सक्लूसिव बिहाइंड द सीन इमेज भी शेयर की, जो फिल्म के हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस में से एक की झलक दिखाती है। निर्देशक अली अब्बास जफर ने साझा किया: मैं इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनकर खुश हूं।

रोहित रॉय पहली बार किसी रियलिटी शो में

लोकप्रिय एक्टर रोहित रॉय पहली बार किसी रियलिटी शो में नजर आएंगे। रोहित ने अपने करियर में टीवी शो, फिल्मों और वेब सीरीज में काम किया है, जहां आमतौर पर अभिनेताओं को रिहर्सल करने और स्टंट करने के लिए फिर से काम करना पड़ता है।वह खतरों के खिलाड़ी के 13वें सीजन में भाग ले रहे हैं, जिसे वह एक रियलिटी शो के रूप में नहीं बल्कि एड्रेनालाईन रश के रूप में देखते हैं। हालांकि, फिल्म निमार्ता रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो में यह संभव नहीं है। रोहित ने कहा, बहुत घबराहट होती है। हम स्क्रीन पर हीरो हो सकते हैं और मैंने अपनी फिल्मों में अपने सभी स्टंट खुद किए हैं, यही वजह है कि मेरे शरीर की लगभग हर दूसरी हड्डी में चोट लगती रहती है।

सलमान और शाहरुख फिर जुडेंगे टाइगर-3 में

बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान अब 8 मई से टाइगर 3 के सेट पर फिर से जुड? के लिए तैयार हैं। सूत्रों के मुताबिक, दो सुपर जासूस - टाइगर और पठान - टाइगर में एक मेगा-बजट एक्शन सीक्वेंस के लिए फिर से मिलेंगे। आदित्य चोपड़ा टाइगर 3 में इस विशाल एक्शन सेट को बनाने के लिए 35 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। जब आपके पास एसआरके और सलमान एक फ्रेम में होते हैं, तो विचार हमेशा एक प्रतिष्ठित सिनेमाई अनुभव बनाने का होता है जैसा पहले कभी नहीं हुआ। पठान में सब कुछ ठीक हो गया और अब, आदित्य चोपड़ा टाइगर 3 के साथ चीजों को अगले स्तर पर ले जाने की योजना बना रहे हैं। वह इन दोनों को पेश करने के लिए 35 करोड़ रुपये खर्च करके बड़े पैमाने पर एड्रेनालाईन-पंपिंग एक्शन सीक्वेंस करने जा रहे हैं, जो सम्भवत एक्शन सीन्स की दुनिया में पहले कभी नहीं देखा गया होगा। टाइगर 3 वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म है और दुनिया भर में बड़े पर्दे पर दिवाली 2023 पर प्रदर्शित होने जा रही है।

खुलासा

कर्नाटक चुनाव में 375 करोड़ रुपये जब्त

2018 की तुलना में 4.5 गुना अधिक : ईसीआई

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को कहा कि 10 मई को होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान कुल 375 करोड़ रुपये की जब्ती की गई, जबकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दक्षिणी राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 288 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। चुनाव आयोग ने यह खुलासा 8 मई को प्रचार समाप्त होने के एक दिन बाद किया। कर्नाटक में 10 मई को मतदान होना है और मतों की गिनती 13 मई को होगी।

पोल पैनल के अनुसार, पिछले कुछ चुनावों से 'प्रलोभन-मुक्त' चुनावों पर इसका जोर जारी रहा है और कर्नाटक के चुनाव वाले राज्य

में चुनाव खर्च की निगरानी के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं।

2018 के विधानसभा चुनाव की तुलना में राज्य में रिकॉर्ड की गई बरामदगी में 4.5 गुना की वृद्धि हुई है। इसने बताया कि कड़ी निगरानी, व्यापक निगरानी, पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय और अंतर-एजेंसी समन्वय ने इस बार कर्नाटक में चेकिंग फ्लो और डिस्ट्रीब्यूशन की जांच की है। पोल पैनल ने कहा कि उसने 147.46 करोड़ रुपये की नकदी और 83.66 करोड़ रुपये की शराब जब्त की है। इसने आगे कहा कि ड्रग्स की कीमत 23.6 करोड़ रुपये, कीमती धातुएं 96.6 करोड़ रुपये और 24.21 करोड़ रुपये की मुफ्त चीजें हैं। चुनाव आयोग ने कहा, 2023 में, उसने कुल 375 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की, जो 2018 के विधानसभा चुनावों में 83.93 करोड़ रुपये की तुलना में 4.5 गुना अधिक है। इसने कहा कि इसके अतिरिक्त, मार्च, 2023 के दूसरे सप्ताह में आयोग के दौरे की तारीख से चुनाव की घोषणा की तारीख तक, चुनाव वाले राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 83.78 करोड़ रुपये की जब्ती भी की गई। चुनाव आयोग ने कहा, ईडी ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 288 करोड़ रुपये की संपत्ति भी कुर्क की है। इसने यह भी कहा कि उल्लेखनीय बरामदगी में कोलार जिले के बंगारापेट एसी में 4.04 करोड़ रुपये की नकदी की जब्ती, हैदराबाद में अवैध रूप से अल्प्रोजोलम बनाने वाली लैब पर छापा मारना और एनसीबी द्वारा की गई ट्रेल मैपिंग, बीदर जिले में जब्त 100 किलोग्राम गांजा सहित सभी जिलों से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई है। व्यय निगरानी की एक और उल्लेखनीय विशेषता मुफ्त उपहारों की भारी जब्ती रही है। कलबुर्गी, चिकमंगलूर और अन्य जिलों से साड़ियां और खाने के किट जब्त किए गए हैं। बैलहोंगल और कुनिगल और अन्य एसी से भारी मात्रा में प्रेशर कुकर और रसोई के उपकरण भी जब्त किए गए।

सुकेश ने केजरीवाल पर लगाया धमकाने और उत्पीड़न करने का आरोप

नई दिल्ली। जेल में बंद कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर ने आप सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर उन्हें और उनके परिवार को धमकाने का आरोप लगाते हुए एक पत्र लिखा है। मंडोली जेल में बंद चंद्रशेखर के मुताबिक पिछले दो दिनों में जेल अधिकारियों और केजरीवाल के सहयोगियों के जरिए ये धमकियां भेजी गई हैं। मंगलवार को जारी अपने पत्र में चंद्रशेखर ने कहा- आप (अरविंद केजरीवाल) देश के कानून के लिए बिल्कुल भी सम्मान नहीं करते हैं और पिछले दो दिनों से जेल अधिकारियों के माध्यम से मुझे धमकियां भेज रहे हैं और मेरे परिवार के सदस्यों को भी धमकी दे रहे हैं।